हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 01.11.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 96 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## दुलारचंद की हत्या पर मोकामा में बवाल, शव यात्रा के दौरान चली गोलियां, पत्थरबाजी भी हुई

एजेंसी

**मोकामा :** मोकामा सामाजिक कार्यकर्ता और जनसुराज के प्रत्याशी पीयूष प्रियदर्शी के समर्थक दुलारचंद यादव की अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। दोपहर में दुलारचंद की अंतिम यात्रा निकाली गई। इसमें दर्जनों लोग लाठी-डंडे लेकर निकले। गुस्साए लोगों ने 'अनंत सिंह को फांसी दो' के नारे लगाए। मृत गुलाबचंद के परिजनों का कहना है कि सब लोगों ने देखा कि किस तरह से इस वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस से अपील है वह जल्द से जल्द अनंत सिंह को गिरफ्तार करे। इधर, घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पंडारक में सुबह से ही मृत दुलारचंद की हत्या से गुस्साए लोगों ने एक भी दुकानें नहीं खुलने नहीं दी। इधर, राजद प्रत्याशी पत्नी वीणा देवी ट्रैक्टर में सवार होकर पोस्टमॉर्टम के लिए निकली। उन्होंने हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

### पंडारक में हवाई फायरिंग की बात को पुलिस ने कहा अफवाह

इस बीच एक वीडियो सामने आया है, जिसमें कई लोग गाड़ी के



काफिले के पीछे भाग रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि मृत दुलारचंद के समर्थकों आक्रोशित हो गए और अनंत सिंह के समर्थकों को खदेड़ दिया। गुस्साए लोगों ने जमकर रोड़ेबाजी की है। इसमें कुछ लोग चोटिल भी हुए हैं। गुस्साए लोगों ने बंद दुकानों की शटर, कुछ गाड़ियों पर भी पथराव किया। इतना नहीं कुछ लोगों ने हवाई फायरिंग होने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस गोलीबारी की बात को अफवाह बता रही है। फिलहाल पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान ने मोर्चा संभाल लिया है। पटना पुलिस का कहना है कि अफवाहों पर ध्यान न दे। हत्या के बाद अनंत सिंह समेत पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। पुलिस टीम लगातार कैंप कर रही है।

### पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने दर्ज की तीन एफआईआर

एसपी ने बताया कि इस मामले में अब तक तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और पत्थरबाजी में शामिल दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। अनंत सिंह पर कार्रवाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में दुलारचंद यादव को पैर में गोली लगने की पुष्टि हुई है, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी।

### अनंत सिंह बोले- यह सब सूरजभान सिंह की साजिश है

बता दें कि दुलारचंद यादव की हत्या मामले में जनता दल यूनाईटेड के प्रत्याशी बाहुबली अनंत सिंह समेत पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मृत दुलारचंद यादव के पोते के लिए आवेदन पर अनंत सिंह, दो भतीजों रणवीर सिंह, कर्मवीर सिंह, करीबी छोटन सिंह और कंजय सिंह पर नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया। इधर, अनंत सिंह ने कहा है कि उनके ऊपर लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद हैं। यह सब राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी वीणा देवी के पति सूरजभान सिंह की साजिश है। उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन, जनता सब जानती है।

### तेजस्वी यादव ने मोकामा हत्याकांड पर उठाए सवाल

मोकामा में हुई गोलीबारी और हत्या की घटना पर राघोपुर से राजद उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। तेजस्वी ने सवाल उठाया कि आखिर 40 गाड़ियों का काफिला हथियारों से लैस होकर कैसे घूम रहा था? उन्होंने चुनाव आयोग और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पूछा कि अब तक इस मामले में क्या कार्रवाई हुई है। तेजस्वी ने कहा कि चुनाव आयोग को तुरंत इसका संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि जनता डर के माहौल में वोट नहीं डाल सकती, इसलिए प्रशासन को निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

## हेमन्त सोरेन विधायक ममता देवी के घर पहुंच उनके ससुर को दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को रामगढ़ विधायक ममता देवी के दुलमी प्रखंड, होहद गांव स्थित आवास पहुंचे। वहां उन्होंने विधायक ममता देवी के ससुर स्मृति शेष-स्व० सरयु महतो जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने ममता देवी एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा



उनका ढांढ़स बंधाया।

इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो सहित अन्य विधायकगण एवं कई गणमान्य लोगों ने भी स्मृति शेष-स्व० सरयु महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

विदित हो कि विगत 20 अक्टूबर 2025 को रामगढ़ विधायक ममता देवी के ससुर सरयु महतो का निधन हो गया था। स्व० सरयु महतो जी अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र, एक पुत्री, दो पुत्रवधु सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## मुख्यमंत्री से बोकारो डीसी-एसपी व झारखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य ने की मुलाकात

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक बोकारो हरविंदर सिंह ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने बोकारो जिले के टीटीपीएस ललपनिया में आगामी 04 एवं 05 नवंबर को आयोजित "लुगू बुरु





घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव-2025" में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से "लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव-2025" की तैयारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी ली तथा कई अहम निर्देश तथा सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने दोनों अधिकारियों को आयोजन की सफलता के लिए अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही झारखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ० जमाल अहमद ने भी मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्रीको उन्होंने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्मृति-शेष दिशोम गुरु स्व० शिबू सोरेन जी के संघर्ष एवं जीवन पर लिखी पुस्तक "बाबा-ए-झारखंड" सप्रेम भेंट की।

### एक नजर

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की भूटान यात्रा रद

**सिलीगुड़ी :** खराब मौसम के कारण केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की भूटान यात्रा रद होने के बाद उन्होंने सिलीगुड़ी में रात्रि विश्राम किया और शुक्रवार सुबह दिल्ली लौट गई। एक दिन पूर्व भूटान के पारो हवाई अड्डे पर उतरने में विफल रहने के बाद वित्त मंत्री के विमान की बागडोगरा हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करवाई गई। सिलीगुड़ी के एक होटल में रात भर रुकने के बाद वित्त मंत्री शुक्रवार सुबह बागडोगरा हवाई अड्डे पर पहुंची। जहां भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने वित्त मंत्री का स्वागत किया। इसके बाद वित्त मंत्री दिल्ली के लिए रवाना हो गई। सीतारमण की यह यात्रा पहले से निर्धारित थी और 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक चलनी थी। इस यात्रा के तहत वह भूटान के साथ भारत के आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेने वाली थीं।

## भारत से 1794 श्रद्धालु पाकिस्तान में गुरुधामों की यात्रा पर जाएंगे

**चंडीगढ़ :** गुरु नानक देव जी की जयंती पर भारत से 1794 श्रद्धालु पाकिस्तान में गुरुधामों की यात्रा पर जाएंगे। भारत-पाक तनाव के कारण कई माह तक बार्डर बंद होने के कारण बीच यात्रा स्थगित हो गई थी। अब हालात सामान्य होने के बाद यात्रा शुरू की जा रही है। पाकिस्तान जाने वाले सभी श्रद्धालु शुक्रवार को अमृतसर स्थित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) कार्यालय पहुंचे। यहां सभी औपचारिकताओं के बाद श्रद्धालुओं को पासपोर्ट दिए गए। गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन के लिए रवाना होने वाले जत्थे के इंचार्ज कुलविंदर सिंह ने बताया कि इस बार संगत में अत्यधिक उत्साह और खुशी है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने केवड़िया में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**केवड़िया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के एकता नगर में नर्मदा नदी पर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर एकता नगर में एक भव्य परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें भारत की विविधता में एकता को दशार्या गया। सरदार पटेल के सम्मान में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' 2014 के बाद से हर साल 31 अक्टूबर को मनाया जाता है, जो राष्ट्रीय अखंडता, एकता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा करने की शपथ ली। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, मैं अपने देश की एकता और अखंडता





की रक्षा करने की शपथ लेता हूं और इसके लिए स्वयं को समर्पित करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने सुबह लगभग 8 बजे प्रतिमा पर प्रार्थना की और पुष्पांजलि अर्पित की। वे 'राष्ट्रीय एकता दिवस' परेड में शामिल हुए, जिसमें बीएसएफ, सीआरपीएफ और राज्य पुलिस बलों समेत अलग-अलग टुकड़ियों ने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया।

इससे पहले, उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'भारत सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता है। वे भारत के एकीकरण के पीछे प्रेरक शक्ति थे, इस प्रकार उन्होंने हमारे राष्ट्र के प्रारंभिक वर्षों में इसके भाग्य को आकार दिया। राष्ट्रीय अखंडता, सुशासन और जनसेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। हम एकजुट, मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के उनके दृष्टिकोण को बनाए रखने के अपने सामूहिक संकल्प की भी पुष्टि करते हैं।' एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने उन्हें भारत की एकता का निमार्ता बताया। उन्होंने कहा, सरदार पटेल में लोगों को एकजुट करने की अद्वितीय क्षमता थी, यहां तक कि उन लोगों को भी जिनसे उनके वैचारिक मतभेद थे।

## झारखंड के आईपीएस अधिकारी अमोल होमकर और माइकल राज सहित 14 अन्य को केंद्रीय गृह मंत्रालय दक्षता पदक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत लुगु पहाड़ पर 21 अप्रैल को एक करोड़ के इनामी विवेक सहित आठ माओवादियों को मुठभेड़ में मार गिराने वाली राज्य पुलिस की पूरी टीम को केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक 2025 से अलंकृत किया गया है। पदक पाने वाली टीम में दो पुलिस महानिरीक्षक (आईजी), दो पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी), एक पुलिस अधीक्षक (एसपी), एक डिप्टी कमांडेंट, दो दारोगा और छह सिपाही शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को इससे संबंधित सूची जारी की है।

झारखंड पुलिस के अधिकारियों और जवानों के लिए साल 2025 बेहद कामयाबी भरा रहा है। नक्सलियों के खिलाफ झारखंड पुलिस में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। इस सफलता को जमीन पर उतारने वाले अधिकारियों और कर्मियों को अब इस अदम्य साहस और वीरता के लिए बड़ा सम्मान मिला है। झुमरा





और पारसनाथ इलाके में नक्सलियों को इतिहास बनाने वाले तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अभियान अमोल होमकर, तत्कालीन आईजी बोकारो माइकल राज, पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) एसटीएफ, तत्कालीन बोकारो पुलिस अक्षीक्षक (एसपी), डीआईजी, डिप्टी कमाण्डेन्ट और जवानों को केंद्रीय गृह मंत्रालय दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें बोकारो में एक विशेष अभियान में उनकी उत्कृष्ट वीरता और पेशेवर दक्षता के लिए दिया गया है, जिसमें पांच इनामी नक्सलियों को मार गिराया गया था। विशेष अभियान और अनुसंधान के लिए इन पुलिस अधिकारियों और कर्मियों का चयन किया और फिर उन्हें सम्मानित किया गया।

दरअसल, इन सभी अधिकारियों और जवानों को बोकारो में चलाए गए सफल विशेष अभियान (स्पेशल ऑपरेशन) के लिए पदक से सम्मानित किया गया है। यह ऑपरेशन तब सफल हुआ, जब टीम ने एक भीषण मुठभेड़ में पांच इनामी नक्सलियों को मार गिराया था। झारखंड पुलिस की कार्रवाई ने इस क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक विशेष अभियान, जांच, खुफिया कार्य और फॉरेंसिक विज्ञान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पुलिसकर्मियों के उच्च पेशेवर मानकों और मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से दिया जाता है।

उल्लेखनीय है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने साल 2025 के लिए 'केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक' की घोषणा की है, जिसमें झारखंड के आईपीएस होमकर सहित 14 वीरों को सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों, संघशासित प्रदेशों, केन्द्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों और केन्द्रीय पुलिस संगठनों के कुल 1,466 वीरों को सम्मानित किया गया है। यह पदक विशेष अभियान, अन्वेषण, आसूचना और फॉरेंसिक विज्ञान जैसे चार प्रमुख क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देने, उच्च पेशेवर मानकों को प्रोत्साहित करने और कर्मियों और अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है।

## बिहार चुनाव: राजग ने जारी किया संकल्प पत्र

एजेंसी

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने शुक्रवार को अपना संकल्प पत्र जारी किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोजपा रामविलस के अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री व हम पार्टी के संरक्षक जितन राम मांझी, उपेन्द्र कुशवाहा, भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी व केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, विनोद तावड़े। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने संयुक्त रूप से संकल्प पत्र को जारी किया।

इसमें रोजगार, महिला सशक्तिकरण, कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना पर विशेष जोर दिया गया है। गठबंधन ने अगले पाँच वर्षों में बिहार को




समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने का वादा किया है।

संकल्प पत्र जारी करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि हर जिले में मेगा स्किल सेंटर से बिहार को ग्लोबल स्कीलिंग सेंटर के रूप में स्थापित किया जाएगा। 1 करोड़ सरकारी नौकरी व रोजगार प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से महिलाओं को 2 लाख तक की सहायता देंगे। साथ ही एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। मिशन करोड़पति के माध्यम से चिन्हित महिला उधमियों को करोड़पति बनाने की दिशा में काम करेंगे।

उन्होंने बताया कि अतिपिछड़ा वर्ग के विभिन्न व्यावसायिक समूहों को 10 लाख की सहायता दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करेंगे जो अतिपिछड़ा वर्ग की विभिन्न जातियों के सामाजिक और आर्थिक स्थिति का आकलन करके इन जातियों के सशक्तिकरण के लिए न्यायोचित कदम उठाने के लिए सरकार को सुझाव देगी। कपूर्री ठाकुर किसान सम्मान निधि की शुरूआत की जाएगी। किसानों को हर वर्ष 9000 का लाभ दिया जाएगा। एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर में एक लाख करोड़ का निवेश किया जाएगा, पंचायत स्तर पर सभी प्रमुख फसलों (धान, गेहू, दलहन, मक्का) की एमएसपी पर खरीद की जाएगी। बिहार मत्स्य मिशन की शुरूआत करके हर प्रखण्ड में चिलिङ्ग और प्रोसेसिंग सेंटर्स स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि साथ नए एक्सप्रेस वे बनाए जाएंगे। 3600 किलोमीटर रेल ट्रैक का आधुनिकीकरण करेंगे। अमृत भरत एक्सप्रेस व नामों रैपिड रेल सेवा का विस्तार करेंगे। 4 नए शहरों में मेट्रो सेवा शुरू होगी। न्यू पटना में ग्रीन फील्ड शहर, प्रमुख शहरों में सेटेलाइट टाउनशिप।

उन्होंने कहा कि माँ जानकी कि पवित्र जन्मस्थली को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक नगरी सीतापुरम के रूप में विकसित करेंगे। पटना के समीप ग्रीन फील्ड अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट। दरभंगा, पूर्णिमा एवं भागलपुर में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट। 10 नए शहरों से घरेलू उड़ान मिलेगी।

विकसित बिहार औद्योगिक मिशन के अंतर्गत एक लाख करोड़ के निवेश से औद्योगिक क्रांति लाएंगे। विकसित बिहार इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट मास्टर प्लान बनाएंगे, जो औद्योगिकीकरण व लाखों नौकरियों की नींव रखेगा। प्रत्येक जिले में अत्याधुनिक मैन्युफैकचरिंग यूनिट व 10 नए औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। अगले पाँच वर्षों में बिहार में एक न्यू एज इकोनोमी का निर्माण करेंगे जिसके अंतर्गत बिहार को एक वैश्विक बैक एंड हब और ग्लोबल वर्क प्लेस के रूप में स्थापित की जाएगी। 50 लाख करोड़ का निवेश आकर्षित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुफ़्त राशन 125 यूनिट मुफ़्त बिजली। 5 लाख तक मुफ़्त इलाज। 50 लाख नए पक्के मकान। सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिए जाएंगे।

## हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के जंतर-मंतर पर शुक्रवार को हो भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इसका आयोजन ऑल इंडिया हो लैंग्वेज एक्शन कमेटी (एआईएचएलएसी) के बैनर तले किया गया था। इस एक दिवसीय धरने में झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल से आए करीब 500 लोगों ने भाग लिया।

एआईएचएलएसी के प्रतिनिधियों ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान की आठवीं अनुसूची में हो भाषा को शामिल किया जाए और हो भाषा बोलने वाले समुदाय की समृद्ध भाषाई, साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण व संवर्धन के लिए इसे संवैधानिक दर्जा दिया जाए। उन्होंने हो भाषा की पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि हो भाषा, जो ऑस्ट्रोएशियाटिक मुंडा भाषा परिवार से संबंधित है, पूरे भारत में 40 लाख से अधिक लोगों की मातृभाषा है। इसके अलावा लगभग 10 लाख गैर-आदिवासी लोग भी इसे दैनिक जीवन में प्रयोग करते हैं।

## एक नजर

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस प्रशासन की ओर से रन फॉर यूनिटी का किया गया आयोजन



**बड़कागांव :** राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में बड़कागांव पुलिस प्रशासन की ओर से प्रखंड स्तर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम के तहत थाना परिसर से लेकर कांडतरी होते हुए एक चक्कर दौड़ लगाई गई ।बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं पुण्यतिथि पर देश में संगठित होने एवं देश के प्रति देश प्रेम की भावना को बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में यह कार्यक्रम किया गया ।वहीं बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा की एक दूसरे के प्रति अटूट विश्वास को लेकर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया ।राष्ट्रीय एकता दिवस के इस शुभ दिवस में पूरे देश में लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की याद में एकता से भरा यह उत्सव काफी उत्साह के साथ बड़कागांव प्रखंड में मनाया गया ।मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता , पुअनि आशीष कुमार भगत, अभिषेक कुमार, छोटु उरांव, रामराज सिंह, प्रभात कुमार, सुदेश कुमार, गजेंद्र सिंह, बसंत भगत, रामनिवास सिंह, हादी खां, दीपक रोशन लकड़ा, रतीलाल महतो, राजेश कुमार , मो. आरिफ सहित कई गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### चौबे में सड़क टुटने से आवागमन बाधित



**चलकुशा ( हजारीबाग) :** प्रखंड के ग्राम पंचायत चौबे के निचे टोला से लक्ष्मी पुर जाने वाली सड़क टुट जाने से आवागमन पुरी तरह बाधित हो गई है ।इस सड़क से प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में लोगों का आना जाना लगा रहता है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने विधायक अमित कुमार यादव को दुरभाष के माध्यम से अवगत कराया। वहीं विधायक ने चौबे लक्ष्मीपूर स्कूल से संजय पांडेय के घर तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल की अनुसंशा की है।

# चौपारण में प्रकृति का तांडव : चक्रवाती वर्षा से किसानों की मेहनत पर पानी

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्राकृतिक का तांडव एक बार फिर अन्नदाताओं की वर्षों की तपस्या पर भारी पड़ गया है। अचानक आई चक्रवाती बरसात ने चौपारण में किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। जिन सुनहरी धान की बालियों को देखकर किसान गर्व से मुस्कुरा रहे थे, आज वही खेत उनकी आंखों में मायूसी और दर्द भर रहे हैं। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक श्री सिंह ने कट चुकी फसलों को 'भारी नुकसान' होने की पुष्टि की है।

**किसानों की दर्द भरी पुकार, 'बस कुछ दिन और धूप...'**



चौपारण के हर गांव से एक ही दर्द भरी आवाज आ रही है कि 'बस कुछ ही दिन और धूप मिल जाती तो हम फसल काट लेते। अब सारी मेहनत पानी में बह गई। पिछले साल सूखे की मार झेल चुके किसान इस बार वर्षा की मार झेल रहे है। इस चक्रवाती वर्षा और बेमौसम बरसात से किसान टूट चुके हैं। उनकी पीड़ा यह है कि मौसम की मार हर साल उनकी कमर तोड़ रही है। अब उनकी निगाहें प्रशासन की ओर टिकी हैं जहां वे राहत और मुआवजे की हल्की-सी आस देख रहे हैं। तेज हवाओं के साथ लगातार हुई मूसलाधार बारिश ने खड़ी फसलों को बुरी तरह से जमींदोज कर दिया है। खेतों में पानी भर गया है और लहराती बालियां अब पानी में झुककर बेजान नजर आ रही हैं। यह सिर्फ फसल का नुकसान नहीं बल्कि एक साल की उम्मीद का टूटना है। धान की कटाई के ठीक पहले आई बारिश से फसलें खेत में गिर गईं, इससे उपज की गुणवत्ता और मात्रा दोनों पर गंभीर संकट आ गया है, और योजनाओं के बावजूद किसान आज भी पूरी तरह से मौसम की दया पर निर्भर हैं। प्रकृति की एक करवट उनकी सालभर की जीविका को मिट्टी में मिला देती है। अब किसान आसमान में सिर्फ एक ही उम्मीद देख रहे हैं, धूप की इंतजार

**रबी की बुआई पर ग्रहण**

आलू, तिलहन (सरसों) और दलहन की बुआई का सही समय चल रहा था लेकिन खेतों में जलजमाव के कारण बुआई का काम ठप हो गया है। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शंभू प्रसाद सिंह प्र के अनुसार आलू के बीज का 'जर्मिनेशन' अब सही नहीं हो पाएगा, इससे किसानों को दोहरा नुकसान होगा। अब किसानों को धूप की किरण का इंतजार जो उनकी मेहनत को फिर से जीवन दे सके और उनके चेहरों पर फिर से मुस्कान ला सके।

## बाल संस्कार केंद्र संचालिकाओं के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड में संघ के स्वयंसेवकों के माध्यम से डॉ बसंत दिगंबर आगासे स्मृति सेवा संस्थान द्वारा संचालित बाल संस्कार केन्द्र चलाने वाले शिक्षक मातृशक्ति की कार्यशाला होटल आकाश पैलेस गया रोड़ बरही में संपन्न हुआ। विशेष रूप से सेवा भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग 5 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2025 तक पारसनाथ में बाल संस्कार केन्द्र के शिक्षिकाओं द्वारा जैनपंथ के महत्वपूर्ण रमणीक स्थल की अनुभूति की प्रस्तुति हुई। प्रशिक्षण के अंतर्गत संस्कार केन्द्र का वार्षिक पाठ्यक्रम प्रतिमाह के अनुसार अभ्यास एवं पुस्तिका प्रदान की गई। साथ ही संघ द्वारा शताब्दीवर्ष के अंतर्गत पांचों संस्कार केन्द्र के सेवा बस्ती या सेवा मुहल्ला के सभी घरों में स्वयंसेवकों द्वारा गृह संपर्क योजना की जानकारी दी गई। उक्त कार्यशाला में क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने विगत माह संपन्न निर्धारित कार्यक्रम की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रम की योजनाएं का अभ्यास कराया। योगाचार्य इन्द्रदेव गुप्ता ने आगामी माह नंवबर के पाठ्यक्रम के अनुसार उष्ट्रासन का अभ्यासक्रम एवं लाभ बतलाया । शाखा सेवा कार्यकर्ता डॉ बिनोद साव जी ने बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए सात नुस्खे बतलाया। पश्चात कल्याण मंत्र के साथ मासिक कार्यशाला का कार्य पूर्ण हुआ। मौके पर आचार्या के साथ साथ कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लौह महिला इंदिरा गांधी व लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल को कांग्रेसियों किया याद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में पूर्व प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41 वीं पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में तथा पूर्व प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में दोंनो स्वातंत्रता सेनानियों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मनाई गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि नेहरू परिवार को देशभक्ति का घूंटी मानो बचपन से ही पिलाई गई है । मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू के बाद इंदिरा गांधी ने देश को सुदृढ नेतृत्व दिया । 1971 बंगलादेश के स्वातंत्र्य का युद्ध उनके सक्रिय सहयोग से ही जीता जा सका। महिला होते हुए भी दुर्गा देवी सी क्षमता और शक्ति का परिचय इस कुशल राजनीतिज्ञ के जीवन ने स्वाधीनता के वर्षों में प्रत्यक्ष अनुभव कराया ।निर्गुट देशों के संगठन व विश्वशांति हेतू उनके प्रयासों को सदा याद किया जाएगा ।उन्होंने आगे कहा कि भारत का लौहपुरुष स्वाधीनता संग्राम का राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रमुख सेनानी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे । 500 से अधिक रियासतों को विलीन कर सारे देश की जनता में एकात्मकता का भाव निर्माण कया । निजाम जैसे भटके शासक को सही रास्ते पर लाया, साथ ही काश्मीर में आक्रामक शासकों को भी भारत की शक्ति का परिचय दिया ।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित बीएम मेमोरियल स्कूल में प्रथम गृह मंत्री सह देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का 150वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार व संचालन उपप्राचार्य पूनम कुमारी व आनन्द राज ने किया ।इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया ।बीएम मेमोरियल स्कूल के निर्देशक संदीप कुशवाह ने भारत के प्रथम गृह मंत्री सह देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर फूल चढ़ाकर नमन करते हुए कहा कि भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार,लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कोटिझकोटि नमन तथा आप सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। उनके राष्ट्रनिष्ठ विचार और अदम्य संकल्प हमें सशक्त व अखंड भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित करते रहेंगे ।उनके किए गए कार्यों को भारत की जनता कभी भुला नहीं सकती , देशी रियासत के वैसे राजा जो भारत में नहीं मिलना चाहते थे। उन सभी को एकत्रित कर भारत देश में मिलने का अगर कोई कार्य किया है तो वह पटेल जी थे ।पटेल जी सच्चे राष्ट्रभक्त थे। राष्ट्र के प्रति जीना और राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से काम करना उनके पूरे जीवन में देखा जा सकता है ।उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर देश सशक्त बन सकता है पाठ्यक्रम में निश्चित तौर से आज के युवा पीढ़ी को पटेल जी के जीवनी के बारे में जानना चाहिए ।वहीं प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष देश के एकता और अखंडता को सशक्त आधार प्रदान करने के लिए उनका योगदान सदियों तक लोगों को प्रेरित करता रहेगा।


## स्वास्थ्य उपाधीक्षक से मिला आईएफडब्लूजे का शिष्टमंडल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त कुव्यवस्था और चिकित्सीय लापरवाही के खिलाफ शुक्रवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग के सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने सिविल सर्जन को अवगत कराया कि बीते दिनों छठ महापर्व के दौरान तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मृत्यु की घटना के समय केरेडारी सीएचसी में चिकित्सक की अनुपस्थिति रही, जिससे चिकित्सीय लापरवाही उजागर हुई है। इस संदर्भ में सांसद प्रतिनिधि मंडल ने संबंधित चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों पर तत्काल विभागीय कार्रवाई करने तथा केरेडारी सीएचसी में पर्याप्त संख्या में चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की। इस अवसर पर लोकसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा भी उपस्थित रहे। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि आगामी 15 दिनों के भीतर केरेडारी सीएचसी में चिकित्सक की नियुक्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों पर विभागीय कार्रवाई हेतु अनुशंसा की गई है और संबंधित फाइल उच्च पदाधिकारियों को भेज दी गई है।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा निबंध प्रतियोगिता सह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय , हजारीबाग के द्वारा स्थानीय विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के युसेट प्रभाग के परिसर में निबंध प्रतियोगिता सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभावि हजारीबाग के कुलपति प्रो चन्द्र भूषण शर्मा एवं राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के उपमहानिदेशक विनीत कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ आशीष कुमार साहा, निदेशक, यूसीइटी एवं आशीष कुमार, निदेशक, रासाका, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, हजारीबाग के वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी सह कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार ने सर्वप्रथम सभी अतिथियों का अपने विभाग की ओर से स्वागत किया तत्पश्चात सभी अत्तिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। इसके बाद कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार के निर्देश पर कार्यालय कर्मियों के द्वारा सभी अतिथियों को मोमेंटो एवं पौधा प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात उप महानिदेशक विनीत कुमार ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के कार्यकलापों पर विस्तृत चर्चा किया, साथ ही नीति निर्माण हेतु लोगों से सर्वेक्षण हेतु सही आंकड़े प्रदान करने की अपील की। इसके बाद कुलपति प्रो. (डॉ) चन्द्र भूषण शर्मा के द्वारा सर्वेक्षण से होने वाले फायदों की जानकारी दी गयी एवं यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों से निबंध प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लेने की अपील की गयी। इसके बाद आशीष कुमार निदेशक रा.सा.का, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं क्वांटम कंप्यूटिंग का इतिहास, इसके बढ़ते उपयोग एवं सभी लोगों द्वारा इससे उठाये जा सकने वाले लाभ के तौर तरीकों से अवगत कराया।

# निस्वार्थ सेवा की मिसाल बनी हजारीबाग यूथ विंग, तरंग ग्रुप ने किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** शहर के गुरु नानक पैलेस में आयोजित तरंग ग्रुप के सम्मान समारोह में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान संस्था के पिछले कई वर्षों से चल रहे निस्वार्थ सेवाभाव और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रतीक कार्यों को देखते हुए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में तरंग ग्रुप के संस्थापक सह आयोजक अमित कुमार ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग न केवल रक्तदान और धार्मिक कार्यों में सक्रिय है बल्कि समाज में जागरूकता और एकता की भावना को भी निरंतर आगे बढ़ा रही है। हाल ही में छठ पूजा के अवसर पर इस संस्था ने जिस तरह से समर्पण और अनुशासन के साथ कार्यक्रमों का संचालन किया, वह समाज के लिए एक मिसाल है। संस्था के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा यह सम्मान हमारी पूरी टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। समाजसेवा हमारे लिए कोई प्रदर्शन नहीं,बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा है। आने वाले दिनों में हजारीबाग यूथ विंग और अधिक जनहितकारी कार्यों को गति देगा। वहीं संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि हमारी संस्था का लक्ष्य है कि हजारीबाग को सेवा, संस्कार और एकता का केंद्र बनाया जाए। रक्तदान, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से हम हर वर्ग तक सकारात्मक संदेश पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इस तरह के सम्मान से हमें आगे और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग यूथ विंग के सभी सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में संस्था को सामूहिक रूप से एक विशेष स्मृति चिन्ह भेंट कर पूरे समूह का उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, कई पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। तालियों की गूंज के बीच संस्था के सदस्यों के उत्साह और समर्पण की सराहना पूरे हॉल में गूंजती रही। इस अवसर पर संस्था के सचिव रितेश खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सह सचिव अभिषेक पांडे, संस्था के मार्गदर्शक संजय कुमार, विकाश केशरी, कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद ताजुद्दीन, विवेक तिवारी, सेजल सिंह, खुशी कुमारी, प्रज्ञा कुमारी, उदित तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### एनटीपीसी मैती में 50 प्रशिक्षुओ का होंडा मोटरसाइकिल स्कूटर कंपनी में चयनित




**बड़कागांव :** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के तहत एनटीपीसी माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (मैती) के परिसर मे होंडा मोटरसाइकिल स्कूटर कंपनी, बंगलौर के लिए एक विशेष प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फिटर, वेल्डर और इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के कुल 62 आईटीआई प्रशिक्षुओ ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया के दौरान होंडा मोटरसाइकिल स्कूटर कंपनी की अधिकृत भर्ती एजेंसी आशीफ अंसारी द्वारा प्रशिक्षुओ का साक्षात्कार लिया गया। कठोर चयन प्रक्रिया के बाद कुल 50 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन होंडा मोटरसाइकिल स्कूटर कंपनी के बंगलौर स्थित निर्माण इकाई में किया गया और मासिक वेतन 17400 साथ मे पीएफ एवं अन्य की सुविधा मिलेगा। इस अवसर पर मैती के प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय ने चयनित छात्रों को बधाई दी और कहा कि इस तरह की औद्योगिक साझेदारियों से प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं और उन्हें वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव प्राप्त होता है। आगे बताया कि एनटीपीसी की पहल से स्थानीय युवाओं को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ आजीविका के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। इस आयोजन ने न केवल प्रशिक्षार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाया बल्कि स्थानीय स्तर पर कौशल विकास के क्षेत्र में मैती की भूमिका को और अधिक सशक्त किया है। इसकी जानकारी इरफान अंसारी ने दी है।

### आत्मनिर्भर भारत' संकल्प अभियान के बैनर तले बड़कागांव विधानसभा मे सम्मेलन का हुआ आयोजन



**बड़कागांव:** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में भारत सरकार का स्वदेशी अपनाओ के तहत आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का आयोजन विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी की अगवाई में पतरातू स्थित आवास में किया गया। सम्मेलन की शुरूआत से पहले सरदार वल्लभ भाई पटेल,श्यामा प्रसाद मुखर्जी एंव पंडित दिन दयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया किया गया। सम्मेलन में आत्मनिर्भर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश हित वाला विजन है, उसे सम्मेलन में कार्यकर्तागण के सामने बताया गया, उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का लोगों ने संकल्प लिया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर गिरीडीह संसद रविंद्र पांडे, राकेश प्रसाद, पुर्व विधायक लोकनाथ महतो ,सहित भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेतागण गण, सम्मानित कार्यकर्तागण सम्मेलन में शामिल हुए।

### बरही अनुमंडलीय अस्पताल में सभी तरह इलाज एवं दवा की पर्याप्त व्यवस्था है : डॉ ज्ञानी



**बरही :** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट का एक शिष्टमंडल शुक्रवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी से मिला और अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी ली। शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित ने डीएस से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर उक्त सुविधाओं को जन जन तक पहुंचाने का अपील की। डीएस ने बताया कि उनके अनुमंडलीय हॉस्पिटल में लगभग सभी तरह का इलाज विशेषज्ञ डॉक्टर्स के द्वारा की जाती है। नॉर्मल प्रसव के साथ साथ सिजेरियन प्रसव की भी व्यस्था है। पब्लिक हेल्थ यूनिट भी जल्द चालू होने जा रहा है। जिसमें सभी तरह की जांच उपलब्ध रहेगी। साथ ही हड्डी से संबंधित भी सभी तरह का इलाज डॉक्टर मयंक के द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही डॉक्टर रौशन कुमार द्वारा सामान्य सर्जरी का इलाज जल्द ही शुरू किया जाएगा। इससे संबंधित उपकरण की व्यवस्था कर ली गई है। इसके साथ ही दांत, ईएनटी, कुपोषण , इमरजेंसी, ओपीडी की भी सुविधा दी जा रही है। कहा कि उनके इस हॉस्पिटल में सभी तरह की दवा उपलब्ध है। मौके पर शिष्टमंडल ने एम्बुलेंस व्यवस्था की जानकारी ली। प्राइवेट एम्बुलेंस को लेकर बताया गया कि उन्हें मानक एवं तय रेंट पर एम्बुलेंस का संचालन करना है। मरीज को बताना होगा कि उक्त एम्बुलेंस प्राइवेट है और उसे उपयोग में लाने के लिए निर्धारित शुल्क देना पड़ेगा। जो नियम संगत हो। आईएफडब्लूजे की शिष्टमंडल ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था से संतुष्ट होकर इन्हें जन जन तक प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया।

### एसआईआर को लेकर बीएलओ, पर्यवेक्षक और वालंटियर को दिया गया प्रशिक्षण



**बरही :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बरही नगर भवन में बीएलओ, पर्यवेक्षक और वालंटियर को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण में वर्ष 2003 और वर्तमान मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम सत्यापित करना है। बीएलओ मतदाताओं को मतदाता सूची के संबंध में जो भी जानकारी उनके द्वारा मांगी जाएगी वह उन्हें देंगे। मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने बुक एक काल विथ बीएलओ की सुविधा प्रदान की है। कोई भी मतदाता ई साइनेट मोबाइल ऐप से यह सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। बीएलओ को बताया गया कि 2003 के मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की पैरेंटल मैपिंग का कार्य त्रुटिहीन होना चाहिए। मौके पर प्रखंड पंचायती राज अधिकारी सावना मांझी, आशा टोप्पो, सुनीता देवी, चुनकी देवी, कलावती देवी, रंजू कुमारी, कंचन कुमारी, रिंकू देवी, ममता देवी, उषा राम, कौशल्या देवी एवं अनीता देवी समेत सैकड़ो मौजूद थे।

## एक नजर

### सीसीएल ने 115 कर्मचारियों को दी सम्मानपूर्वक विदाई

**रांची** : सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, रांची में आज रिटायर कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कुल 115 कर्मचारियों को गरिमापूर्ण तरीके से विदा किया गया। मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में 12 कर्मचारियों को मंच पर सम्मानित किया गया, जबकि बाकी साथियों को उनके क्षेत्रों में आयोजित समारोह में विदाई दी गई। मौके पर एक छोटी फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें रिटायर कर्मचारियों ने अपने अनुभव और यादें साझा कीं। मुख्यालय से रिटायर हुए कर्मचारियों में सुमन कुमार, दीपक दुबे, संजीव रंजन सिन्हा, संदीप मजूमदार, एलिन केरकेट्टा, दिव्या गुलाब टेटे, बलेश्वर उरांव, रतनू उरांव, पारस कुमार रॉय, श्रीमती जमुना बेदिया, तपेश्वर प्रसाद और राज कुमार सिंह शामिल हैं। कार्यक्रम में निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा और निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र मुख्य अतिथि थे। श्री मिश्रा ने कहा कि सीसीएल के इन साथियों ने मेहनत और ईमानदारी से कंपनी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी को अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दीं।

### ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, पिस्का मोड़ से जब्त हुए कई वाहन

**रांची** : पिस्का मोड़ स्थित तेल मिल गली में आज ट्रैफिक पुलिस की ओर से जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान पंडरा ट्रैफिक प्रभारी रंजीत कुमार के नेतृत्व में किया गया।ट्रैफिक प्रभारी ने बताया कि इस क्षेत्र में लगातार सड़क दुर्घटनाओं की शिकायतें मिल रही थीं। खासकर वन-वे सड़क पर गलत दिशा से आने-जाने वाले वाहनों के कारण आए दिन हादसे हो रहे थे। इन्हीं शिकायतों को ध्यान में रखते हुए यह सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे वाहन पकड़े गए जिन्हें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे चला रहे थे। वहीं कई वाहनों के नंबर प्लेट पर टेप लगाकर नंबर छिपाए जाने के मामले भी सामने आए। सभी दोषी चालकों का चालान काटा गया, जबकि कुछ वाहनों को जप्त कर पंडरा ट्रैफिक थाना भेजा गया। ट्रैफिक प्रभारी रंजीत कुमार ने स्पष्ट कहा कि रांची में लगातार जांच अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन लोग अब भी ट्रैफिक नियमों को गंभीरता से नहीं ले रहे। अब जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केवल चालान काटकर छोड़ने के बजाय जरूरत पड़ी तो मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा, और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई होती रहेगी।

### रांची में हुई ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक

**रांची** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन, रांची में ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक हुई। बैठक का संचालन सूर्यकांत शुक्ला ने किया। बैठक में 10 सदस्यीय कमेटी के लगभग सभी सदस्य शामिल हुए। इनमें कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, राजीव रंजन प्रसाद, वरिष्ठ नेता संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, रविंद्र सिंह, शमशेर आलम, ज्योति सिंह माथारू और कोऑर्डिनेटर सूर्यकांत शुक्ला मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष कमलेश ने संगठन की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक पंचायत में सक्रिय और जनसंपर्क आधारित समिति का गठन जल्द पूरा किया जाए।

# झारखंड के राज्यपाल से शिक्षा मंत्री, चैंबर प्रतिनिधिमंडल और पत्रकार ने की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने मंत्री से राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसमें गुणवत्तापूर्ण सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि हमारे राज्य में ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित हो, जिससे राज्य के बाहर के विद्यार्थी भी यहां आकर शिक्षा ग्रहण करने की जिज्ञासा रखें। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर मंत्री को अपने सुपुत्र के विवाह उपरांत आयोजित 'आशीर्वाद समारोह' में सम्मिलित होने का आमंत्रण भी दिया।

**राज्यपाल से मिला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की नवगठित टीम के एक शिष्टमंडल ने भी राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने राज्यपाल से राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार, स्टार्टअप आदि विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की।

राज्यपाल ने कहा कि वे सदैव राज्यहित एवं जनकल्याण के कार्यों में सहयोग के लिए उपलब्ध हैं। राज्य के समग्र विकास के लिए सभी के सक्रिय योगदान की अपेक्षा करते हैं। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इस दौरान चाईबासा सदर अस्पताल में पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने से संबंधित मामले का भी उल्लेख किया।

**राज्यपाल से मिले वरिष्ठ पत्रकार**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को वरिष्ठ पत्रकार अमरेन्द्र कुमार ने भी राज भवन में शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें अपनी स्वरचित पुस्तक 'नीले आकाश का सच' भेंट की। राज्यपाल ने अमरेन्द्र कुमार को पुस्तक की रचना के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

## नगर निगम ने शहर में वेंडिंग जोन विकसित करने की योजना शुरू की



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची नगर निगम ने शहर के सभी ठेला-खोमचा, फल-सब्जी विक्रेताओं और फुटपाथ दुकानदारों को एक निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित करने के लिए सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन विकसित करने की पहल की है। नगर निगम का उद्देश्य है कि शहर में व्यापार करने वाले छोटे वेंडर्स को स्थायी और सुरक्षित स्थान मिले, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय के लिए बार-बार इधर-उधर नहीं भटकना पड़े। साथ ही इस योजना से शहर की सड़कों पर अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या को भी दूर किया जा सकेगा। नगर निगम ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है। निगम ने कहा है कि शहरवासी अपने वार्ड या इलाके में ऐसे स्थान का सुझाव दें, जहां वेंडिंग जोन बनाए जा सकते हैं। इन सुझावों के आधार पर निगम एक सूची तैयार करेगा और सर्वे कर उपयुक्त जगहों पर वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे। निगम ने बताया कि जोन बनने के बाद वहां पानी, सफाई और जाम मुक्त बनाया जा सके।

## झारखंड कांग्रेस में अनुशासनात्मक समिति का गठन, डॉ रमेश्वर उरांव अध्यक्ष नियुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राष्ट्रीय कांग्रेस ने झारखंड के पूर्व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेपीसीसी) में संविधान के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति का अध्यक्ष नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस समिति में कुल छह सदस्य शामिल किए गए हैं, जो पार्टी के आंतरिक अनुशासन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसकी आधिकारिक जानकारी जारी की है। समिति में डॉ. उरांव के अलावा पांच अन्य सदस्य भी नामित किए गए हैं: अशोक चौधरी, मंजूर अहमद अंसारी, भीम कुमार, मंजूला हांसदा और अभिलाष साहू। यह समिति पार्टी के संविधान के प्रावधानों के तहत अनुशासनात्मक मामलों की जांच और कार्रवाई के लिए जिम्मेदार होगी। झारखंड कांग्रेस के नेताओं का मानना है कि यह कदम पार्टी की आंतरिक एकता को और मजबूत करेगा, खासकर आगामी राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए।

डॉ. रामेश्वर उरांव, जो लंबे समय से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं, इस भूमिका में पार्टी के अनुशासन को सख्ती से लागू करने के लिए जाने जाते हैं।

जेपीसीसी के प्रवक्ता ने बताया कि समिति का गठन झारखंड में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से किया गया है। अन्य सदस्यों में अशोक चौधरी अनुभवी नेता हैं, जबकि मंजूला हांसदा और अभिलाष साहू युवा चेहरों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## झारखंड राज्य स्थापना दिवस को लेकर वंदना दादेल के नेतृत्व में उच्चाधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल ने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस को वृहत पैमाने पर मनाने का निर्णय लिया है। यह आयोजन झारखंड की गौरवशाली विरासत, संस्कृति एवं विकास यात्रा का प्रतीक होगा इसे भव्य एवं यादगार बनाने को ध्यान में रख कर सभी तैयारियां की जा रही हैं। इस वर्ष 2025 को राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर 11 नवंबर से ही सभी जिलों, प्रखंडों, पंचायतों, स्कूलों , कॉलेजों में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे । उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन किया जाएगा। वे मोरहाबादी मैदान में 15 नवंबर को राज्य स्थापन दिवस के अवसर पर होने वाले भव्य समारोह की तैयारियों का जाएजा ले रही थीं। वंदना दादेल ने पदाधिकारियों को निदेश दिया कि समारोह से जुड़ी सभी तैयारियाँ समयबद्ध एवं सुनियोजित तरीके से पूरी की जायें। कार्यक्रम के विभिन्न आयामों जैसे मंच व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था, अतिथि सत्कार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, पार्किंग एवं आपातकालीन प्रबंधन आदि के लिए प्रत्येक पदाधिकारी अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं दक्षता से करेंगे तथा किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्य कार्यक्रम के लिए मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा घेराबंदी, प्रवेश-निकास द्वार, स्वागत कक्ष, मीडिया सेंटर, चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान सचिव वाणिज्य कर अमिताभ कौशल, कल्याण सचिव कृपानंद झा, खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा, कुलदीप चौधरी, विशेष सचिव सह निदेशक आईपीआरडी राजीव लोचन बख्शी, उपायुक्त मंजू नाथ भजंत्री सहित जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डिबडीह में धार्मिक स्थल की दीवार तोड़े जाने पर भारी हंगामा, पुलिस बल तैनात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह इलाके में एक धार्मिक स्थल से जुड़ी जमीन पर बनी दीवार को तोड़े जाने के बाद भारी हंगामा खड़ा हो गया। सरना और मिशनरी समुदायों के बीच जमीन के स्वामित्व और धार्मिक स्थल की सीमा को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद ने शुक्रवार को विवाद का रूप ले लिया, जिसके बाद तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, डिबडीह क्षेत्र में एक विशेष धार्मिक स्थल से सटी एक जमीन को लेकर विवाद वर्षों से चला आ रहा है। एक पक्ष का दावा है कि यह जमीन उनके धार्मिक स्थल का हिस्सा है, जबकि दूसरा पक्ष इस पर अपना हक जताता है। इसी विवादित स्थल पर बनी एक चहारदीवारी को मिशनरी पक्ष के कुछ लोगों ने गिरा दिया।

जैसे ही धार्मिक स्थल से जुड़ी दीवार तोड़े जाने की खबर फैली, पहले पक्ष के लोग आक्रोशित हो उठे। देखते ही देखते मौके पर भारी संख्या में लोग जमा हो गए और उन्होंने तोड़फोड़ का विरोध करते हुए जमकर हंगामा किया। आक्रोशित भीड़ और दीवार तोड़ने वाले पक्ष के बीच टकराव की स्थिति बन गई,स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया।

# श्री गुरुनानक सभा की निकली प्रभात फेरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : श्री गुरुनानक सत्संग सभा की अंतिम प्रभात फेरी शुक्रवार को गुरूद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकाली गई। प्रभात फेरी देवकी नंदन दुआ, रमेश पपनेजा की गली, चौधरी बागान होते हुए भगवान सिंह बेदी, सरदार त्रिलोचन सिंह, शालु (दीपक), सरदार हरभजन सिंह के आवास से होते हुए मनोहर मुंजाल, जीतू काठपाल की गली होते हुए वापस पार्किंग गेट पहुंच कर समाप्त हो गई।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने अपने घरों के सामने साफ सफाई कर, आतिशबाजी, पुष्प वर्षा के साथ फेरी का स्वागत किया। सरदार छोटु सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की। मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने कुशल क्षेम की अरदास की।

फेरी की समाप्ति के बाद गुरु नानक सत्संग सभा की ओर से गुरुद्वारा साहिब में चाय नाश्ते का नंबर चलाया गया। फेरी में कीर्तन मंडली की मंजीत कौर,गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, रेशमा गिरधर, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, बबिता पपनेजा, जसपाल मुंजाल, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा ने तुम शरणाई आया ठाकुर तुम शरणाई आया...और मेरे साहिबा मेरे साहिबा क्या नाहीं घर तेरे...जैसे कई शबद गायन किया। वहीं मनीष मल्होत्रा और पायल मल्होत्रा ने धन धन नी भाग आज मेरे, ओ सतगुरु आये घर मेरे..शब्द गायन कर साध संगत को भावविभोर कर दिया। वहीं मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि शनिवार क फेरी पिस्का मोड गुरुद्वारा जाएगी और दो नवंबर को मेन रोड गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब जाएगी, जहां विभिन्न गुरुद्वारों से गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में निकाली जा रही शहर की सभी प्रभात फेरियों का संयुक्त रूप से समापन हो जाएगा।

प्रभात फेरी में अर्जुन दास मिढा, अशोक गेरा, मोहन काठपाल,जीवन मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, आशु मिड्ढा, नवीन मिढा, रमेश गिरधर, राजेन्द्र मक्कड़, हरीश तेहरी, भरत गाबा, पंकज मिढ़ा, बसंत काठपाल, हरविंदर सिंह, मनीष मल्होत्रा, गुलशन मुंजाल, प्रकाश गिरधर सहित सैकडों अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को महान स्वतंत्रता सेनानी, आधुनिक भारत के शिल्पकार एवं देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राजभवन में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और रियासतों के एकीकरण के माध्यम से आधुनिक भारत की सुदृढ़ नींव रखी। उनका जीवन, त्याग और नेतृत्व देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने समस्त राज्यवासियों को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### झारखंड में चक्रवाती तूफान के आज से कमजोर पड़ने की संभावना



**रांची** : बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण झारखंड के अधिकांश जिलों में बारिश हो रही है। बारिश के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है और ठंड में वृद्धि हुई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि मध्य छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्रों पर स्पष्ट रूप से चिह्नित निम्न दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान मोंथा उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ गया है। यह उत्तरी छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्रों पर स्थित है। इसके पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे सटे पश्चिमी झारखंड से होते हुए उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बिहार की ओर बढ़ने और शनिवार तक धीरे-धीरे कम दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर होने की संभावना है। इससे झारखंड के विभिन्न जिलों में मौसम में सुधार होने की संभावना है। वहीं तूफान मोंथा के चलते राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश रिकॉर्ड की गई। 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के सोनुवा में 75 मिमी रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा झारखंड के जिन इलाकों में बारिश रिकार्ड की गई उनमें रांची में 10 मिमी, झिकपानी में 73.8 मिलीमीटर, जरमुंडी 48.2 मिमी, महेशपुर में 46, फतेहपुर में 40.8, पाकुरिया में 40.2, बहरागोरा और पुटकी में 38.2 मिमी, रामगढ़ में 33.4, मैथन में 33.1 मिमी और घातशिला में 32.6 मिमी सहित राज्य के अन्य इलाकों में बारिश रिकॉर्ड की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान झारखंड में सबसे अधिक तापमान पाकुड़ में 32.3 डिग्री और सबसे कम तापमान लातेहार में 19.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस दौरान रांची में अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री जमशेदपुर में 28.6, डाल्टनगंज में 28.8, बोकारो में 28.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### सीयूज में नॉन-टीचिंग स्टाफ भर्ती के लिए लिखित परीक्षा पूरी



**रांची** : झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षेत्तर कर्मचारी चयन परीक्षा - 2025 का आयोजन आज सीयूजे के चेरी - मनातू परिसर में हुआ। इस परीक्षा में कुल 33 पदों के लिए अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में उपस्थित हुए। जिन पदों के लिए परीक्षा हुई है वे हैं - टेक्निकल असिस्टेंट, सिक्योरिटी इंस्पेक्टर, अपर डिविजन क्लर्क (यूडीसी), लेबोरेटरी असिस्टेंट, लाइब्रेरी असिस्टेंट, लोअर डिविजन क्लर्क (एलडीसी), एलडीसी (जी एंड एच), ड्राईवर, लेबोरेटरी अटेंडेंट, लाइब्रेरी अटेंडेंट, एवं हॉस्टल अटेंडेंट। इन पदों के लिए लगभग 1550 अभ्यर्थियों ने आवेदन भरा है। लिखित परीक्षा सुचारू रूप से दो पालियों में आयोजित हुई जिसमें अभ्यर्थियों ने अपने जवाब ओएमआर शीट में भरा।

### बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है श्याम मंदिर में प्रबोधिनी एकादशी सह बाबा श्याम का जन्मोत्सव

**रांची** : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रबोधिनी एकादशी सह बाबा श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका ने बताया की श्री खाटूनरेश का अनुपम दिव्य श्रृंगार के माला बनाने के लिए कोलकाता बंगाल के कारीगर रांची श्याम मंदिर आ चुके हैं। मंदिर प्रांगण को सजाने का काम के लिए अलग टीम रात दिन लगी हुई है। कोलकाता दिल्ली बेंगलुरु रायपुर के इंपोर्टेड गुलाब ऑर्किड स्तर क्रिस्टनमम फूलों की माला को बनाने का काम कारीगर कर रहे हैं। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका एवं कोषाध्यक्ष मनोज खेतान वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में कल बाबा का प्रातः कालीन अनुपम दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। रजत सिंहासन पर बैठे बाबा नवीन पोशाक पहनकर भक्तों को दिव्य दर्शन देंगे। कल प्रातः 5:30 बजे मंगल आरती की जाएगी जो की प्रातः कालीन सर्वप्रथम आरती होगी वर्ष में मात्र एक दिन प्रबोधिनी एकादशी के दिन ही साथ समय आरती होती है। भजन संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ होगा कोलकाता के सुमित एवं माही गर्ग भजनों से भक्तों को रिझाएंगे। रबड़ी प्रसाद की सेवा अन्नपूर्णा सरावगी फल प्रसाद श्याम भक्तों द्वारा गिरीगोला मुकेश मित्तल केसरिया पेडा डॉक्टर एसएन लाल द्वारा मगहीपान सुभाष रौनक पोद्दार द्वारा विशेष श्रृंगार की सेवा तारादेवी कटारुका एवं परिवार के द्वारा नवीन पोशाक बागा की सेवा अमन अग्रवाल एवं आयुषी मालपानी द्वारा पंचमेवा भोग उषा चौबे विनय प्रसाद द्वारा एवं छप्पन भोग सेवा श्याम भक्तों द्वारा निवेदित किया जाएगा। रात्रि 9:30 बजे तारादेवी कटरुका राजेश कटारुका प्रकाश कटारूका के परिवार के द्वारा बाबा श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी । इसके साथ ही भजनों का कार्यक्रम प्रारंभ होगा मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा अनुज मोदी राजेश चौधरी सलज अग्रवाल सर्वप्रथम भजनो की माला प्रारंभ करेंगे। संपूर्ण तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कल हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भक्तों का जन सैलाब उमड़ेगा। उपाध्यक्ष अशोक लड़िया संपूर्ण प्रसाद की व्यवस्था देख रहे हैं। अध्यक्ष गोपाल मुरारका एवं कोषाध्यक्ष मनोज खेतान संपूर्ण श्रृंगार तैयारी देख रहे हैं । मंडल के मंत्री विष्णु चौधरी उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया राजेश ढानढनिया प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल प्रवीण अग्रवाल सहित अनेकों कार्यकर्ता सभी व्यवस्था में रात दिन लगे हुए हैं। प्रातः 5.30 बजे प्रथम आरती एवं रात्रि 2 बजे अंतिम आरती की जाएगी।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

## एक नजर

### उपायुक्त के निर्देशन में ब्लड बैंक रेड क्रॉस सोसाइटी की जांच की गई



**बोकारो** : शुक्रवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा ब्लड बैंक रेड क्रॉस सोसाइटी की जांच हेतु सिविल सर्जन बोकारो को निर्देश दिया गया। उक्त निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद व उनकी टीम द्वारा आज रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक की विधिवत जांच की गई। जांच के दौरान बताया गया कि ब्लड बैंक की विभिन्न पहलुओं पर जांच औषधि निरीक्षक डॉक्टर मैथिली ठाकुर व पुतली बिलुनग एवं स्वयं सिविल सर्जन द्वारा किया गया जिसका समायोजित रिपोर्ट उपायुक्त बोकारो के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

### उपायुक्त व उपविकास आयुक्त द्वारा किया गया मरकच्चो प्रखंड का निरीक्षण

**मरकच्चो** : कोडरमा उपायुक्त कोडरमा ऋतुराज एवं उप विकास आयुक्त रवि जैन के द्वारा प्रखंड मरकच्चो के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया।आकांक्षी प्रखंड के तहत प्रखंड मरकच्चो का चयन किया गया था।इस संदर्भ में कल अपर मिशन निर्देशक ,आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के द्वारा मरकच्चो का भ्रमण प्रस्तावित है।उपायुक्त कोडरमा के द्वारा मरकच्चो में फॉर्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन दरदाही का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तेलोडीह बहुउद्देशीय ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया गया।ग्रामीणों को पेयजल हेतु आपूर्ति की जाने वाली पानी की जांच प्रशिक्षित जल सहिया द्वारा कर के प्रतिवेदन प्रदर्शित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान स्वाबलंबी ग्राम अरकोसा में विभिन्न योजनाओं को देखा गया एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस क्रम में मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र अरकोसा को देखा गया एवं बच्चों के बीच उपलब्ध कीट के द्वारा पढ़ाई कराया गया।प्रखंड परिसर मरकच्चो में संचालित जेंडर रिसोर्स सेंटर में सभी मामलों का प्रतिवेदन अद्यतन करने की बात कही गई। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो,अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवि शंकर,सहायक अभियंता चितरंजन कुमार,कनीय अभियंता जहेंद्र भगत, करण मेहरा,निखिल महतो,दिनेश्वर पासवान,राजेश कुमार एवं पंचायत सहायक मौजूद रहे।

### सांसद प्रतिनिधि ने डीसी को दिया आवेदन, कचरा डंपिंग रोकने की मांग की

**धनबाद** : लोकसभा के सांसद प्रतिनिधि विक्रम कुमार महतो शुक्रवार को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बोकारो उपायुक्त से मुलाकात कर चास आईटीआई मोड़ फोरलेन के पास निगम द्वारा कचरा डंपिंग को रोकने की मांग की। विक्रम महतो ने कहा कि चास नगर निगम द्वारा लगातार कई महीनों से आईटीआई मोड़ के पास सड़क किनारे कचरा डंपिंग किया जा रहा है। कचरा के दुर्गंध से लोग बहुत परेशान है।कचरा के कारण दर्जनों जानवरों का झुंड सड़क किनारे खड़े रहते है जिससे लगातार दुर्घटना भी हो रही है। कहा निगम प्रशासन एक दशक से कचरा निस्तारण प्लांट लगाने में विफल रही है। जिसके कारण निगम लगातार स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछड़ रहा है। डीसी ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए इस समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में गोपाल साह, प्रदीप सिंह,आशीष कुमार महतो, करमचाँद गोप, दुलाल हालदार,पन्ना मोदक, व्यास राय, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर चास स्थित गरगा पुल के समीप स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर आजसू पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि सरदार पटेल जी भारत की एकता और अखंडता के सच्चे शिल्पकार थे। उन्होंने देश को सैकड़ों रियासतों के बंधन से मुक्त कर एक अखंड भारत का निर्माण किया। उनका जीवन राष्ट्रप्रेम, त्याग और दृढ़ संकल्प का प्रेरक उदाहरण है।

## डोमचांच में राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया



**डोमचांच/ कोडरमा** : डोमचांच नगर क्षेत्र स्थित मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी में आज राष्ट्रीय एकता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह दिवस राष्ट्र के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने भारत को एक सूत्र में बांधने का ऐतिहासिक कार्य किया। कार्यक्रम की शुरूआत उत्साहपूर्ण वातावरण में एकता प्रतिज्ञा के साथ हुई। विद्यालय के निदेशक रजनीश कुमा ने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि सरदार पटेल का संकल्प, साहस और दूरदृष्टि भारत की एकता की नींव है। उन्होंने छात्रों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। वही विद्यालय प्रशासक आर. पी. पांडेय ने एकता दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी यदि एकजुट हो जाए तो देश का भविष्य और भी अधिक उज्ज्वल होगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को देश की अखंडता और सद्भाव बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस गरिमामय अवसर की शोभा बढ़ाने वालों में अभिषेक कुमार पांडेय, प्रीति चौधरी, कुमुदिनी लकड़ा, अमिता राय, अंजलि सिंह, आशिष कुमार, नेहा कुमारी, आर्ची कुमारी सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग ने संघमिता सिंह को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग ने वरिष्ठ पत्रकार संघमिता सिंह को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत राय के निदेर्शानुसार यह नियुक्ति की गई है। साथ ही संघमिता सिंह को झारखंड और बंगाल में संगठन के विस्तार का प्रभार भी सौंपा गया है। दो दशकों से अधिक पत्रकारिता का अनुभव रखने वाली संघमिता सिंह दूरदर्शन, इंडिया न्यूज, फोकस टेलीविजन और टीवी टुडे जैसे प्रमुख न्यूज चैनलों में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत राय, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण भट्ट, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा और राष्ट्रीय महासचिव डॉ. प्रो. निशा सिंह ने संयुक्त रूप से संघमिता सिंह को बधाई देते हुए भरोसा जताया है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

## एमजीएम स्कूल में साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में विद्यालय के साइबर क्लब की ओर से साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस माह मनाया जा रहा है। इसके परिप्रेक्ष्य में साइबर जागृत भारत विषय पर साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस क्विज का आयोजन किया गया। प्राचार्य फादर डा.जाशी वर्गीस ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध कंप्यूटर, इंटरनेट अथवा नेटवर्क उपकर का उपयोग कर की जाने वाली आपराधिक गतिविधि है। इसमें हैकिंग, फिशिंग, वित्तीय धोखाधड़ी आदि शामिल हैं, जिनका उद्देश्य व्यक्तिगत जानकारी चुराना या डिजिटल सेवाओं को बाधित करना हो सकता है। साइबर अपराधी व्यक्ति, संस्थान आदि के नेटवर्क को लक्षित करते हैं। इसके परिणाम वित्तीय नुकसान हो सकता है। इसलिए लोगों को साइबर सुरक्षा के उपाय की जानकारी होनी चाहिए। साइबर सुरक्षा कंप्यूटर, नेटवर्क, साफ्टवेयर व डेटा को डिजिटल हमले से बचाने की प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य संवेदनशील जानकारी को हैकर्स या अनधिकृत पहुंच से सुरक्षित रखना, वित्तीय नुकसान रोकना व व्यावसायिक प्रक्रिया में बाधा डालने वाले रैंसमवेयर जैसे हमले से बचाव करना है। कहा कि साइबर अपराध से सुरक्षा के लिए सुरक्षित वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करना चाहिए। वाई-फाई का पासवर्ड मजबूत व नियमित रुप से बदलना चाहिए। साफ्टवेयर व आपरेटिंग सिस्टम को नवीनतम सुरक्षा पैच के साथ अद्यतन रखना चाहिए।

## विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर में खेलकूद समारोह का भव्य किया गया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : वनवासी कल्याण केंद्र झारखण्ड की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में किया गया द्वादश खेलकूद समारोह का भव्य आयोजन। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रफुल्ल अकांत जी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, विशिष्ट अतिथि सूदान मुण्डा जी, अध्यक्ष वनवासी कल्याण केंद्र प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाषचंद्र दुबे जी, नंदकिशोर अग्रवाल जी, राजेश अग्रवाल जी, वनवासी कल्याण केंद्र झारखण्ड द्वारा सरस्वती माता, भारत माता, ओउम्, सरना माता एवं भगवान बिरसा मुण्डा की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भैया बहनों ने स्वागत गीत तथा सरहुल पूजा को दशार्ता हुआ एक सुंदर नृत्य तथा छठ पूजा की महिमा को प्रदर्शित करता हुआ एक शानदार प्रस्तुति दिया गया। मुख्य अतिथि प्रफुल्ल अकांत जी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के भैया-बहनों को केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में मेरिट बनाना आवश्यक है। खिलाड़ी सदैव निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हैं और टीम तथा देश को सर्वोपरि रखते हैं। विशिष्ट अतिथि सुदान मुण्डा जी, अध्यक्ष, वनवासी कल्याण केंद्र झारखण्ड ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर परिवार के खेल आयोजनों में सदैव भारतीय संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान किशोर वर्ग भैया बहनों का 200 मीटर दौड़ का हिट्स हुआ तथा लगातार अन्य खेल जैसे गोला फेक चक्का फेंक ऊंची कूद लंबी कूद भाला फेंक आदि जारी है।

## बीएसएल के सेक्टर 5 हटिया क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो : बीएसएल** के नगर सेवा के पब्लिक हेल्थ विभाग के द्वारा नेचर ग्रीन एजेंसी के सहयोग से सेक्टर 5 हटिया क्षेत्र में एक व्यापक स्वच्छता अभियान : "स्वच्छोत्सव" चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सफाई, कचरा प्रबंधन एवं स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। अभियान के दौरान लक्ष्य आधारित क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित की गई जिसमें सड़क, सार्वजनिक स्थल और बाजार क्षेत्र की गहन सफाई की गई। स्थानीय विक्रेताओं और दुकानदारों को कचरा निर्धारित डस्टबिन में डालने एवं खुले में न फेंकने की सलाह दी गई। टीम ने लोगों को समझाया कि स्वच्छ परिवेश ही स्वस्थ समाज की पहचान है। साथ ही, स्वच्छता गीतों का प्रसारण और स्वच्छता पैम्फलेट वितरण के माध्यम से जन जागरूकता को और भी प्रभावी बनाया गया। नेचर ग्रीन एजेंसी के सफाईकर्मियों ने पूरे समर्पण के साथ अभियान को सफल बनाया। पब्लिक हेल्थ विभाग का यह प्रयास स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बोकारो की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर कोडरमा में न्यायिक पदाधिकारियों की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में आगामी 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बाल कृष्ण तिवारी ने की । प्रधान जिला जज ने उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की तथा अपने अपने न्यायालय से राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन योग्य मामलों को चिन्हित कर सम्बंधित पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में सहायता होती है वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। उन्होंने न्यायिक पदाधिकारियों से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने तथा उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में सभी न्यायिक पदाधिकारियों की भूमिका अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है । इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारियों ने भी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के सम्बन्ध में अपने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये । मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेष लाल, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज द्वितीय संजय कुमार चौधरी, जिला जज तृतीय राकेश चंद्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अवर न्यायाधीश तृतीय श्रीमती प्रज्ञा बाजपेई, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, नमिता मिंज एवं ज्योत्सना पाण्डेय व मुंसिफ मिथिलेश कुमार आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर सरिया में 'रन फॉर यूनिटी': एकता की शपथ के साथ दौड़ पूरी




**सरिया** : सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के प्रति संकल्प को सुदृढ़ करने के लिए 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। दौड़ सरिया थाना से शुरू होकर सरिया स्टेडियम तक पहुंची, जिसमें सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ का नेतृत्व सरिया अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने किया। उनके साथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय राम, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह सहित कई पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सरिया कॉलेज के छात्रों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को ऊर्जावान बनाया।स्टेडियम पहुंचकर अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता के लिए ऐतिहासिक योगदान दिया। यह दौड़ न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती है, बल्कि राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करती है। उन्होंने सभी से सुरक्षा और अखंडता के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

### ग्रामीण भाजपा जिला रांची युवा मोर्चा द्वारा रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन



**अनगड़ा** : ग्रामीण भाजपा जिला रांची युवा मोर्चा द्वारा टाटीसिलवे में इंडियन बैंक से ई ई एफ मैदान तक लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो धीरज ने कहा कि सरदार पटेल के समर्पण व देशभक्ति को याद रख कर उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि आज का दिन युवाओं व महिलाओं को में एकता स्थापित कर ।आत्म निर्भर भारत बनाने में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। महिला नेत्री माधुरी देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में मिलकर काम करने की जरूरत है।इस अवसर पर ,पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,कर्नल बी के सिंह,रांची जिला ग्रामीण ओ बी सी मोर्चा अध्यक्ष नरेश साहू,रांची जिला ग्रामीण मंत्री सह कार्यक्रम संयोजक संजीत सिंह,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष गाजू महतो,पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद,सयनाथ महतो, गिरिधर मिश्रा,सी दाम सिंह मुंडा, पूर्व सैनिक राकेश सिंह,राजेश मिश्रा, ब्यूटी शर्मा, अरविंद महतो, अमित महतो, अर्जुन महतो, पंकज कुमार, भूपेश महतो, रंजीत महतो, जय महतो,निशा कुमारी, होलीका, लीला कुमारी इत्यादि गणमान्य लोग शामिल थे।

### सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी दौड़ का हुआ आयोजन




**चंदवारा** : पुलिस की ओर से राष्ट्र एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। शुक्रवार की सुबह चंदवारा थाना से शुरू हुआ दौड़ थाना परिसर से फोर लाइन चौक बंझेडीह रोड तक जाकर पुनः थाना आकर समाप्त हुआ। जिसमें मुख्य रूप से एसआई पवन कुमार राम है एसआई कन्हैया कुमार राम एसआई सुमन कुमार थाना मुंशी विनोद यादव चंदवारा पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि संजय दास शामिल हुए। कार्यक्रम सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ। एसआई पवन कुमार राम ने कहा की रन फॉर यूनिटी का आयोजन एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत एवं एकता बनाए रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। सुमन कुमार ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक रहे हैं। रन फॉर यूनिटी दौड़ में एसआई ओर पुलिस जवान समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**मरकच्चो** : लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती अवसर नवलशाही थाना में शुक्रवार की सुबह रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें थाना के सभी पुलिस कर्मियों एवं कई समाजसेवी व युवाओं ने दौड़ लगाई। थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम की शुरूआत थाना प्रांगण से कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित तेतरिया नदी पुल तक दौड़ लगा कर पुनः वापस थाना परिसर में पहुंचकर समाप्त हुआ। जिसमें सब इंस्पेक्टर नितायचंद्र,दशमथ किस्कू, एएसआई सूर्यप्रकाश पूरी, राजीव सिंह,मुर्शिद आलम,ज्योति यादव, संदीप मंडल, विकास पाण्डेय, चौकीदार मुंन्द्रिका सिंह, मनोज पासवान, बीरेंद्र सिंह, संजय यादव, समाजसेवी शंकर साहू, किशोर यादव, बीरेंद्र यादव,पिंटू यादव, सोनू साव, मनोज शर्मा, हरदेव साव, राजू यादव आदि ने भाग लिया।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में कांकेबार अवस्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों आदि ने कांके बार अवस्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण का श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने सभी को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की आजादी के समय देश लगभग 550 से ज्यादा रियासतों में बंटा हुआ था और जिस प्रकार से सरदार वल्लभभाई पटेल ने सभी रियासतों को देश में मिलाने के लिए कार्य किया इसी कारण उन्हें महात्मा गांधी के द्वारा लौह पुरुष की उपाधि दी गई थी। आज का दिन हम सभी के लिए एक प्रेरणा लेने का दिन है।

## पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी ने दिया एकता और अखंडता का संदेश



**भुरकुंडा :** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर भुरकुंडा पुलिस के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ। इसमें शामिल पुलिसकर्मियों व श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। दौड़ की शुरूआत बिरसा चौक से हुई। थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता और स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने दौड़ को हरी झंडी दिखाई। सभी लोग भुरकुंडा बाजार होते हुए थाना कैंपस पहुंचे। सभी ने एक स्वर में देश की एकता, सुरक्षा और अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता ने कहा कि रन फॉर यूनिटी एक साधरण आयोजन नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा को जोड़ने वाला प्रयास है। सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता की नींव रखी थी। उसी भावना को हमें आगे बढ़ाना है। जब देश के युवा एक दिशा में दौड़ते हैं, तो पूरी दुनिया भारत की ओर देखने लगती है।

## एक्यूप्रेशर परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष का निधन तीन दिन का रहेगा अवकाश



**अनगड़ा :** एक्यूप्रेशर परिषद टाटीसिलवे ने तीन दिनों का अवकाश शोक सभा मनाएगा मधु सूदन पांडे ने बताया कि विश्व धर्म गुरु एवं एक्यूप्रेशर परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष का निधन सुबह 4 :50 पर हो गया यह एक्यूप्रेशर जगत एवं समाज के लिए मानवता के लिए पूर्णिय छती है एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा सहित पूरे विश्व में शोक मनाया जा रहा है झारखंड शाखा में भी तीन दिन का शेक मनाया


# गिरिडीह में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** माननीय नालसा नई दिल्ली एवं माननीय झालसा, रांची के निदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के मार्गदर्शन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह, श्री सफदर अली नैयर ने बताया कि माननीय झालसा, रांची द्वारा आमजनों एवं पक्षकारों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर 2025 को कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मार्तंड प्रताप मिश्रा के मार्गदर्शन में इस लोक अदालत को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक मामले, सिविल मामले, वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामले, वन विभाग, टेलीफोन एवं नगर निगम से संबंधित मामले, ट्रेफिक चालान सहित जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े मामलों का निष्पादन पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा।

## दुबई सम्मेलन के लिए डॉ. गोपाल पाठक को मिला आमंत्रण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** दुनिया भर के विभिन्न ज्वलंत संदर्भों में वैज्ञानिक एवं चिकित्सा सम्मेलनों के लिए मशहूर एवर कॉन्फ्रेंस ने सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक को 'क्लाइमेट चेंज और सस्टेनेबिलिटी' पर होनेवाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए बतौर अध्यक्ष आमंत्रित किया है। इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन दुबई में 10-11 नवंबर तक होगा। सम्मेलन में विभिन्न देशों के कई पर्यावरणविद एवं जलवायु विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर विगत कई दशकों में हुए प्रतिकूल एवं विनाशकारी परिवर्तनों पर प्रो. गोपाल पाठक के शोधपरक आलेख पत्र-पत्रिकाओं में छपते रहे हैं। ग्रीनहाउस उत्सर्जन एवं इसके परिणामस्वरूप होनेवाले परिवर्तनों, विकसित एवं विकासशील देशों पर इसके चलते पड़ने वाले दुष्प्रभावों एवं इसके व्यापक समाधान पर उनके विचार और कार्यकलाप राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बने हैं। इन दिनों इस विषय पर लोगों को जागरूक करने के अलावा वे इसके चतुर्दिक प्रभावों का प्रभावी विवेचन करने में लगे हैं। एसबीयू के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विवि के महानिदेशक को आमंत्रित करने पर हर्ष व्यक्त किया है।

## अन्नदाता के प्रति कृतज्ञ होकर उन्हें याद करें : जोसिमा खाखा



**कुरडेग :** प्रखंड के हेठमा भंडारटोली में शुक्रवार को नवाखानी पर्व धुमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य सह कांग्रेस महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसिमा खाखा उपस्थित थी। कार्यक्रम में अन्न की अच्छी उपज के लिए ईश्वर के प्रति धन्यवाद प्रकट किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुत की गई। मौके पर जोसिमा ने लोगों को नवाखानी पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन ईश्वर को अच्छी उपज के लिए धन्यवाद देने का दिन है। अन्नदाता के प्रति कृतज्ञ होकर उन्हें याद करें। नवाखानी के दिन विश्वासी अपनी पहली उपज का हिस्सा ईश्वर के नाम पर दान के रूप में समर्पित करते हैं। साथ ही आने वाले वर्षों में भी अच्छी बारिश हो और अच्छी फसल हो इसके लिए प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर की असीम कृपा से बारिश होती है और हम धरती से अन्न उपजाते हैं। आज का दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे परिश्रम का फल हमें मिला है।

# रामगढ़ में श्रद्धा और एकता के साथ मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** राष्ट्रीय चुनौतियों के बीच विविधता में एकता को बढ़ावा देते हुए भारत को एकीकृत करने में सरदार वल्लभभाई पटेल ने अमूल्य योगदान दिया था, इसलिए उनकी जयंती पर सम्मान में प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज दिनांक-31.10.2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस पर फैज हक अहमद मुमताज, उपायुक्त, रामगढ़, आशीष अग्रवाल, उप विकास आयुक्त, रामगढ़, अनुराग कुमार तिवारी, अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़, गैरव गोस्वमी, सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु, परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ एवं अन्य पदाधिकारी/ कर्मियों के द्वारा रामगढ़



थाना क्षेत्रन्तर्गत कांकेबार स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र को एकजुट करने में लौह-पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के अमूल्य योगदान को याद किया गया तथा उन्हें शत-शत नमन किया गया। अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के निर्देशन में राष्ट्रीय एकता दिवस पर देश की एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा के प्रति संकल्प को सुदृढ़ करने हेतु ऋण फॉर यूनिटी का आयोजन जिला मुख्यालय एवं सभी थाना/ओ०पी० में किया गया, जिसमें सभी पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों के साथ-साथ विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों एवं बच्चों ने भाग लिया।

## हाथी ने किया घर और स्कूल का रसोईघर क्षतिग्रस्त, और खाया अनाज

**ठेठईटांगर :** प्रखंड अंतर्गत कोनपाला पंचायत के जामताड़ गांव में 30/10/2025 की रात लगभग 11 बजे एक जंगली हाथी ने सुमन डुंगडुंग नामक व्यक्ति के घर तथा सांपलता स्कूल के रसोईघर को तोड़ दिया और वहां रखा अनाज खा लिया। घटना की जानकारी ग्रामीण सुमन डुंगडुंग ने पूर्व उप मुखिया सह समाज सेवी दीपक लकड़ा को फोन पर दी। सुमन डुंगडुंग ने बताया कि वह बेहद गरीब परिवार से है और इस घटना से उन्हें भारी नुकसान हुआ है। इस पर दीपक लकड़ा ने फोन पर कहा कि वह वर्तमान में रांची में है, लौटने के बाद वह प्रभावित परिवार के घर का निरीक्षण करेंगे और सरकार से मुआवजा दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। ग्रामीणों ने वन विभाग से भी अनुरोध किया है।

# डीडीसी ने किया कुकड़ू प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड कार्यालय का शुक्रवार को डीडीसी रीना हांसदा ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीडीओ कार्यालय में सभी विभागों से कार्य प्रगति की बारी बारी से जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा, आबुआ आवास, पीएम आवास, जेएस एलपीएस ,15 वित्त आयोग सहित आकांक्षी प्रखंड में चल रहे कल्याणकारी योजनाओं का प्रगति के संबंध में जानकारी लिया। उन्होंने क्वार्टरों का भी निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने सभी हल्का कर्मचारियों एवम सीआई को निर्देश दिया कि जाति, आय आवासीय प्रमाण पत्रों का निष्पादन ससमय करे। इसी दौरान डीडीसी ने कहा कि कुकड़ू आकांक्षी प्रखंड है जिससे बीते दिनों आईएस ऑफिसरों का प्रशिक्षण होना है, प्रशिक्षण के दौरान आकांक्षी प्रखंड का दौरा कर फील्ड विजिट कर क्षेत्र का अवलोकन करेंगे। वहीं भाजपा के कुकड़ु मंडल अध्यक्ष भरत चन्द्र महतो ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुकड़ू प्रखंड सिर्फ कागजों पर ही आकांक्षा प्रखंड है। यहां के बीडीओ मैडम सीओ, एमओ, सीडीपीओ आदि प्रमुख पदों का प्रभार में है। एक ही पदाधिकारी चार - चार पदाधिकारी का प्रभार में रहने से समय पर लोगों का काम नहीं हो रहा है।


**OFFICE OF CIVIL SURGEON Cum CMO, RANCHI**
Mail id – csofficeranchi@yahoo.com
Ref No: 5147 Date:- 30-10-2025
***Re – E Tender***

SPECIAL EXPRESSION OF INTREST FOR (EOI) FOR INSTALLATION of Central Teleradiaology Software Hub at Sadar Hospital Ranchi.

| NO | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | NAME OF WORK | Selection of Agency for INSTALLATION of Central Teleradiaology Software Hub at Sadar Hospital Ranchi. 834001 |
| 02 | DATE OF PUBLICATION OF BID On Jharkhand tender | 1-11-2025 |
| 03 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | RS 1,45,000.00 ( One lakh forty five Thousand). On line Deposit |
| 04 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION & Opening | 14.11.2025 (5 PM) |
| 05 | BID SUBMMISSON PLACE | website http://jharkhandtenders.gov.in |
| 06 | NAME AND OFFICE FOR INVINTING EOI | Office of Civil Surgeon, Ranchi |
| 07 | HELPLINE NO. AND EMAIL ADDRESS | Email – csofficeranchi@yahoo.com Mob no. –9942090455 ( only for IT Issues ), 7544052143, 9431388858 |
| 08 | | |
| 09 | | |
| 10 | कार्यादेश निर्गत के पूर्व सफल निविदादाता को 1,45,000.00 ( One lakh forty five Thousand). का जमानत राशि का बैंक गांरटी या Bank DD अधोहस्ताक्षरी के नाम से समर्पित करना होगा। | |

**Further details & Corrigendum can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

किसी प्रकार के शुद्वि पत्र आदि का http://jharkhandtenders.gov.inij ही प्रकाशित किया जाएगा।
PR 359065 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)
**PR 364956 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D**
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**
**Very Short e-Procurement Notice (2nd Call)**
Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-01/2025-26
Date –14/07/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdam on DhobainNala at vill – UperTuriadih (Mauza - Hendehas), Panchayat - Hesag , Block – Peshrar, Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 31.449 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 10/11/2025 at02:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 18/11/2025 up to 02:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 18/11/2025 up to 02:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 19/11/2025 at05:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9801286765 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

**Note: - (1) Only e-Tender will be accepted**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**
**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders. gov. in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division, Lohardaga**
**PR.NO.364959 Lohardaga(25-26):D**



रजिस्ट्री सं. डी. एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.–डी.एल.–अ.-25102025-267137
CG-DL-E-25102025-267137
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II--Section 3--Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY
सं. 4638] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 21, 2025/आश्विन 29, 1947
No. 4638] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 21, 2025/ASVINA 29, 1947


### सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
### अधिसूचना
नई दिल्ली, 17 अक्तूबर, 2025

**का. आ. 4767(अ)**— केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 4603(E) तारीख 22/10/2024, 609(E) तारीख 03/02/2025, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य में एन.एच.–143एजी के कि.मी. 37.400 (डिजाइन चेनेज) से कि.मी. 85.560 (डिजाइन चेनेज) बेरो–खूंटी खंड पर पेम्ड शोल्डर सहित दो लेन का चौड़ीकरण/पुनर्निर्माण तक के भूखण्ड पर अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी ;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "04-12-2024, 05-12-2024" को "हिन्दुस्तान" और "प्रभात खबर" दोनों में और "21-02-2025" को "सन्मार्ग" और "प्रभात खबर" दोनों में प्रकाशित किया गया था ;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए ;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी ।

**अनुसूची**
**झारखंड राज्य में एन.एच.–143एजी के कि.मी. 37.400 (डिजाइन चेनेज) से कि.मी. 85.560 (डिजाइन चेनेज) बेरो–खूंटी खंड पर पेम्ड शोल्डर सहित दो लेन का चौड़ीकरण/पुनर्निर्माण के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

| राज्य का नामः झारखंड | | | जिले का नामः खूंटी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | भूस्वामी/ हितबद्ध व्यक्तियों का नाम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| गांव का नामः अमजोरा | | | | | |
| 124 | 39 | सरकारी (गैरमजरूवा आम) | रास्ता | 0.063537 | रास्ता |
| 125 | 51 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.076892 | चमरा उरांव वो तुलसी उरांव वो गुंगा उरांव पेशरान–बुधू उरांव एवं चामा उरांव वो बुधुवा उरांव पेशरान–घोड़िया उरांव |
| 126 | 52 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0882234 | मोहन महतो वल्द–मंगलु महतो एवं जीता गोप वल्द बंगाली गोप |
| 127 | 54 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.1788749 | टेमा उराँव वल्द सुकरा उराँव |
| 128 | 55 | सरकारी ( गैरमजरूवा खास) | नाली | 0.0153784 | नदी |
| 129 | 56 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.0113314 | टेमा उराँव वल्द सुकरा उराँव |
| 130 | 57 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.0594901 | मोहन महतो वल्द–मंगलु महतो एवं जीता गोप वल्द बंगाली गोप |
| गांव का नामः टुनगांव | | | | | |
| 131 | 149 | निजी (रैयती) | टांड III | 0.029138 | बंडा उरांव वो मोरहा उरांव पेशरान टोरे उरांव वो बिरसा उरांव वल्द मंगरा उरांव |
| 132 | 150 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.1529745 | भोवा महतो वो गमवा महतो पेशरान मटुआ महतो |
| 133 | 151 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.0165925 | भोवा महतो वो गमवा महतो पेशरान मटुआ महतो |
| 134 | 154 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0497774 | भोवा महतो वो गमवा महतो पेशरान मटुआ महतो |
| गांव का नामः टिमड़ा | | | | | |
| 135 | 1344 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.267503 | सनतोष साहु पिता–जानको साहु |
| 136 | 1345 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.3002833 | चमर सिंह मुण्डा पिता– घसीया मुन्डा |
| 137 | 1346 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0376366 | मोशोमात पोको पति दुलार पहान |
| 138 | 1356 | सरकारी (जीएम भुईहरी मुंडदार खास) | पथर नाला | 0.1436665 | गैरमजरुआ भुइहरी पहनई खास |
| 139 | 1357 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0230676 | तिन्तुस मुण्डा कडेया मुंडा पेशरान – सफीया मुंडा व जेना मुंडा पेशरान – सफीया मुंडा व मखीया मुंडा वल्द – सती मुंडा |
| 140 | 1358 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.2189397 | तिन्तुस मुण्डा कडेया मुंडा पेशरान – सफीया मुंडा व जेना मुंडा पेशरान – सफीया मुंडा व मखीया मुंडा वल्द – सती मुंडा |
| 141 | 1359 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0493727 | तिन्तुस मुण्डा कडेया मुंडा पेशरान – सफीया मुंडा व जेना मुंडा पेशरान – सफीया मुंडा व मखीया मुंडा वल्द – सती मुंडा |
| 142 | 1360 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0522056 | तिन्तुस मुण्डा कडेया मुंडा पेशरान – सफीया मुंडा व जेना मुंडा पेशरान – सफीया मुंडा व मखीया मुंडा वल्द – सती मुंडा |
| 143 | 1361 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0149737 | तिन्तुस मुण्डा कडेया मुंडा पेशरान – सफीया मुंडा व जेना मुंडा पेशरान – सफीया मुंडा व मखीया मुंडा वल्द – सती मुंडा पुशुआ मुंडा वल्द वीरसा मुंडा |
| 144 | 1362 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0089033 | शुखु मुण्डा वो बुधवा मुण्डा पिता पतोर मुण्डा वो पौलुस मुण्डा पिता डुगरू मुण्डा |
| 145 | 1367 | निजी (रैयती) | टाड़ III | 0.0420882 | शुखु मुण्डा वो बुधवा मुण्डा पिता पतोर मुण्डा वो पौलुस मुण्डा पिता डुगरू मुण्डा |
| 146 | 1368 | निजी (रैयती) | बाघ आम टाड़ II | 0.4208822 | वकास्त नाम लगान पानेवाला समिलात खेवट 14/1 से 14/10 तक |
| 147 | 1376 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.1116957 | जलेश्वर साहु पिता–विसेसर साहु |
| 148 | 1377 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.1719951 | जलेश्वर साहु पिता–विसेसर साहु |
| 149 | 1378 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0267098 | सारदा देवी पति–स्व किशोरी साहु विसुन साव वल्द सखी चन्द साव लछुमन कुम्हार वल्द जीतराम साहु |
| 150 | 1382 | सरकारी (गैरमजरूवा खास) | परती कदीम | 0.0016188 | गैरमजरूवा खास |
| 151 | 1383 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.1011736 | सारदा देवी पति–स्व किशोरी साहु विसुन साव वल्द सखी चन्द साव लछुमन कुम्हार वल्द जीतराम साहु |
| 152 | 1384 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.0356131 | सारदा देवी पति–स्व किशोरी साहु विसुन साव वल्द सखी चन्द साव लछुमन कुम्हार वल्द जीतराम साहु |
| 153 | 1389 | निजी (रैयती) | दोन I | 0.3039255 | जलेश्वर साहु पिता–विसेसर साहु |
| 154 | 1394 | निजी (रैयती) | दोन II | 0.1339539 | श्रीमति दीलावती देवी पति रमेश प्रसद साव संतोष कुमार नन्द पिता–स्व भगवान नन्द कन्हाई साहु शीवटहल साहु पेशरान रामप्रसाद साहु |
| 155 | 1395 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0857952 | जलेश्वर साहु पिता–विसेसर साहु |
| 156 | 1399 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.5847835 | जलेश्वर साहु पिता–विसेसर साहु |
| 157 | 389 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0169972 | रीझा महतो पिता–धासीया महतो चिंता मनी सिंह पिता–बहादुर सिंह रवि चंद्रा वर्मा पिता–सरयू प्रसाद सबिता कुमारी पति–आनंद किशोर यादव रेबी कुमारी पति–राज कुमार राजन बाबली देवी पति–सुधीर गुप्ता सीमा सोनी पिता–लखन प्रसाद सोनी विभा मिश्रा पति–अरुण कुमार मिश्रा प्रवीण कुमार पिता–स्व नरेश प्रसाद श्रीवास्तव राजेश कुमार सिंह पिता–अक्षय कुमार सिंघ सावित्री देवी पति–प्रताप सिंह संतोष कुमार नन्द पिता–स्व भगवान नन्द स्वाती वर्मा पिता–हिमांशु नारायण सिन्हा कन्हाई साहु शीवटहल साहु पेशरान रामप्रसाद साहु |
| 158 | 390 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.0833671 | चन्द्रा वती पिता–राम सखम साहु |
| 159 | 393 | निजी (रैयती) | परती कदीम | 0.4536625 | अशोक प्रसाद पिता–भगवती प्रसाद दुखना कुम्हार पेशरान – रती कुम्हार व नुदुरा कुम्हार वल्द – नुनु कुम्हार व पहलाद कुम्हार वल्द आनन्द कुम्हार व मंगरा कुम्हार वल्द – चेराठ कुम्हार व मोसमात अमनी कुम्हाइन व लादु कुम्हार पेशरान – रती कुम्हार |
| 160 | 396 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.1473088 | जगरा नाथ एवं भगवान नन्द पिता–विधाधर नन्द श्रीमति अर्चना देवी पति–कृष्ण कुमार होता श्रीमति रेणु जयसवाल पति–बिनोद भगत दुखना कुम्हार पेशरान – रती कुम्हार व नुदुरा कुम्हार वल्द – नुनु कुम्हार व पहलाद कुम्हार वल्द आनन्द कुम्हार व मंगरा कुम्हार वल्द – चेराठ कुम्हार व मोसमात अमनी कुम्हाइन व लादु कुम्हार पेशरान – रती कुम्हार |
| 161 | 397 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.0837718 | रीझा महतो पिता–धासीया महतो मंजु देवी पति–कृष्णा महतो सुनीता देवी पति–जितेन्द्र प्रमाणिक रीता देवी पति–देवनारायण हजाम शोभक देवी पति–हीरा सिंह कन्हाई साहु शीवटहल साहु पेशरान रामप्रसाद साहु |
| 162 | 398 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.2610279 | रीझा महतो पिता–धासीया महतो मंजु देवी पति–कृष्णा महतो संतोष कुमार नन्द पिता–स्व भगवान नन्द तारामनी देवी पति–हरी महतो अर्चना कुमारी पति–बिन्दरा बिहारी नरेन्द्र कुमार पिता–सुरेश प्रसाद सिंह रंजु कुमारी पति–किशोर कुमार शर्मा कुमारी सुषमा पति–राकेश कुमार संतोष कुमार नन्द पिता–स्व भगवान नन्द कन्हाई साहु शीवटहल साहु पेशरान रामप्रसाद साहु |
| 163 | 399 | निजी (रैयती) | दोन III | 0.1922299 | चन्द्रा वती पिता–राम सखम साहु कन्हाई साहु शीवटहल साहु पेशरान रामप्रसाद साहु |
| 164 | 400 | निजी (रैयती) | टाड़ II | 0.1521651 | राजेन्द्र प्रसाद पिता–भगवती प्रसाद श्रीमति मारती देवी पति–श्री हीरा लाल प्रसाद श्री चरकू महतो पिता–स्व. मिटकू महतो श्रीमति जयंती देवी पति–भगवान नन्द कृति राज पति–स्व दुर्गा गुप्ता दुखना कुम्हार पेशरान – रती कुम्हार व नुदुरा कुम्हार वल्द – नुनु कुम्हार व पहलाद कुम्हार वल्द आनन्द कुम्हार व मंगरा कुम्हार वल्द – चेराठ कुम्हार व मोसमात अमनी कुम्हाइन व लादु कुम्हार पेशरान – रती कुम्हार |
| 165 | 892 | सरकारी (डिस्ट्रिक्ट बोर्ड) | सड़क | 0.048968 | डिस्ट्रिक बोर्ड |

[फा.स. RW/Ranchi/LA/NH-143AG/JHR/3D]
शेख अमीनखान, निदेशक

PR 364985 (Land Reforms) 25-26 (D)

# बिहार में योगी-अखिलेश के बाद कब मायावती दिखेंगी मैदान में

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार के केंद्र में हैं। योगी आदित्यनाथ बीजेपी और एनडीए प्रत्याशियों के लिए धुआंधार जनसभाएं कर रहे हैं, वहीं अखिलेश यादव महागठबंधन को जीत दिलाने के लिए सक्रिय हैं। मायावती की बात करें तो उन्होंने अब तक बिहार में कोई जनसभा नहीं की है, जबकि पार्टी ने 6 नवंबर से उनके प्रचार अभियान की योजना बनाई है। योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार के आखिरी दौर में सिवान, वैशाली और भोजपुर जैसे प्रमुख जिलों में जनसभाएं कर रहे हैं। बीजेपी ने योगी को बिहार भेजकर एनडीए के हिंदुत्ववादी एजेंडे को धार दी है। रघुनाथपुर (सीवान), शाहपुर और बक्सर में उनकी रैलियों के दौरान यूपी के विकास मॉडल, अपराध पर जीरो टॉलरेंस और बुलडोजर राजनीति को बिहार की जनता के सामने रखा गया। स्थानीय लोगों के बीच योगी की लोकप्रियता, यूपी के सीमावर्ती इलाकों में उनकी पकड़ को भुनाने की कोशिश साफ दिखती है। सिवान में उन्होंने आरजेडी पर सीधा हमला किया और एनडीए को कानून-व्यवस्था, रोजगार और बिजली-पानी के मुद्दों पर बेहतर विकल्प बताया। बारिश के कारण उनकी कुछ रैलियां प्रभावित भी हुई हैं, लेकिन बीजेपी कार्यकताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति बिहार चुनाव में एनडीए के वोटरों को गठित और प्रेरित करने का संदेश देती है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक नवंबर से बिहार चुनाव प्रचार अभियान में उतर रहे हैं। उनका कार्यक्रम आधा दर्जन से ज्यादा रैलियों का है, जिनमें वे महागठबंधन के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगेंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ संयुक्त रैली करने वाले हैं, जिससे महागठबंधन के प्रचार को ऊर्जा और एकजुटता मिलती है। पहले चरण में पूर्वी चंपारण, सिवान और कैमूर में अखिलेश महागठबंधन को वोट दिलाने के लिए अपने यूपी के अनुभवों और विकास के वादों को बिहार में गिनाएंगे। अखिलेश यादव ने नीतीश कुमार को 'बीजेपी का चुनावी दूल्हा' कहकर चुनावी बहस को धार दी है। सपा का संदेश है कि महागठबंधन ही बिहार को स्थिर, प्रगतिशील और संवेदनशील सरकार दे सकता है। बिहार के युवाओं और पिछड़े वर्गों के बीच अखिलेश की यूपी मॉडल और साझा सत्ता की नीति डाली जा रही है। उधर, बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अब तक बिहार में कोई जनसभा नहीं की है, जबकि 6 नवंबर से उनका प्रचार अभियान शुरू होने की घोषणा की गई है। पार्टी ने दो दर्जन रैलियों का कार्यक्रम तैयार किया है और कैमूर, रोहतास, आरा, बक्सर जैसे पश्चिमी जिलों में अपना नेटवर्क बना रही है। मायावती की पार्टी 'साइलेंट वोटर' और सीमावर्ती वोट बैंक के सहारे चुनाव में असर दिखाना चाहती है। 2005 और 2010 के चुनाव के बाद अब फिर अपना जनाधार मजबूत करने के लिए स्थानीय उम्मीदवारों पर दांव लगा रही है, लेकिन मायावती की चुप्पी ने राजनीतिक विश्लेषकों को भी हैरान किया है। अभी तक उन्होंने खुलकर बिहार में सक्रियता नहीं दिखाई, जिससे दलित और अति पिछड़ा वर्ग के वोटों पर संशय बना हुआ है। समाजवादी पार्टी इस बार इंडिया गठबंधन का हिस्सा है और उसने बिहार की सीटों पर गठबंधन के तहत उम्मीदवार उतारे हैं। सपा के उम्मीदवार मुख्य रूप से महागठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। 2025 बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद सपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें अखिलेश यादव, डिंपल यादव और आजम खान समेत 20 बड़े नेता शामिल हैं। बिहार की 243 सीटों पर चुनाव हो रहा है, लेकिन सपा ने केवल 9 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इनमें पूर्वी चंपारण (कल्याणपुर), सिवान (रघुनाथपुर), कैमूर (भभुवा) आदि विधानसभा क्षेत्रों के सपा प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनके अलावा गठबंधन की स्ट्रैटेजी के तहत महागठबंधन के अन्य दलों को अधिक सीटें दी गई हैं। सपा उम्मीदवारों की सूची में जातीय संतुलन के साथ स्थानीय समाजवादी नेताओं को टिकट दिया गया है। अधिकतर सीटें उच्च पिछड़ा व अल्पसंख्यक बहुल इलाके की हैं। सपा का उद्देश्य बिहार में महागठबंधन के प्रत्याशी को सहयोग देना है।

# जानलेवा प्रदूषण, सरकारों की शर्मनाक नाकामी

ललित गर्ग

भारत की वायु में जहर घुल चुका है। हाल ही में चिकित्सा जनरल में प्रकाशित एक अध्ययन ने यह निष्कर्ष दिया है कि 2010 की तुलना में 2022 में हवा में जानलेवा साबित होने वाले पीएम 2.5 कणों की मात्रा 38 प्रतिशत बढ़ चुकी है। इस वृद्धि का परिणाम यह हुआ कि भारत में सत्रह लाख से अधिक लोगों की अकाल मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण हुई। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि मानवता की उस सांस का हिसाब है जो हमारे शहरों, गांवों और जीवन से हर दिन छीनी जा रही है। प्रदूषण अब केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं रह गया है, यह हमारे विकास, अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय के ढांचे पर गहरी चोट कर रहा है। यह भी सहज ही समझा जा सकता है कि 2022 की तुलना में अब वायु प्रदूषण ने और गंभीर रूप लेते हुए जानलेवा हो गया है, क्योंकि बीते तीन वर्षों में इस समस्या के समाधान के लिए ठोस उपाय किए ही नहीं गए। इसका प्रमाण यह है कि इन दिनों दिल्ली समेत देश के अनेक शहर बुरी तरह प्रदूषण की चपेट में हैं। यह न केवल सरकार की शर्मनाक नाकामी है बल्कि भयावह और बेहद दर्दनाक भी है।

'द लेंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ ऐंड क्लाइमेट चेंज 2025' रिपोर्ट केवल तथ्य नहीं, एक गंभीर चेतावनी है। लैंसेट की रिपोर्ट ही नहीं, अलग-अलग वर्षों में विभिन्न संस्थाओं के अध्ययनों ने भी कुछ इसी तरह के चिन्ताजनक आंकड़े पेश किए हैं। भारत की विशाल आबादी के कारण भी यह संख्या बड़ी हो सकती है, मगर यह समस्या गंभीर चिंतन और तत्काल निवारक कदम उठाए जाने की मांग करती है। भारत में प्रदूषण केवल औद्योगिक उत्पादन या वाहनों की बढ़ती संख्या से नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली, असंतुलित शहरीकरण और अनियोजित निर्माण से भी बढ़ रहा है। हर शहर में धूल, धुआं और अव्यवस्था की परतें जमी हैं। निर्माण स्थलों से उठने वाली धूल, खेतों में पराली जलाने की आदत, घरेलू ईंधनों का अंधाधुंध उपयोग और बढ़ते वाहनों की भीड़-ये सब मिलकर वातावरण को घुटनभरा एवं जानलेवा बना रहे हैं। हमारे शहर अब सांसों के शत्रु बन गए हैं। बढ़ते प्रदूषण की पीड़ा नीति-निर्धारकों से नहीं, उन लोगों से पूछिए, जो खांसते-खांसते बेदम हो जाते हैं और आखिरकार कई के फेफड़े-हृदय उनका साथ देना बंद कर देते हैं। विडंबना यह है कि इनमें से ज्यादातर उस गलती की सजा भुगतने को अभिशप्त हैं, जो उन्होंने नहीं की।



वायु में मौजूद सूक्ष्म कण अब हर सांस में जहर बनकर प्रवेश कर रहे हैं। इस प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता है। कोयला, पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों ने न केवल हवा को जहरीला बनाया है बल्कि हमारे अस्तित्व की नींव को भी कमजोर कर दिया है। इन स्रोतों से होने वाले उत्सर्जन के कारण लाखों लोग असमय काल के ग्रास बन रहे हैं, लेकिन ऊर्जा नीति में सुधार की गति अत्यंत धीमी है। सरकारें बार-बार स्वच्छ ऊर्जा की बात करती हैं, योजनाएं बनाती हैं, लक्ष्य घोषित करती हैं, पर उनका क्रियान्वयन न के बराबर होता है। सबसे गंभीर तथ्य यह है कि इस प्रदूषण के शिकार सबसे अधिक वे लोग हैं जो इसके निमार्ता नहीं हैं। गरीब मजदूर, झुग्गियों में रहने वाले, बच्चे और बुजुर्ग-ये सभी उस वायु के दंश झेल रहे हैं जिसका लाभ अमीरों ने उठाया है। एक ताजा अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट के अनुसार, अमीर तबके का प्रदूषण में योगदान अत्यधिक है। पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की 'जलवायु असमानता रिपोर्ट 2025' बताती है कि विश्व के सबसे धनी लोग अपनी संपत्ति और निवेशों के माध्यम से जलवायु संकट को बढ़ा रहे हैं। वैश्विक कार्बन उत्सर्जन के 41 प्रतिशत के लिए निजी पूंजी जिम्मेदार है। इसका अर्थ यह हुआ कि प्रदूषण का असली निमार्ता संपन्न वर्ग है, जबकि उसकी कीमत गरीब वर्ग अपनी सांसों और जीवन से चुका रहा है। यह असमानता केवल आय की नहीं, बल्कि पर्यावरणीय न्याय की भी है। अमीरों के पास बड़े वाहन हैं, विशाल भवन हैं, आलीशान जीवनशैली है, और वे जीवाश्म ईंधनों पर आधारित उद्योगों में निवेश करते हैं। दूसरी ओर, गरीबों के पास न तो स्वच्छ ऊर्जा है, न शुद्ध हवा। जो अमीर लोग निजी विमानों और विलासितापूर्ण संसाधनों का उपयोग करते हैं, वे एक सामान्य नागरिक की तुलना में सैकड़ों गुना अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। यह असंतुलन हमारे समाज को विषमता और अन्याय की ओर धकेल रहा है।

सरकारों की नीतिगत विफलता इस त्रासदी का दूसरा बड़ा कारण है। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए योजनाएं तो बनती हैं, पर उनमें न तो स्थायित्व होता है, न गंभीरता। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं, निगरानी तंत्र कमजोर है, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई नगण्य है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच जिम्मेदारी का बंटवारा अस्पष्ट है। हर साल सर्दियों में दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य शहरों की हवा जहरीली हो जाती है, तब कुछ दिन के लिए 'आपात कदम' उठाए जाते हैं, पर जैसे ही धुंध छंटती है, सब कुछ फिर पहले जैसा हो जाता है। नीतियों में पारदर्शिता का अभाव और उद्योगपतियों का दबाव भी एक गहरी समस्या है। कोयला आधारित उद्योगों, पेट्रोलियम कंपनियों और निर्माण व्यवसाय से जुड़ी लॉबी सरकारों पर ऐसा प्रभाव बनाए रखती हैं कि कठोर कदम उठाना राजनीतिक दृष्टि से असुविधाजनक बन जाता है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर संक्रमण को हमेशा 'महंगा विकल्प' बताकर टाला जाता है, जबकि वास्तव में यह निवेश मानव जीवन और पर्यावरण की सुरक्षा में है।

वायु प्रदूषण का संकट केवल वातावरण में धूल और धुएं का मामला नहीं है, यह आर्थिक अन्याय, राजनीतिक असंवेदनशीलता और सामाजिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है। जो सरकारें जनजीवन सुधारने का वादा करती हैं, वे हवा की गुणवत्ता सुधारने में विफल रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि वायु प्रदूषण से भारत की अर्थव्यवस्था को हर साल सकल घरेलू उत्पाद का लगभग दस प्रतिशत तक का नुकसान हो रहा है। यह नुकसान केवल पैसों में नहीं, बल्कि मानव संसाधन की हानि, स्वास्थ्य पर बोझ और जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के रूप में भी दिखाई देता है। अब समय है कि इस संकट को केवल पर्यावरणीय मुद्दा न मानकर एक सामाजिक और नैतिक चुनौती के रूप में देखा जाए। हवा का अधिकार हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन यह अधिकार धीरे-धीरे छिनता जा रहा है। अमीरों को अपनी जीवनशैली पर संयम लाना होगा, अपने निवेशों को स्वच्छ ऊर्जा की ओर मोड़ना होगा, और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों से दूरी बनानी होगी। सरकारों को सख्त नीति बनानी चाहिए, जो न केवल प्रदूषण फैलाने वालों को दंडित करे बल्कि स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने वालों को प्रोत्साहन दे।

नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। जब तक जनता स्वयं इस समस्या को अपने जीवन का हिस्सा मानकर आवाज नहीं उठाएगी, तब तक राजनीतिक इच्छाशक्ति जागृत नहीं होगी। हर व्यक्ति को यह समझना होगा कि प्रदूषण से बचाव केवल मास्क लगाने से नहीं होगा, बल्कि सोच और जीवनशैली बदलने से होगा। वायु प्रदूषण एक सामूहिक अपराध बन गया है जिसमें अपराधी कम और पीड़ित अधिक हैं। अब यह वक्त है जब विकास की परिभाषा में स्वच्छ हवा और सुरक्षित वातावरण को सबसे ऊपर रखा जाए। सरकारें यदि सचमुच राष्ट्र की समृद्धि चाहती हैं, नया भारत-विकसित भारत बनाना चाहती है तो उन्हें सांसों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। अमीर तबके को भी यह समझना होगा कि जिस हवा को वे अपने निवेशों से दूषित कर रहे हैं, वह अंततः उन्हीं की अगली पीढ़ियों की सांसों को रोक देगी। आज आवश्यकता है एक ऐसी राष्ट्रीय चेतना की, जो कहे कि हवा किसी वर्ग की नहीं, समस्त जीवन की संपत्ति है। जब तक यह चेतना जागृत नहीं होती, तब तक हर आंकड़ा, हर रिपोर्ट और हर योजना केवल दस्तावेज बनकर रह जाएगी, और भारत की हवाएं यूं ही जहर बनती रहेंगी। वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण को लेकर किसी किस्म की उदासीनता देश और मानवता के साथ अन्याय होगा।

# विशिष्टताओं से भरी है पहाड़ की बूढ़ी दीपावली

डॉ. श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

पर्वतीय लोगों की असली दीपावली इगास पर्व ही है, जिसे बूढ़ी दीपावली के रूप में मनाया जाता है। यह दीपोत्सव के ठीक ग्यारह दिनों बाद मनाया जाता है। उत्तराखंड व हिमाचल में रह रहे लोगों को छोड़ कर शायद ही किसी ने इगास यानी बूढ़ी दीपावली के बारे में सुना होगा, पर्वतीय मूल के अब के बच्चों को भी बूढ़ी दीपावली के बारे में पता नहीं है कि यह कोई त्यौहार है। दीपोत्सव को इतनी देर से मनाने के दो कारण हैं- पहला और मुख्य कारण भगवान श्रीराम के अयोध्या वापस आने की खबर सूदूर पहाड़ी निवासियों को ग्यारह दिनों बाद मिली और उन्होंने उस दिन को ही दीपोत्सव के रूप में हर्षोल्लास से मनाने का निश्चय किया। बाद में छोटी दीपावली से लेकर गोवर्धन पूजा तक सबको मनाया, लेकिन ग्यारह दिन बाद की उस दीवाली को मनाना नहीं छोड़ा। पहाड़ों में इस दिन लोग दीये जलाते हैं, गौ पूजन करते हैं, अपने ईष्ट और कुलदेवी-कुलदेवता की पूजा करते हैं, नयी उड़द की दाल के पकौड़े बनाते हैं और गहत की दाल के स्वांले (दाल से भरी पूड़ी)।

दीपावली और इगास की शाम को सूर्यास्त होते ही औजी हर घर के द्वार पर ढोल दमाऊ के साथ बडई (एक तरह की वाद्य यंत्र) बजाते हैं फिर लोग पूजा शुरू करते हैं, पूजा समाप्ति के बाद सब लोग ढोल दमाऊ के साथ कुलदेवी या देवता के मंदिर जाते हैं वहां पर मंडाण (पहाड़ी नृत्य) नाचते हैं, चीड़ की राल और बेल से बने भैला (एक तरह की मशाल) खेलते हैं, रात के बारह बजते ही सब घरों से इकट्ठा किया गया सतनाजा (सात अनाज) गांव की चारों दिशा की सीमाओं पर रखते हैं। इस सीमा को दिशाबंधनी कहा जाता है, इससे बाहर लोग अपना घर नहीं बनाते। ये सतनाजा मां काली को भेंट होता है।

इगास मनाने का दूसरा कारण है- गढ़वाल नरेश महिपति शाह के सेनापति वीर माधोसिंह, गढ़वाल तिब्बत युद्ध में गढ़वाल सेना का नेतृत्व कर रहे थे। गढ़वाल सेना युद्ध जीत चुकी थी लेकिन माधोसिंह सेना की एक छोटी टुकड़ी के साथ मुख्य सेना से अलग होकर भटक गये। सबने उन्हें वीरगति को प्राप्त मान लिया लेकिन वो जब वापस आये तो सबने उनका स्वागत बड़े जोर-शोर से किया। ये दिन दीपोत्सव के ग्यारह दिनों बाद का दिन था इसलिए इस दिन को भी दीपोत्सव जैसा मनाया गया, उस युद्ध में माधोसिंह गढ़वाल-तिब्बत की सीमा तय कर चुके थे जो वर्तमान में भारत- तिब्बत सीमा है।

पहाडी इगास लुप्त होने वाले त्यौहारों की श्रेणी में है, इसका मुख्य कारण बढ़ता बाजारवाद, क्षेत्रीय लोगों की उदासीनता और पलायन है। इस त्यौहार को बूढ़ दवैली, बूढ़ी दिआऊड़ी, दयाउली भी कहा जाता है। इस पारम्परिक आयोजन से जुड़ी किवदंतियां महाभारत व रामायण युग से सम्बन्धित हैं। पहाड़ी इलाकों में श्रीराम के अयोध्या लौटने की खबर देर से पहुंची और तब तक पूरा देश दीवाली मना चुका था फिर भी पहाड़ी निवासियों ने दीपोत्सव मनाया जिसका नाम पड़ गया बूढ़ी दीवाली।

बूढ़ी दिवाली आयोजनों में अभिमन्यु के चक्रव्यूह भेदने के दृश्य को खास अंदाज में मंचित किया जाता है। अखाड़े में लोग रस्सियों का एक घेरा बना उसे थामे रहते हैं। बीच में एक व्यक्ति हाथ में लाठी थामे रहता है। निश्चित समय पर संकेत से रस्सी का घेरा तंग किया जाता है बीच में खड़े अभिमन्यु को जकड़ने की कोशिश की जाती है वह घेरा तोड़ने का प्रयास करता है और सफल होकर दिखाता है। यह क्रिया कई बार दोहराई जाती है। इस चक्रव्यूहिक आयोजन में लोग कई बार जख्मी हो जाते हैं। मगर उल्लास और उमंग के वातावरण में कोई परवाह नहीं करता।

इससे पहले अमावस की संध्या को टूटी लकड़ियाँ इकट्ठी की जाती है व मेला स्थल दशनामी में रात्रि की पूवार्ध में पूजन कर उनमें आग लगा दी जाती है। लोग गाते हुए 'पांडव नृत्य' करते हैं। मध्य रात्रि को पांडव कौरव संघर्ष अभिनीत किया जाता है, कौरव पांडवों पर आक्रमण करते हैं, पांडव डट कर मुकाबला कर जीतते हैं, फिर जश्न होता है। पूरी रात विजयोल्लास में परिवर्तित हो जाती हैं।

सिरमौर में मूल दीवाली के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में काम की अधिकता होती है। यहां इन दिनों घासनियों (घास उगाने वाली जगहें) से सर्दी के लिए घास काटकर रखना होता है। मक्की की कटाई, अरबी निकाली जा रही होती है। अदरक निकाल कर बाजार पहुंचाना होता है। ऐसे समय के बीच दीवाली मनाने की फुरसत नहीं मिलती इसलिए बूढ़ी दीवाली मनाई जाती रही है। बूढ़ी दीवाली के पहले दिन मक्की के सूखे टांडों को जलाया जाता है। ढोल करनाल, दुमालू के लोकसंगीत में गूँथी शिरगुल देव की गाथा गाई जाती है। कार्यक्रम देर रात तक चलता है। अमावस्या के मौके पर दीवाली का मुख्य नृत्य 'बूढ़ा नृत्य' होता है। हुड़क बजाते हैं। शाम को सूखी लकड़ी एकत्र कर जलाई जाती है। अगले दिन पड़वा को देव पूजा होती है।

बूढ़ी दीवाली के दिन उड़द भिगोकर फिर उसे पीसकर, नमक मसाले मिला कर आटे के गोले के बीच भरकर पहले तवे पर रोटी की तरह सेंका जाता है फिर सरसों के तेल में फ्राई कर देसी घी के साथ खाया जाता है। मूड़ा, मक्की भूनकर व धान को नमक के पानी में कई दिन भिगोकर, छिलका अलग कर भूनकर, कूटकर चिवड़ा बनाकर खाया खिलाया जाता है। इन पहाड़ी खानों का अपना विशिष्ट स्वाद होता है। कई स्थानों पर दीवाली को मंगशराली भी कहते हैं। पुरेटुआ का गीत गाना इस अवसर पर जरूरी समझा जाता है। जिसमें वर्णित है कि त्योहार के मौके पर घर पर ही रहना चाहिए। पुरेटुआ ने अपनी वीरता के अभिमान में ऐसा किया और मारा गया। सिरमौर में कई जगह दिन में सिरमौरी लोक नाट्य सांग और स्वांग का आयोजन भी होता है। उत्सव के दौरान हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची रहती है। आग जलाकर चारों तरफ बैठकर लोक नृत्य 'नाटी' का रंग जमता है। खलियानों में रखे कृषियंत्रों पर दीपक जलाए जाते हैं। पारम्परिक लोकगीत गाए जाते हैं। इस दीवाली को क्षेत्र में पुरानी या बूढी दीवाली के नाम से जाना जाता है। इस दिन पहाड़ी उत्पाद झंगोरे से तैयार विशेष पकवान मेहमानों को परोसे जाते हैं। इसके बाद दूसरे दिन रात्रि में मुख्य होलियात खेली जाती है और ग्रामीण लगभग आधी रात तक अपनी लोक संस्कृति पर आधारित लोकगीतों व लोकनृत्यों पर थिरकते हुए पर्व का जश्न मनाते हैं। तीसरे दिन भिरुड़ी का आयोजन होगा। जिसमें अंतिम होलियात खेली जाएगी। चौथे दिन मुख्य भांड़ का आयोजन होता है और पांचवें दिन गावों में पांडव नृत्य के साथ पर्व को विदाई दी जाएगी।

पर्व को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है। दूरदराज के इलाकों में नौकरी कर रहे लोगों ने भी पर्व को लेकर घरों को आना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, घरों में पर्व की तैयारियों को लेकर क्षेत्रवासी जोर-शोर से जुटे हुए हैं। बाजारों में भी बूढ़ी दीपावली पर्व की रौनक देखने को मिल रही है जो निश्चित ही पहाड़ों में अनुपम खुशी बिखेरती है। उत्तराखंड सरकार ने बूढ़ी दीपावली पर राजकीय अवकाश घोषित किया हुआ है जो इस पर्व की महत्ता का प्रबल प्रमाण है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7600

✶ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7599 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# आज भी जारी है सत्ता की सियासत में परिवारवाद

कुमार कृष्णान

बिहार में सत्ता की सियासत में परिवारवाद का खेल जारी है। प्रदेश की कई पार्टियों ने अपने सगे संबंधियों को ही चुनावी मैदान में उतारा है। लगभग हर जिले में किसी न किसी बड़े सियासी घराने के बेटे, बेटी, दामाद, बहू या पत्नी चुनावी अखाड़े में हैं। गायघाट से गया, रोहतास से औरंगाबाद और समस्तीपुर से लेकर मुजफ्फरपुर तक, टिकट बंटवारे में पारिवारिक समीकरण देखे जा सकते हैं।

बीजेपी, जेडीयू, राजद और रालोमो ने अपने परिवार वालों पर ही भरोसा जताया। किसी सांसद की पत्नी मैदान में हैं तो कहीं पूर्व मंत्री के बेटे को टिकट मिला। कहीं, दामाद से उम्मीदें हैं तो कहीं बहू और समधिन को प्रचारक बनाया। सारण के गरखा से चिराग ने अपने भांजे सीमांत मृणाल को मैदान में उतारा है। जिससे साफ होता है कि बिहार की राजनीति में वंशवाद सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि चुनावी रणनीति बन चुकी है। नेताओं के घरों से निकली नई पीढ़ी अब अपनी सियासी पहचान गढ़ने को तैयार है।

गया की दस सीटों में चार हम (हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा ) को मिलीं हैं। इन सभी पर जीतनराम मांझी ने परिवार या रिश्तेदारों को उतारा है। टिकारी से डॉ. अनिल कुमार और अतरी से उनके भतीजे रोमित कुमार उम्मीदवार हैं। बाराचट्टी से ज्योति देवी मांझी (समधिन) और इमामगंज से दीपा मांझी (पतोहु) मैदान में हैं। उधर, चेरिया बरियारपुर में जदयू ने पूर्व मंत्री मंजू वर्मा के बेटे अभिषेक आनंद को टिकट दिया, जबकि राजद ने पूर्व मुख्यमंत्री सतीश प्रसाद सिंह के बेटे सुशील सिंह कुशवाहा को उतारा।

गायघाट से जदयू प्रत्याशी कोमल सिंह की मां वीणा देवी वैशाली से सांसद हैं। पिता जदयू के एमएलसी हैं।उनके अलावा सकरा में जदयू विधायक अशोक चौधरी के बेटे आदित्य कुमार चुनावी मैदान में हैं। मीनापुर से जदयू ने पूर्व मंत्री दिनेश प्रसाद सिंह के बेटे अजय कुशवाहा को टिकट दिया। कुढ़नी से बबलू कुशवाहा ससुर बसावन भगत (पूर्व मंत्री) की परंपरा आगे बढ़ा रहे हैं। साहेबगंज में राजद ने पूर्व मंत्री राम विचार राय के दामाद पृथ्वीनाथ राय को उम्मीदवार बनाया। बरूराज से वीआईपी के ई. राकेश राय चुनाव मैदान में हैं, पिता शशि राय पांच बार विधायक रह चुके हैं।

सासाराम से स्नेहलता (उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी) रालोमो प्रत्याशी हैं। दिनारा से आलोक सिंह (मंत्री संतोष सिंह के भाई) मैदान में हैं। औरंगाबाद से गोपाल सिंह के पुत्र त्रिविक्रम नारायण सिंह भाजपा प्रत्याशी हैं। करगहर में संतोष मिश्रा (पूर्व मंत्री गिरीश नारायण के पुत्र) कांग्रेस के उम्मीदवार बनाए गए हैं।नवीनगर से जदयू ने चेतन आनंद (आनंद मोहन और लवली आनंद के पुत्र) को मैदान में उतारा है।

तरारी-बक्सर इलाके में पांडेय परिवार का क्षेत्र में प्रभाव है। तरारी से भाजपा विधायक विशाल प्रशांत (पूर्व जदयू विधायक सुनील पांडेय के पुत्र) फिर मैदान में हैं। उनके चाचा हुलास पांडेय बक्सर की ब्रह्मपुर सीट से लोजपा (आर) के प्रत्याशी हैं। शाहपुर से राकेश रंजन (दिवंगत भाजपा उपाध्यक्ष विश्वेश्वर ओझा के पुत्र) भाजपा प्रत्याशी हैं। जगदीशपुर से राम विष्णु सिंह लोहिया के बेटे किशोर कुणाल को टिकट मिला है।

आधिकारिक वेबसाइटों, चुनावी हलफनामों और भारत के चुनाव आयोग की रिपोर्टों के आंकड़ों से पता चला है कि सभी राजनीतिक दल प्रथम परिवारों के प्रभाव में हैं। देश भर के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। आश्चर्य की बात नहीं है कि कांग्रेस, अपनी सिकुड़ती चुनावी उपस्थिति के बावजूद, इस सूची में शीर्ष पर है जिसके 33.25% सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्य राजनीतिक परिवारों से आते हैं। भारतीय जनता पार्टी, जो स्पष्ट रूप से एक अलग संगठन है, अपने प्रतिद्वंद्वी के साथ कदमताल मिला रही है। इसके 2,078 विधायकों में से, अनुमानित 18.62% वंशवादी हैं। यह भी चौंकाने वाली बात है कि जब राज्य विधानसभाओं या संसद में एक से अधिक सदस्यों वाले परिवारों की बात आती है, तो भाजपा नंबर एक स्थान पर है भाजपा के सहयोगी दलों में, तेलुगू देशम पार्टी के 163 विधायकों में से 51 विधायक वंशवादी हैं, जबकि जनता दल (यूनाइटेड) के 81 विधायकों में से 28 वंशवादी हैं। यह परिवार द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी, जो राष्ट्रीय विपक्ष के कुछ घटक हैं, में भी फैसले लेता है।

लोकतंत्र में, रिश्तेदारों को राजनीतिक उत्तराधिकार का अधिकार देने से रोकने वाला कोई नियम नहीं है। लेकिन यह परंपरा कई कारणों से लोकतंत्र की भावना के प्रतिकूल है। उदाहरण के लिए, लोकतंत्र के गहराने से आदर्श रूप से राजनीतिक दलों की पहुँच आम लोगों के लिए अधिक सुलभ होनी चाहिए। हालाँकि, इस समय एक विपरीत समीकरण प्रचलित है - जो योग्यता के सिद्धांत के लिए हानिकारक है - जिसमें एक राजनीतिक दल ऐसे पारिवारिक पूंजीहीन लोगों पर भरोसा करने के बजाय नेता के परिवार के सदस्यों के प्रति वफादार रहना पसंद करता है। यह पार्टियों को नई पीढ़ी के नेताओं को आगे बढ़ाने के लिए तैयार करने से भी रोकता है। इस कमी के गंभीर परिणाम होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक नेता का निधन या अयोग्यता आंतरिक पारिवारिक कलह की संभावना को बढ़ा सकता है, जिससे दलबदल या यहाँ तक कि एक राजनीतिक इकाई का विघटन भी हो सकता है। राजनीतिक संस्थाओं पर परिवार की पकड़ के कारण सामूहिक असंतोष के संकेत मिल रहे हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि जिसमें नेतृत्व क्षमता हो वो आगे आएं और राजनीति में वंशवाद की कोई जगह नहीं।

## दैनिक पंचांग

**2 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.15 ब.से |
| चंद्र | मीन में | धनु | 09.31 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 11.36 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.22 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.55 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मेष | 16.26 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 18.06 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 20.04 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 22.17 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.33 बजे से |
| 4.30 से 6.00 बजे तक | | कन्या | 02.45 बजे से |
| | | तुला | 04.56 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 306 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 07.32 बजे तदनन्तर द्वादशी 05.08 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 17.04 बजे को समाप्त। **योग** व्याघात 23.10 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 07.32 बजे, बव 18.25 बजे तदनन्तर बालव 05.08 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 45' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872516 **जूलियन दिन** 2460981.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 10 **विशेष** गौण देवउत्थान एकादशी, वैष्णव उत्थान एकादशी, तुलसी विवाह।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# डीसी ने विभिन्न निर्माण कार्यों एवं संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती के द्वारा जिले के विभिन्न निमार्णाधीन एवं क्रियाशील भवनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने नव-निर्मित बाल गृह का निरीक्षण करते हुए बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी भवन का भी निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने सुरक्षित विद्युत वायरिंग एवं फायर सेफ्टी मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। इसके बाद डीसी ने सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया और बाउंड्री वॉल, पेवर ब्लॉक, पेंटिंग तथा होर्डिंग्स की स्थिति की समीक्षा करते हुए सुधारात्मक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नव-निर्मित



बाल गृह का पुनः निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता की जांच की। इसके उपरांत डीसी हेमंत सती ने जिरवाबाड़ी स्थित निमार्णाधीन मार्केट परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मार्केट का 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है और इसे 26 जनवरी 2026 तक उद्घाटन करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मार्केट परिसर में फल, सब्जी, मछली, चिकन आदि की कुल 112 दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। डीसी ने कहा कि इस मार्केट के निर्माण से सड़क किनारे लगने वाली अस्थायी दुकानों को स्थानांतरित कर बाजार को व्यवस्थित स्वरूप दिया जाएगा, जिससे सड़क अतिक्रमण समाप्त होगा और ट्रैफिक व्यवस्था में सुगमता आएगी। निरीक्षण के दौरान डीसी ने नगर परिषद साहिबगंज को भी निर्देश दिया कि पटेल चौक के समीप एक नए व्यवस्थित मार्केट परिसर की आवश्यकता है, क्योंकि रेलवे स्टेशन से पटेल चौक और गांधी चौक तक का मार्ग अत्यधिक संकुचित एवं भीड़भाड़ वाला है। इस दिशा में डीसी ने उपयुक्त भूमि चिह्नित करने के निर्देश दिए ताकि आने वाले समय में शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके और सड़क किनारे की दुकानें व्यवस्थित बाजार में स्थानांतरित की जा सकें। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन के निरंतर प्रयासों से जल्द ही शहर के स्वरूप में सकारात्मक बदलाव दिखाई देंगे। बेहतर सड़क व्यवस्था, सुव्यवस्थित बाजार और सुरक्षित सार्वजनिक स्थल नागरिकों के लिए सहज एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करेंगे। इसके पश्चात डीसी ने जिरवाबाड़ी क्राफ्ट मार्ट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित किया जाएगा, जो महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक सराहनीय पहल होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवंबर माह में क्राफ्ट मार्ट का उद्घाटन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान डीसी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षा मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं ताकि जनता को इसका शीघ्र लाभ मिल सके।

## एक नजर

### राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में साहिबगंज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**साहिबगंज:** खेलो इंडिया के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय सकूली खेल प्रतियोगिता 2025-26, झारखंड में संपन्न हुई, जिसमें राज्य के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में पूर्व रेलवे हाई स्कूल, साहिबगंज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं मालदा मंडल का नाम रोशन किया। वहीं आदित्य कुमार के छात्र ने 55 किलोग्राम ग्रीको-रोमन शैली कुश्ती वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और समीर कुमार यादव के छात्र ने 45 किलोग्राम फ्री स्टाइल कुश्ती वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन छात्रों की लगन, अनुशासन और खेल भावना से विद्यालय में खेल संस्कृति को नई प्रेरणा मिली है। उनकी उपलब्धियों ने न केवल विद्यालय का गौरव बढ़ाया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया है।

### बंद घर में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के सामान अपने साथ उड़ा ले गए

**साहिबगंज:** जिला के राजमहल थाना अंतर्गत मोगलानीचक मोहल्ले में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मोगलानी चक निवासी बाबुल खान एवं उसके बड़े भाई राजू खान व्यापार के सिलसिले में पंजाब के लुधियाना में रहते हैं। बड़े भाई राजू खान की पत्नी वाजदा तब्बसुम अपने पुत्र एंव पुत्री के साथ उक्त मकान में रहती है। राजू खान के पुत्र अरमान खान ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य बीते 25 अक्टूबर की दोपहर साहिबगंज मामा के घर चले गए थे। इधर चोरों ने बंद घर को निशाना बना लिया। साहिबगंज से गुरुवार की दोपहर 2:00 बजे नयाबाजार मोगलानीचक चक स्थित अपने घर पहुंचे तो चोरी होने का पता चला। देखा कि मुख्य द्वार पर लगा कलेप्सेबल गेट का ताला टूटा हुआ है। चोरों ने 2 लकड़ी के दरवाजों का ताला तोड़ कर घर में प्रवेश किया। ग्राउंड फ्लोर के 1 कमरे एंव फर्स्ट फ्लोर के 3 कमरों में रखे सभी सामानों को चोरों ने तीतर-बीतर कर दिया। 2 लोहे के अलमीरा एवं उसके लॉकर को तोड़कर उसके अंदर रखा कई भरी वजन का सोने-चांदी के आभूषण, 1 लाख 30 हजार रु नकद, एक एंड्राइड मोबाइल सहित अन्य कीमती सामान की चोरी कर ली।

### उपायुक्त ने किया खाद्यान्न गोदामों का औचक निरीक्षण



**सिमडेगा:** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने गुरुवार को जेएसएफसी गोदाम एवं बाजार समिति गोदाम सिमडेगा का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा की तथा विभाग द्वारा निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बाजार समिति स्थित चावल गोदाम में रखे गए चावल बोरियों के रखरखाव, साफ-सफाई, स्टॉक व्यवस्था एवं गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। उन्होंने गोदाम प्रभारी को निर्देश दिया कि खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण एवं वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। इसके अलावा, उपायुक्त ने डेली मार्केट परिसर में राज्य खाद्य निगम द्वारा किए जा रहे मरम्मत कार्यों का भी निरीक्षण किया।

## आरपीएफ ने संदेहास्पद बुकिंग ऑफिस के पास खड़ी दो नाबालिक लड़की का किया रेस्क्यू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के बरहरवा में शुक्रवार को 21.30 बजे से आरपीएफ इंस्पेक्टर बरहरवा संजीव कुमार, हमराह कांस्टेबल अजय कुमार और कांस्टेबल ए डी चौधरी के साथ बरहरवा रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करी और अन्य असामाजिक तत्वों के खिलाफ जांच कर रहे थे। जांच के दौरान, जब पहुंचे तो देखा कि दो नाबालिग लड़की संदेहास्पद बुकिंग ऑफिस के पास खड़ी है। संदेह होने पर उनके पास जाकर जब उनसे पूछताछ किया गया तो वे घबरा गई और इधर उधर की बात करने लगे। जब कड़ाई से पूछा गया तो एक लड़की ने अपनी उम्र 14 साल और दूसरी ने अपनी उम्र 15 साल थाना पाकुड़िया, जिला पाकुड़ की रहने वाली बताया और आगे दोनों ने बताया कि वे दोनों एक ही गांव की है और गांव के ही लड़कों जो गाजियाबाद में रहते हैं, उनसे प्यार करती है जिसकी जानकारी उनके परिवार को नहीं है, उन्हीं से मिलने घर में बिना अपने परिवार को बताए बरहरवा स्टेशन भाग कर आ गई और यहां से गाजियाबाद जाना था। उनकी गतिविधियों से संतुष्ट न होने के कारण नाबालिक लड़की को आरपीएफ/पोस्ट/बरहरवा लाया गया और मामले की सूचना बाल संरक्षण मंथन/बरहरवा को दी गई।

## मोबाइल से ध्यान हटाने के लिए बच्चों को देशी खेलों की ओर प्रेरित करें अभिभावक : बजरंगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मोबाइल से ध्यान हटाने के लिए बच्चों को शारीरिक शिक्षा, देशी खेलकूद के लिए अभिभावक प्रोत्साहित करे उक्त बाते प्रदेश यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव ने कही। उन्होंने कहा कि साहिबगंज की धरती वीरों की धरती है, यहां मां गंगा का वास है। आज के बच्चे स्कूल से आकर मोबाइल में चिपक जाते है, बच्चों को देशी खेल कुश्ती, कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेक्टिश, बैडमिंटन सहित देशी खेल खेलने के लिए प्रेरित करे। बच्चों को शुद्ध ताजी पौष्टिक आहार दे, दूध दही शुद्ध घी खिलाए। तभी पहलवान बनकर अपने साथ साथ अपने परिवार जिला प्रदेश का नाम रौशन करेगे। प्रदेश के सभी जिला



में जल्द ही दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। गौशाला मेला में प्रदेश यादव महासभा के बैनर तले दो दिवसीय अंतरराज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे व अंतिम दिन बिहार, यूपी, पंजाब, हरियाणा, झारखंड, उत्तराखंड सहित कई प्रदेश के पहलवान सहित पड़ोसी देश नेपाल के पहलवान दंगल में शामिल हुए। हल्की बारिश के बीच 120 किलो से लेकर 40-45 किलो के पहलवानों ने दंगल में अपने दाव को दिखाया। हरियाणा, पंजाब, यूपी ओर नेपाल के पहलवानों ने अपने दाव से प्रतिद्वंदी को पछाड़ते हुए लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। वही पंजाब के पहलवान रोहित ऑल ओवर चैंपियन बने, रोहित को प्रदेश यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य ने अंग वस्त्र मेडल, बाबू अर्जुन अवॉर्ड की चमचमाती ट्रॉफी ओर नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने सतर्कता जागरूकता का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के बैनर तले श्रीराम चौकी स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रांगण में बच्चों के बीच कॉपी एवं कलम का वितरण किया गया। इस दौरान दुर्घटना का शिकार हुए महादेवगंज निवासी मृतक मुकेश कुमार की पत्नी गुड़िया देवी को एक्सीडेंटल बीमा के क्लेम की राशि 10 लाख रुपया का चेक दिया गया।



बैंक प्रबंधक मणिकांत कुमार ने आसपास के लोगों, स्कूल शिक्षक, शिक्षिका एवं बच्चों को एक्सीडेंटल बीमा के महत्व की जानकारी दी। कहा कि हर इंसान को एक्सीडेंटल बीमा कराना चाहिए। ताकि किसी अनहोनी पर उनके आश्रित को सहारा मिल सके। मौके पर बैंक सखी गुड़िया रानी, एफएलएसआई प्रियंका कुमारी, पूजा देवी, रिंकू देवी, ललिता देवी, शिक्षिका अनिता कुमारी, विनती शर्मा, अंजनी कुमारी, सरस्वती कुमारी, पीयूष कुमार अन्य छात्र व छात्राएं उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटेल जयंती पर किया माल्यार्पण

**साहिबगंज :** भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक आधुनिक भारत के शिल्पी भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का 150वा जयंती पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी नगर कार्यकताओं ने नगर अध्यक्ष संजय पटेल के नेतृत्व में पटेल चौक स्थित लोह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा पर माला पहनाकर व श्रद्धा सुमन अर्पित करके नमन करके जयंती मनाया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के दृढ इच्छा शक्ति से 565 छोटे बड़े रियासत को मिला कर अखंड भारत का निर्माण किया। इसलिए आज हम उनके जन्मदिन को एकता दिवस के रूप में मानते हैं। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामानंद साह, चंद्रभान शर्मा, प्रेमलाल मंडल, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज पासवान, नगर महामंत्री संतोष चौधरी, सतीश आर्य सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 22 लिपिकों को प्रधान लिपिक के पद पर मिली पदोन्नति



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्थापना से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और कुल 22 लिपिकों को प्रधान लिपिक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। यह पदोन्नति 31 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद दी गई, जिससे जिले के सभी कर्मियों में हर्ष और उत्साह का माहौल व्याप्त हो गया। प्रोन्नत सभी लिपिकों ने उपायुक्त से भेंट कर इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया और जिले के प्रशासनिक कार्यों को और अधिक दक्षता व निष्ठा से पूरा करने का संकल्प लिया। वहीं इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पदोन्नति केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और भरोसे का प्रतीक है। आशा है कि आप सभी अपनी भूमिका का निर्वहन पूर्ण समर्पण और ईमानदारी से करेंगे। उपायुक्त द्वारा स्थापना शाखा के कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए सभी प्रधान लिपिकों को भी बधाई दी।

# जमशेदपुर में श्रद्धा और एकता के साथ मनाई गई सरदार पटेल की 150वीं जयंती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** राष्ट्र की एकता और अखंडता के शिल्पकार, भारत के पहले गृहमंत्री एवं भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकताओं ने श्रद्धाभाव से मनाया। शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, पोटका की पूर्व प्रत्याशी मीरा मुंडा समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकताओं ने बिस्टुपुर स्थित सरदार पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने 'सरदार पटेल अमर रहें' , 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाये।




इस अवसर पर सांसद विद्युत महतो ने सरदार पटेल को भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार बताते हुए कहा कि देश को एकता के सूत्र में पिरोने में सरदार पटेल की भूमिका अतुलनीय है। सरदार पटेल ने देश को एकजुट करने के महत्व को समझा और 562 रियासतों का न सिर्फ विलय करवाया बल्कि उस दौरान जूनागढ़ और हैदराबाद का भी विलय करवाया। उन्हीं का प्रयास था कि यह दोनों आज भारत का हिस्सा हैं। सांसद ने कहा कि सरदार पटेल के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पूरा कर रही है। वहीं, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि सरदार पटेल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं। सरदार पटेल त्याग की प्रतिमूर्ति थे जिन्होंने देश के लिए प्रधानमंत्री की कुर्सी का भी त्याग कर दिया। उनके जीवन संघर्ष को हम सभी को आत्मसात करना चाहिए और उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं, पोटका की पूर्व प्रत्याशी मीरा मुंडा ने कहा कि आज का दिन हम सबको याद दिलाता है कि भारत की शक्ति हमारी एकता और विविधता में निहित है। सरदार पटेल के जीवन आदर्शों पर चलकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत और समृद्ध भारत के निर्माण को हम सब संकल्पित हैं। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ल, कुलवंत सिंह बंटी, नीरज सिंह, जटाशंकर पांडेय, जिला पदाधिकारी संजीव सिन्हा, राजीव सिंह, संजीव सिंह, जितेंद्र राय, सुबोध झा, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलू मछुआ, सागर राय, मंजीत सिंह, रमेश बास्के आईटी सेल संयोजक बिनोद सिंह, सह संयोजक उज्ज्वल सिंह, किशोर ओझा समेत मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी, अजीत सिंह, प्रशांत पोद्दार, बिनोद राय, अमित मिश्रा, आनंद कुमार, युवराज सिंह, पवन सिंह, राकेश दुबे, मनोज सिंह, एस कार्तिक व अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### साहिबगंज के लिए येलो अलर्ट जारी, बंगाल सीमा होने से जिले में भारी बारिश



**साहिबगंज:** अरब सागर में सक्रिय चक्रवाती तूफान ह्यमोंथाह्न का प्रभाव अब झारखंड के उत्तरी जिलों में स्पष्ट रूप से दिखने लगा है, जिसमें साहिबगंज जिला भी प्रभावित हो रहा है। गुरुवार को जिले में पूरे दिन बादल छाए रहे और रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। इससे मौसम अचानक ठंडा हो गया और लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। मौसम विभाग के अनुसार, 31 अक्तूबर तक झारखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। जहां शुक्रवार 31 अक्टूबर को साहिबगंज जिले में लगातार बारिश हो रही है। वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि ह्यमोंथाह्न पूर्व-मध्य अरब सागर के ऊपर सक्रिय है और उत्तर-पूर्व दिशा की ओर बढ़ रहा है। आइएमडी ने गुरुवार और शुक्रवार को साहिबगंज के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और बिजली गिरने की चेतावनी दी गयी है। कृषि विभाग के वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र कुमार मेहता ने बताया कि साहिबगंज की भौगोलिक स्थिति पश्चिम बंगाल की सीमा से सटी होने के कारण यहां तूफान का असर अधिक हो सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि वे फसलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं और मौसम विभाग की चेतावनियों पर ध्यान दें। गुरुवार को हुई हल्की बारिश से जिले का तापमान गिर गया है। लोग ठंड महसूस करने लगे हैं और बच्चे-बुजुर्ग मौसम के बदलते मिजाज से बचाव के उपाय करते नजर आ रहे हैं।

### जामनगर में नशे का अड्डा बनता गांव, गांजा, देसी व अंग्रेजी शराब की खुलेआम बिक्री



**साहिबगंज:** राजमहल थाना क्षेत्र के पश्चिमी जामनगर पंचायत क्षेत्र में नशे का जाल तेजी से फैलता जा रहा है। गांव में गांजा, देसी महुआ शराब और अंग्रेजी शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है। इन मादक पदार्थों की वजह से गांव की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में बबार्दी की ओर बढ़ रही है।
ग्रामीणों का कहना है कि यह अवैध कारोबार कई महीनों से लगातार चल रहा है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। कई बार शिकायत के बाद भी गांजा और शराब बेचने वाले खुलेआम अपने धंधे को अंजाम दे रहे हैं। नशे के कारण गांव में झगड़े, घरेलू विवाद और अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि युवक दिन-रात नशे में धुत रहते हैं, जिससे गांव की शांति और सामाजिक संरचना पूरी तरह चरमरा चुकी है। जहां एक ओर नशामुक्त अभियान के तहत युवा भारतीय मोर्चा संगठन और पंचायत समिति सदस्य व ग्रामीण मिलकर लगातार नशा मुक्ति अभियान चला रहे हैं, वहीं विक्रेताओं के हौसले बुलंद हैं।
गांव में गांजा, देसी महुआ शराब और अंग्रेजी शराब का कारोबार अब खुलेआम सड़कों और गलियों में किया जा रहा है।ग्रामीणों ने राजमहल थाना पुलिस और जिला प्रशासन से तुरंत छापेमारी कर कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस नशे के जाल को समाप्त किया जा सके। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने जल्द कदम नहीं उठाया, तो गांव की आगामी पीढ़ी पूरी तरह नशे में डूब जाएगी। मौके पर मौजूद युवा भारतीय मोर्चा संगठन के अध्यक्ष फेकन मंडल, उदय रविदास, पवन कुमार मंडल, पंचायत समिति पति उत्तम मंडल, फेकन मंडल, भारत मंडल, अमरजीत मंडल, तपेश मंडल, राधिका मंडल, वार्ड सदस्य वीरेंद्र मंडल, अमन कुमार शाह, दीपक कर्मकार, सनोज कर्मकार।

### रात्रि में चला संयुक्त वाहन जांच अभियान 19 भारी वाहनों पर की गई कार्रवाई



**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के निदेर्शानुसार गुरुवार की देर रात्रि को जिले में अवैध खनन एवं परिवहन पर रोकथाम हेतु विशेष संयुक्त वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश चौधरी, जिला खनन पदाधिकारी राजेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महेशपुर विजय कुमार एवं खनन निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। जांच के दौरान पाकुड़ नगर क्षेत्र, कोयला रोड चौक, शिवताला, शहरग्राम चौक, डांगापाड़ा एवं कोयला रोड मार्ग पर परिचालित सभी भारी वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान वाहनों के माइनिंग चालान, ओवरलोडिंग, तिरपाल की स्थिति, फिटनेस प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। अभियान के क्रम में कुल 30 से 35 भारी वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 19 वाहनों में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं। संबंधित वाहनों पर दंडात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन मालिकों से जुमार्ने की राशि वसूली की जा रही है। वहीं उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई निरंतर एवं सख्ती से जारी रहेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि रात्रिकालीन जांच को नियमित रूप से जारी रखा जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

### मानव-हाथी संघर्ष का मुख्य कारण पेट की भुख : विधायक कोनगाड़ी



**ठेठईटांगर :** प्रखण्ड अंतर्गत कोनपाला पंचायत के पोरहलटोली, लेटाबेड़ा, धमिनडाँड़, गोमिया आदि गांव में हांथी आने की और हाथियों के द्वारा किये गए नुकसान की खबर जैसे ही विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को मिली, तुरंत विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा को निर्देशित कर गांव वालों के बीच में पहुंच कर लोगों को हाथी से बचने के लिए डीजल, मोबिल और पटाखे का वितरण करवाया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 40-45 की संख?या में हाथी घुसे हैं और क्षेत्र में आतंक मचा रहे हैं। घरों तथा खेतों में खड़ी धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसपर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि हांथी आने की खबर अविलंब विधायक तक पहुंचाए ताकि समय रहते गांव के लोगो को हाथी भगाने का संसाधन उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि जब भी गांव के आस-पास हाथियों के आने की सूचना मिलती है तो सभी सतर्क रहें और हाथियों को नही छेड़े बल्कि अपने गांव से दुर रखने के लिए लकड़ी का अलाव तथा अपने घरों में लाल मिर्च टांग कर रखे। क्योंकि मिर्च की महक हाथियों को परेशान करती है, जिससे वे निकट नही आते हैं। विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने वन विभाग अधिकारियों को निर्देश दिया की हाथी प्रभावित छेत्रों में लगातार सतर्कता बरतें और गांव वालों को हांथी भगाने का और भी संसाधन उपलब्ध कराया जाय जिससे कि किसी भी तरह के जान-माल का नुकसान ना हो।

## एयर इंडिया ने ओनर्स से मांगी 10,000 करोड़ की मदद




**अहमदाबाद हादसे और एयरस्पेस प्र तिबंधों से बढ़ा संकट**

**नई दिल्ली** अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे के महीनों बाद एयर इंडिया ने अपने मालिकों टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस से लगभग 1.1 बिलियन डॉलर (10,000 करोड़ रुपए) की आर्थिक मदद मांगी है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह फंडिंग कंपनी अपने सिस्टम्स और सर्विसेज को अपग्रेड करने और इन-हाउस इंजीनियरिंग और मेंटेनेंस डिवीजन बनाने के लिए चाहती है। एयर इंडिया का मार्च 2026 तक ब्रेक-ईवन (लाभ-हानि संतुलन) तक पहुंचने का लक्ष्य अब मुश्किल लग रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि एयर इंडिया की यह मदद की मांग भारतीय एविएशन मार्केट की दिक्कतों को दर्शाती है, जहां कई एयरलाइंस लगातार घाटे के कारण बंद हो चुकी हैं। मौजूदा समय इंडिगो ही एकमात्र घरेलू मुनाफे में चल रही एयरलाइन है, जिसके पास 64 फीसदी मार्केट शेयर है। एयर इंडिया में टाटा समूह की 74.9 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि सिंगापुर एयरलाइंस की 25.1 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी को मिलने वाली आर्थिक मदद दोनों के ओवनरशिप रेश्यो के आधार पर दी जाएगी। हालांकि, अभी यह तय नहीं हुआ है कि फंडिंग इंटरेस्ट फ्री लोन के रूप में दी जाएगी या इक्विटी निवेश के रूप में। एयर इंडिया की मुश्किलें मई में शुरू हुईं जब भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के बाद पाकिस्तान ने एयरस्पेस पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर हमले किए थे, जो 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले की प्रतिक्रिया में किए गए थे। इसके बाद एयर इंडिया को अपने पश्चिम की ओर लंबी फ्लाइट रूट्स पर उड़ान भरनी पड़ीं, जिससे फ्यूल लागत और ऑपरेटिंग खर्च दोनों बढ़ गए।

## सितंबर में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 2.9 फीसदी बढ़ाः ईईपीसी

**कोलकाता** देश से इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात में सितंबर के दौरान लगातार चौथे महीने बढ़ोतरी दर्ज की गई। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईईपीसी) ने हाल ही में यह जानकारी दी। ईईपीसी ने एक बयान में कहा कि सितंबर महीने में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2.93 प्रतिशत बढ़कर 10.11 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान अमेरिका को होने वाले निर्यात में 9.4 प्रतिशत की बड़ी गिरावट आने के बावजूद कुल निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई। अमेरिका भारत के इंजीनियरिंग सामान का सबसे बड़ा बाजार है।

## लेंसकार्ट ने आईपीओ से पहले 147 एंकर निवेशकों से 3,268 करोड़ जुटाए

**देशी-विदेशी फंड्स की बड़ी भागीदारी**

**नई दिल्ली** आईवियर रिटेल कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड ने अपने आगामी इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) से पहले ही बाजार में मजबूत भरोसा कायम किया है। कंपनी ने 147 एंकर निवेशकों से 3,268.36 करोड़ रुपए जुटाए हैं। यह निवेश 402 रुपए प्रति शेयर के ऊपरी प्राइस बैंड पर हुआ है। कंपनी ने इस ऑफर के लिए 382 से 402 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। प्रत्येक शेयर का फेस वैल्यू 2 रुपए रखा गया है। निवेशक कम से कम 37 शेयरों की बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 37 के गुणक में निवेश कर सकते हैं। एंकर बुक के तहत कंपनी ने 8.13 करोड़ शेयर आवंटित किए हैं। इनमें से लगभग 28.7 मिलियन शेयर (35.34 फीसदी) घरेलू म्यूचुअल फंड्स को दिए गए हैं, जिन्होंने 59 अलग-अलग स्कीमों के माध्यम से निवेश किया है। एंकर निवेशकों में देश की प्रमुख म्यूचुअल फंड कंपनियां जैसे एसबीआई म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, कोटक, एक्सिस, आदित्य बिड़ला सन लाइफ, मिराए एसेट, डीएसपी, फैंकलिन इंडिया, एचएसबीसी, व्हाइटओक कैपिटल और कैनरा रोबेको शामिल हैं।

# रिलायंस और गूगल ने की बडी साझेदारी

**जियो उपयोगकर्ताओं को 18 महीने फ्री मिलेगा एआई प्रो प्लान**

**नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी नई इकाई रिलायंस इंटेलिजेंस लिमिटेड के जरिये गूगल के साथ एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को तेज़ी से अपनाना और देश के उपभोक्ताओं, उद्यमों तथा डेवलपर समुदाय को एआई-सक्षम बनाना है। इस साझेदारी के तहत गूगल की अत्याधुनिक एआई तकनीक को रिलायंस के व्यापक नेटवर्क और कनेक्टिविटी के साथ जोड़ा जाएगा। जियो के पात्र उपयोगकर्ताओं को 18 महीने के लिए मुफ्त गूगल एआई प्रो प्लान दिया जाएगा, जिसकी कीमत लगभग 35,100 रुपए है। इस योजना में जे मिनी 2.5 प्रो मॉडल विओ 3.1 और नेनो मॉडल से उन्नत इमेज एवं वीडियो निर्माण की सुविधा, नोटबुकएलएम तक पहुंच और 2 टीबी क्लाउड स्टोरेज शामिल हैं। उपयोगकर्ता इस ऑफर को माय` जियो ऐप से सक्रिय कर सकेंगे। प्रारंभिक चरण में यह सुविधा 18 से 25 वर्ष की आयु के अनलिमिटेड 5जी प्लान उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगी, जिसे बाद में सभी जियो ग्राहकों तक विस्तारित किया जाएगा। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि रिलायंस इंटेलिजेंस का लक्ष्य 1.45 अरब भारतीयों तक एआई सेवाएं पहुंचाना है, ताकि भारत एआई-सशक्त राष्ट्र बन सके। वहीं गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि गूगल और रिलायंस ने पहले भारत में सस्ता इंटरनेट और स्मार्टफोन लाने में अहम भूमिका निभाई थी और अब यह साझेदारी एआई युग में भारत को नई दिशा देगी।

## चीन की कारखाना गतिविधि में लगातार सातवें महीने गिरावट



**हांगकांग** चीन के कारखानों की गतिविधियों में अक्टूबर में लगातार सातवें महीने गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार अक्टूबर में विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) 49 पर आ गया, जो सितंबर के 49.8 से कम है। 50 से ऊपर का अंक गतिविधियों के विस्तार और 50 से नीचे का संकुचन दर्शाता है। इसका मतलब है कि चीन का विनिर्माण क्षेत्र अभी भी मंदी की स्थिति में है। अमेरिका और चीन के बीच हालिया व्यापारिक वार्ता के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेंटानिल से संबंधित शुल्क 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी करने और चीनी वस्तुओं पर कुल अमेरिकी शुल्क को 57 फीसदी से घटाकर 47 फीसदी करने की घोषणा की। इस कदम से चीनी उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बन सकते हैं। अमेरिका को होने वाले निर्यात में लगातार छह महीनों से दो अंकों की गिरावट रही है। वहीं, चीन ने दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाकर विविधता लाई है।

## घाटे में चल रही एयर इंडिया ने मांगी 1.1 अरब डॉलर की मदद

**टाटा और सिंगापुर एयरलाइंस करेंगे सहारा**

**नई दिल्ली** टाटा ग्रुप की एयरलाइन एयर इंडिया एक बार फिर सुर्खियों में है। ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार एयर इंडिया अपने दो मुख्य शेयरधारकों टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस से 1.1 अरब डॉलर (करीब 10,000 करोड़ रुपए) की अतिरिक्त फंडिंग की मांग करने वाली है। यह राशि एयरलाइन को मौजूदा घाटे से उबरने, तकनीकी सिस्टम को आधुनिक बनाने और अपना खुद का इंजीनियरिंग एवं मेंटेनेंस विभाग स्थापित करने के लिए चाहिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मदद या तो इक्विटी निवेश के रूप में या बिना ब्याज के ऋण (इंटरेस्ट-फ्री लोन) के रूप में मिल सकती है। अंतिम निर्णय अभी लंबित है। कंपनी पिछले कुछ समय से ऑपरेशनल चुनौतियों और सेफ्टी कंसर्न्स का सामना कर रही है। जून 2025 में अहमदाबाद में हुए बोइंग 787 ड्रीमलाइनर हादसे ने एयरलाइन की स्थिति को और कठिन बना दिया, जिसमें लगभग सभी यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके बाद एविएशन रेगुलेटर ने कड़ी जांच शुरू की और एयर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 15 फीसदी तक कम करनी पड़ीं। वित्त वर्ष 2024-25 में एयर इंडिया को करीब 8,000 करोड़ रुपए से अधिक का घाटा हुआ है। साथ ही पाकिस्तान के साथ सीमा तनाव के कारण उड़ान मार्ग लंबा होने से ईंधन लागत बढ़ी और राजस्व घटा। इन परिस्थितियों में सिंगापुर एयरलाइंस अब एयर इंडिया के इंजीनियरिंग, ऑपरेशंस और सर्विसेज के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**सेंसेक्स 465 , निफ्टी 155 अंक फिसला**

**मुम्बई**

भारतय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 465.75 अंक नीचे आकर 83,938.71 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 155.75 अंक टूटकर 25,722.10 पर बंद हुआ। आज बाजार के अधिकतर सूचकांक गिरावट पर बंद हुए।

सबसे अधिक गिरावट निफ्टी मीडिया , निफ्टी मेटल , निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी कमोडिटीज में दर्ज की गई जबकि निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी इंडिया डिफेंस और निफ्टी पीएसई में तेजी रही। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी नीचे आया। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 270.35 अंक की गिरावट के साथ 59,825.90 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 88.90 अंक की कमजोरी के साथ 18,380.80 पर था। सेंसेक्स पैक में बीईएल, एलएंडटी, टीसीएस, आईटीसी और एसबीआई के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे थे। वहीं एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस , सन फार्मा के शेयर गिर हैं।

बाजार जानकारों के अनुसार आज बाजार में गिरावट का कारण , फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल की ओर से ब्याज दरों पर नकारात्मक टिप्पणी रही जिससे विदेशी निवेशकों ने निकासी शुरु कर दी।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत हल्की गिरावट के साथ हुई। सेंसेक्स 84,379.79 पर खुला। वहीं निफ्टी 25,863.80 के स्तर पर खुला। आज एशियाई बाजारों में थोड़ी बढ़त देखने को मिली। निवेशकों को उम्मीद है क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम हो गया है। जापान का निक्केई इंडेक्स एक फीसदी से ज्यादा बढ़कर नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। टॉपिक्स इंडेक्स भी 0.79 फीसदी ऊपर रहा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स पिछले दिन के रिकॉर्ड के बाद 0.19 फीसदी गिरा, जबकि कोसडैक इंडेक्स 0.47 फीसदी बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स भी 0.45 फीसदी ऊपर खुला। वहीं अमेरिकी बाजारों में कल गिरावट रही। एसएंडपी 500 0.99 फीसदी टूटा, नैस्डैक 1.58 फीसदी नीचे और डॉव जोन्स 0.23 फीसदी गिरा। यह गिरावट इसलिए आई क्योंकि बड़ी टेक कंपनियों के परिणाम कमजोर रहे।




# भारत की चार कंपनियों को मिला चीन से 'रेयर अर्थ मैग्नेट' आयात लाइसेंस

**अमेरिका ने भारत को चाबहार बंदरगाह परियोजना पर प्रतिबंधों से छह महीने की छूट दी**

**नई दिल्ली**

भारत की कुछ कंपनियों को चीन से दुर्लभ खनिज मैग्नेट (रेयर अर्थ मैग्नेट) आयात करने का लाइसेंस मिला है। विदेश मंत्रालय ने हाल ही में इसकी पुष्टि की है। कम से कम चार कंपनियों कॉन्टिनेंटल इंडिया, डीई डायमंड, हिताची और जे उशिन ने चीन से दुर्लभ मैग्नेट के आयात के लिए लाइसेंस प्राप्त किए हैं। इन कंपनियों ने आवश्यक अंतिम उपयोगकर्ता प्रमाणपत्र जमा कर दिए हैं क्योंकि चीन की निर्यात नियंत्रण व्यवस्था के तहत यह अनिवार्य है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बात की भी पुष्टि की कि अमेरिका ने भारत को चाबहार बंदरगाह परियोजना पर प्रतिबंधों से छह महीने की छूट दी है। चाबहार परियोजना पर अमेरिकी प्रतिबंध में यह छूट 29 अक्टूबर से प्रभावी हो गई है। भारत ने इस परियोजना के विकास में मदद की है। दुर्लभ मैग्नेट के मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा` कि हम पुष्टि करते हैं कि कुछ भारतीय कंपनियों को चीन से दुर्लभ मैग्नेट के आयात के लिए लाइसेंस प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस बात का आकलन कर रहा है कि दुर्लभ मैग्नेट पर अमेरिका और चीन के बीच बनी सहमति का हमारे देश पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इससे पहले दक्षिण कोरिया के बुसान में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की वार्ता के बाद पेइचिंग ने दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ) निर्यात नियंत्रण के अपने नवीनतम दौर को एक वर्ष के लिए रोकने पर सहमति व्यक्त की। यह नियंत्रण 8 नवंबर से प्रभावी होना था। अब तक जिन चार कंपनियों को दुर्लभ मैग्नेट आयात के लाइसेंस मिले हैं, वे भारत के वाहन विनिर्माताओं के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं।



## 1 नवंबर से बदलेंगे कई अहम नियम, जेब और रोजमर्रा की जिंदगी पर होगा असर

**अब बैंक अकाउंट में चार नॉमिनी जोड़ सकेंगे, पेंशन और एलपीजी दामों में भी बदलाव**

**नई दिल्ली** नवंबर की शुरुआत के साथ ही कई ऐसे नियम लागू हो रहे हैं जिनका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा। 1 नवंबर से बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, पेंशन और गैस सिलेंडर से जुड़ी नीतियों में बदलाव किए गए हैं। नए नियम के अनुसार एक बैंक अकाउंट में अब अधिकतम चार नॉमिनी जोड़े जा सकेंगे। खाता धारक चाहें तो सभी नॉमिनी एक साथ या सक्सेशन ऑर्डर में तय कर सकते हैं। इससे वारिसी विवाद कम होंगे और क्लेम प्रक्रिया आसान होगी। एसबीआई कार्ड ने फीस स्ट्रक्चर में बदलाव किया है। अब सीआरईडी, चेक या मो वि` क्विक जैसे थर्ड पार्टी ऐप्स से एजुकेशन फीस देने पर एक फीसदी चार्ज लगेगा। 1,000 से ज्यादा वॉलेट लोड करने पर भी यही शुल्क लागू होगा। पेंशनर्स को 1 से 30 नवंबर के बीच लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना होगा। वहीं एनपीएस से यूपीएस में स्विच करने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी गई। हर महीने की तरह 1 नवंबर को भी घरेलू और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन किया जा सकता है।

# हिंदुस्तान प्लैटिनम भारत में 'स्पेंट कैटेलिस्ट' के आयात पर कर रही है विचार

**सिंगापुर**

हिंदुस्तान प्लेटिनम, कीमती धातुओं के परिशोधन और विनिर्माण में अग्रणी कंपनी, पश्चिम एशिया, एशिया और यूरोप के तेल शोधन संयंत्रों से उपयोग किए गए उत्प्रेरक (स्पेंट कैटेलिस्ट) आयात करने की संभावनाओं का अध्ययन कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य भारतीय उद्योगों के लिए प्लेटिनम, पैलेडियम, चांदी और अन्य कीमती धातुओं की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि कंपनी एक वैश्विक आपूर्ति नेटवर्क विकसित कर रही है। इन स्पेंट कैटेलिस्ट से धातुएँ निकालकर इलेक्ट्रॉनिक, विद्युत, वस्त्र, रेशा, कांच, नाइट्रिक अम्ल और आभूषण उद्योगों को उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी का प्रमुख आपूर्तिकर्ता भारत, सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात हैं। कंपनी नवंबर में फ्रांस के केन्स में आयोजित 'यूरोपीय रिफाइनिंग टेक्नोलॉजी सम्मेलन' में बेल्जियम, जर्मनी, इटली और पोलैंड के शोधनकर्ताओं से चर्चा करेगी। इसी तरह, सिंगापुर इंटरनेशनल एनर्जी वीक के दौरान सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड के तेल शोधन संयंत्रों के साथ संभावित आपूर्ति पर बातचीत हुई। हिंदुस्तान प्लेटिनम प्लेटिनम, पैलेडियम और चांदी की उत्पादन क्षमता बढ़ा रही है। साथ ही, कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा, विशेषकर सौर ऊर्जा क्षेत्र में भी प्रवेश कर रही है। अगले साल जून में अमेरिका में होने वाले 'इंटरनेशनल प्रेशियस मेटल इंस्टीट्यूट सम्मेलन' में अमेरिकी परिशोधन कंपनियों के साथ आपूर्ति समझौते पर विचार किया जाएगा।



## पीली मटर पर 30 फीसदी आयात शुल्क, चाट-पकौड़े महंगे होने की संभावना

**भारत अपनी जरूरत की अधिकतर पीली मटर कनाडा और रूस से आयात करता है**

**नई दिल्ली**

सरकार ने 1 नवंबर से पीली मटर के आयात पर 30 फीसदी शुल्क लगाने का निर्णय लिया है। अब तक पीली मटर पर कोई आयात शुल्क नहीं था और मई 2025 में मार्च 2026 तक शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी गई थी। नए नियम के तहत, यदि बिल ऑफ लैडिंग 1 नवंबर या उसके बाद जारी होता है, तो उस पर 10 फीसदी बेसिक ड्यूटी और 20 फीसदी एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस (एआईडीसी) यानी कुल 30 फीसदी टैक्स लगेगा। पीली मटर चाट, टिक्की, समोसा, कचौड़ी और पकौड़ों जैसी लोकप्रिय स्ट्रीट फूड व्यंजनों में अहम सामग्री है। भारत में पीली मटर की उत्पादन मात्रा बहुत कम है। वित्त वर्ष 2024 में देश में कुल दलहन उत्पादन 2.45 करोड़ टन था, जबकि पीली मटर केवल 12-15 लाख टन रही। वहीं देश में कुल दलहन की खपत 2.7 करोड़ टन है, जिसके कारण भारत को हर साल लगभग 25 लाख टन दालें आयात करनी पड़ती हैं।

भारत अपनी जरूरत की अधिकतर पीली मटर कनाडा और रूस से आयात करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश ने करीब 20 लाख टन पीली मटर आयात की थी, जो पिछले साल 30 लाख टन तक पहुंच गई थी। 30 फीसदी टैक्स लगने के बाद आयात महंगा हो जाएगा। महंगी मटर के कारण चाट, समोसा, कचौड़ी और पकौड़ों की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। छोटे स्ट्रीट फूड विक्रेता अब महंगा मटर खरीदने में कठिनाई महसूस करेंगे और इसका असर सीधे ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा।



# सोने के आभूषणों की मांग 31 फ़ीसदी घटी

**निवेश के लिए सोने की मांग बढ़ी**



**मुंबई**

भारत में सोने के आभूषणों का कारोबार दिन प्रतिदिन कम होता जा रहा है। सोने की कीमतों में 60 फ़ीसदी तक की वृद्धि 1 साल में हुई है। दीपावली पर सोना 1,29,584 रुपए के स्तर पर पहुंच गया था।

जुलाई और सितंबर के माह में सोने में 85,000 करोड रुपए का शुद्ध निवेश हुआ है। इसी तिमाही में गहनों की मांग लगातार घटती चली गई, जो मात्र 69 फ़ीसदी रह गई है।

भारत में सोने की कुल खपत 16 फ़ीसदी घटकर 209.4 टन रह गई है। दीपावली के बाद सोने में गिरावट देखने को मिल रही है। चांदी के दाम में भी गिरावट का रुख देखने को मिला है। 10 ग्राम सोने का मूल्य अब 1,20,628 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार जुलाई से सितंबर माह की तिमाही में भारत में सोने की मांग 20 फ़ीसदी बढ़कर 91.6 टन हो गई। कीमतों में 67 फ़ीसदी की वृद्धि हुई। एक तिमाही में सोने की सबसे ज्यादा कीमतें जुलाई से सितंबर के बीच में बढ़ी है।

**आभूषण में 31 फ़ीसदी की कमी**

जुलाई सितंबर माह की तिमाही में गहनों के लिए सोने की मांग 31 फ़ीसदी घटकर 117.7 टन रह गई है। सोने के दाम लगातार बढ़ने के कारण आभूषणों की मांग बाजार में लगातार घटती चली जा रही है। वहीं सोने में निवेश करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। सितंबर माह तक गोल्ड ईटीएफ में निवेश 8363 करोड रुपए का हुआ है। जो एक रिकॉर्ड है।

# सुजुकी ने अपना सीबीजी इनिशिएटिव किया पेश




**नईदिल्ली**

जापान मोबिलिटी शो 2025 में सुजुकी ने अपना सीबीजी इनिशिएटिव पेश किया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य भारत में बायोगैस को रीसायकल कर मोबिलिटी के क्षेत्र में इसका उपयोग बढ़ाना है।

इस पहल के तहत कंपनी ने अपनी नई कार विक्टोरिस के सीबीजी-संचालित वर्जन को प्रदर्शित किया है, जिसे खासतौर पर अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाने पर ध्यान दिया गया है। विक्टोरिस के इस नए मॉडल में सीएनजी टैंक को बूट की जगह फ्लोर के नीचे लगाया गया है, जिससे बूट स्पेस पहले से ज्यादा हो गया है। इसकी लंबाई 4,360 मिमी, चौड़ाई 1,795 मिमी और ऊंचाई 1,655 मिमी है। नई विक्टोरिस में 1.5 लीटर का 4-सिलेंडर के15 नैचुरली एस्पिरेटेड इंजन मिलेगा, जिसे बायोगैस के अनुरूप अपग्रेड किया गया है। कंपनी के अनुसार, इसका माइलेज मैनुअल वर्जन में 21.18 किमी/लीटर और ऑटोमैटिक में 21.06 किमी/लीटर तक रहेगा। स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वर्जन में टोयोटा का 1.5 लीटर पेट्रोल-इलेक्ट्रिक इंजन लगा है, जो 28.56 किमी/लीटर का माइलेज देने का दावा करता है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 10.50 लाख रुपये है।

बता दें कि सीबीजी ईंधन को सीएनजी से अलग और अधिक टिकाऊ माना जा रहा है। जहां सीएनजी जीवाश्म ईंधनों से प्राप्त नॉन-रिनूवल स्रोत है, वहीं सीबीजी जैविक अपशिष्ट जैसे कृषि अवशेष, मवेशियों के गोबर और नगरपालिका कचरे से तैयार किया जाता है। इससे न केवल प्रदूषण कम होता है, बल्कि यह एक नवीकरणीय ईंधन होने के कारण कार्बन साइकिल को भी संतुलित रखता है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए सीबीजी का रणनीतिक महत्व और भी बढ़ जाता है। सुजुकी ने इस दिशा में 450 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जिसमें बायोगैस प्लांट भी शामिल है।

# तेजस्वी महुआ में बड़े भाई तेजप्रताप के खिलाफ करेंगे प्रचार

## खेसारी के 2 करोड़ नौकरी के दावे पर तेजप्रताप ने पूछा- क्या नाचने वाला जॉब देंगे



**पटना।** एनडीए के 'संकल्प पत्र' में 1 करोड़ नौकरी के वादे पर जनशक्ति जनता दल के अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने कहा, अभी तो चुनावी मौसम है। देखते हैं क्या होता है। वहीं जब राजद के प्रत्याशी और भोजपुरी कलाकार खेसारी लाल यादव के 2 करोड़ नौकरी के दावे पर उन्होंने तंज सकते हुए कहा, खेसारी लाल क्या नौकरी देंगे? नाचने वाला? इधर, बेतिया में तेजप्रताप की चुनावी सभा होनी है, लेकिन खराब मौसम के कारण लोगों की भीड़ नहीं जुटी है। अबतक महज 50 लोग पहुंचे हैं। तेजप्रताप के खिलाफ तेजस्वी करेंगे प्रचार महागठबंधन के सीएम फेस तेजस्वी यादव 2 नंवबर को महुआ में जनसभा करेंगे। वो यहां राजद कैंडिडेट मुकेश रोशन के पक्ष में माहौल बनाएंगे। आपको बता दें कि तेजस्वी के बड़े भाई तेजप्रताप यादव भी महुआ से चुनाव लड़ रहे हैं। तेजप्रताप ने कहा था कि अगर तेजस्वी महुआ में प्रचार करेंगे तो वो राघोपुर में डोर टू डोर कैंपेन करेंगे। इधर, विधानसभा चुनाव में जनता को राजद के पक्ष में मतदान करने को लेकर लोगों को डराने-धमकाने की सूचना को लेकर स्थानीय पुलिस ने दानापुर विधायक और राजद प्रत्याशी रीतलाल यादव के कोथवां गांव स्थितआवास और अन्य रिश्तेदारों के यहां छापेमारी की। गुरुवार की दोपहर भारी संख्या में पहुंची। वहीं इस कार्रवाई को लेकर रीतलाल की पत्नी रिंकू देवी ने स्थानीय पुलिस और मौजूदा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सरकार पर उन्हें और उनके रिश्तेदारोंको डराने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। रोहिणी बोलीं- बीजेपी में बलात्कारी लोग भरे पड़े हैं वहीं, RJD सुप्रीमो लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने बीजेपी पर सीधा हमला किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी में बलात्कारियों का जमघट है, वहां बलात्कारी लोग भरे पड़े हैं।बीजेपी महिलाओं की सुरक्षा की बातें करती है, लेकिन हकीकत में उनके भीतर ऐसे लोगों की भरमार है, जिन पर गंभीर आरोप लगे हैं। बीजेपी में जो लोग महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं, वही सबसे बड़े पाखंडी हैं। रोहिणी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने विधानसभा के भीतर महिलाओं को लेकर जो बयान दिया था, वह बेहद आपत्तिजनक था। इससे साफ पता चलता है कि महिलाओं के प्रति उनकी सोच कितनी गलत है।तेज प्रताप यादव से जुड़े सवाल पूछने पर रोहिणी ने कहा कि हम उनका चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। तेज प्रताप यादव की पार्टी अलग है और हमारी पार्टी अलग। मैं अपने दल, राष्ट्रीय जनता दल, के उम्मीदवारों के लिए ही प्रचार करूंगी। हालांकि तेज प्रताप मेरे छोटे भाई हैं, उन पर मेरा आशीर्वाद हमेशा रहेगा।मुजरा जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने वालो को नाच शब्द से आपत्ति राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग में बीजेपी की शिकायत पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, 'BJP कितनी मुद्दाविहीन पार्टी हो सकती है।' 'उनके पास बिहार चुनाव के लिए न कोई एजेंडा, न कोई रिपोर्ट कार्ड, न कोई विजन है। इस बात को मुद्दा बना रहे हैं। जिस पार्टी के प्रधानमंत्री 'मुजरा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हों, वो 'नाच' जैसे शब्द पर आपत्ति जता रहे हैं।'

## रोहिणी बोलीं- बीजेपी में बलात्कारी लोग भरे पड़े हैं



बिहार की जनता परिवर्तन के मूड में है। अब वो सरकार आने वाली है, जो रोजगार और नौकरी देगी।

**रोहिणी आचार्य**
लालू की बेटी

वहीं, RJD सुप्रीमो लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने बीजेपी पर सीधा हमला किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी में बलात्कारियों का जमघट है, वहां बलात्कारी लोग भरे पड़े हैं। बीजेपी महिलाओं की सुरक्षा की बातें करती है, लेकिन हकीकत में उनके भीतर ऐसे लोगों की भरमार है, जिन पर गंभीर आरोप लगे हैं। बीजेपी में जो लोग महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं, वही सबसे बड़े पाखंडी हैं। रोहिणी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने विधानसभा के भीतर महिलाओं को लेकर जो बयान दिया था, वह बेहद आपत्तिजनक था। इससे साफ पता चलता है कि महिलाओं के प्रति उनकी सोच कितनी गलत है।

## संक्षिप्त डायरी

### आचार संहिता में 88.74 लाख जब्त



**शिवहर।** पुलिस ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 88 लाख 74 हजार 599 जब्त किए हैं और 213 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। इस दौरान एसडीपीओ सुशील कुमार भी उपस्थित थे।एसपी सिन्हा ने बताया कि एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वॉड टीम) द्वारा यह राशि जब्त की गई है। बीएनएनएस की धारा 126 और 129 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126 के तहत 3800 प्रस्तावों के विरुद्ध 1939 बंध पत्र प्राप्त हुए हैं, जबकि शेष के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। विभिन्न मामलों में कुल 213 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 922 लीटर अवैध शराब और अन्य मादक पदार्थ जब्त किए हैं। इसके अतिरिक्त, 3.415 किलोग्राम गांजा भी बरामद किया गया है। 134 गैर-जमानती वारंटों का निष्पादन किया गया है और कई अवैध लाइसेंसी हथियार व कारतूस भी जब्त किए गए हैं। एसपी शैलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि कुल 832 लाइसेंसी हथियारों में से 452 जमा कराए जा चुके हैं। 112 लाइसेंसों के निलंबन की कार्रवाई की जा रही है, जबकि 37 लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं।आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के तहत चार मामले दर्ज किए गए हैं। बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम (सीसीए-3) के तहत 45 प्रस्तावों में से 30 पर जिलाधिकारी का आदेश प्राप्त हो चुका है और कार्रवाई जारी है।पुलिस अधीक्षक ने जिले के निवासियों से मतदान के दिन भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इसके लिए पुलिस प्रशासन ने कई टीमें गठित की हैं, ताकि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

# पिता के साथ जा रही नाबालिग का अपहरण कर गैंगरेप



**गयाजी।** के गुरुआ थाना क्षेत्र में चार युवकों ने पिता के साथ घर लौट रही नाबालिग का अपहरण कर लिया। बेटी को बचाने की कोशिश कर रहे पिता के साथ मारपीट की गई और बंधक बना लिया। इसके बाद लड़की को उठाकर जंगल में ले गए। वहां गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक देसी कट्टा, कारतूस और बाइस बरामद हुआ है। पीड़िता की उम्र 15 साल के करीब है। गैंगरेप की खबर फैलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए। गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में लोग थाना परिसर के पास पहुंच गए। जिसके बाद मौके पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती कर दी गई। ताकि किसी भी स्थिति को काबू में किया जा सके।पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़ित परिवार बुधवार को झारखंड के हंटरगंज थाना क्षेत्र स्थित कौलेश्वरी पहाड़ दर्शन के लिए गया हुआ था। परिवार ने यात्रा के लिए बारा गांव निवासी चालक संदीप दास की पिकअप वैन बुक की थी। वापसी के दौरान गाड़ी हंटरगंज में खराब हो गई थी। जिससे चालक और यात्रियों के बीच कहासुनी हो गई। गुरुआ से लौटते समय, ड्राइवर ने अपने कुछ साथियों को फोन कर रास्ते में बुला लिया। गांव पहुंचने से पहले ही चार युवकों ने मिलकर पिता-पुत्री को बंधक बना लिया और पिता की पिटाई करने के बाद लड़की को जबरन सुनसान इलाके में ले जाकर रेप किया। पीड़िता के पिता भागकर गांव पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से खोजबीन शुरू की। जिसके बाद युवती अपर मोरहर नहर के पास जंगल में बेहोशी की हालत में मिली। पीड़िता के पिता के जुबानी, वारदात की पूरी कहानी पीड़िता के पिता का कहना है कि, परिवार के साथ छठ के लिए अपने बहनोई(लड़की के फूफा) के घर गए थे। छठ समाप्त होने के दूसरे दिन करीब 25 लोग मैजिक वाहन से कोलेश्वरी माता मंदिर के दर्शन के लिए गए। लौटने में रात हो गई थी। रास्ते मे ड्राइवर गाड़ी तेज चलाने लगा। इस दौरान गाड़ी में कुछ खराबी आ गई। जिस पर गाड़ी में सवार महिलाओं ने ठीक से चलाने को कहा। इस बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई। किसी तरह से मामला शांत हुआ। रास्ते में पूरा परिवार मेरे बहनोई के घर उतर गए। इस बीच संदीप ने अपने किसी साथी को फोन कर रास्ते में आने को कहा। उसके बाद मैं, मेरी बेटी और बहनोई उसी गाड़ी से गुरुआ आ रहे थे। रास्ते में वो लोग शराब पीने लगे। पीड़िता के पिता का आरोप है कि जब वे शराब पीने का विरोध कर रहे थे तो मैजिक वाहन का ड्राइवर लड़की को लेकर भाग गया। यही नहीं उसके साथी भी मौके से भाग गए। मुझे मारा भी। हमलोगों ने सोचा कि शायद लड़की को घर छोड़ दिया होगा, लेकिन जब घर पैदल पहुंचा तो लड़की नहीं मिली। उसे खोजने के लिए निकला तो जंगल के पास अपर नहर के किनारे लड़की मिली। घटना की सूचना मिलते ही गया पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। शेरघाटी डीएसपी शैलेंद्र सिंह और सर्किल इंस्पेक्टर न्याज अहमद तुरंत मौके पर पहुंचे।

# टिकारी में हम प्रत्याशी पर हमला मामले में 10 गिरफ्तार



**गयाजी।** के टिकारी विधानसभा क्षेत्र चुनाव प्रचार के दौरान HAM प्रत्याशी के साथ मारपीट और रोड़ेबाजी की घटना अब पॉलिटिकल रंग ले चुकी है। जांच में यह साफ हुआ है कि यह हमला अचानक नहीं था। बल्कि पूरी तरह से सुनियोजित साजिश के तहत किया गया था। जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट में जो बातें सामने आई हैं। उसने स्थानीय राजनीति में नई हलचल मचा दी है। सूत्रों का कहना है कि निवर्तमान विधायक के साथ गांव में विरोध की पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी थी। पटकथा लिखने वालों ने बुधवार की सुबह में तैयारी कर ली थी लेकिन उस दिन गांव में सुबह अनिल सिंह नहीं पहुंचे। शाम को पहुंचे। जिस व्यक्ति पर उपद्रव फैलाने की आशंका पहले से थी, वही मुख्य आरोपी निकला। पुलिस की रिपोर्ट में लिखा गया है कि बाउंड डाउन भरने वाला मिलन यादव, जो पहले से ही प्रशासन की निगरानी में था, वही इस हिंसा की साजिश में शामिल था। घटना के बाद से वह फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि 40 से अधिक लोगों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है।पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि जब विधायक के विरोध में शुरू में महज 20 से 25 लोग मौजूद थे, तो अचानक कुछ ही मिनटों में भीड़ 200 से अधिक हो गई। यह सब पहले से तय योजना का हिस्सा बताया जा रहा है। विधायक के गाड़ी से उतरने को लेकर हुई बहस ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। भीड़ ने रोड़ेबाजी और मारपीट शुरू कर दी। गाड़ियों में तोड़फोड़ हुई, और अनिल सिंह को सुरक्षा कर्मियों के सहयोग से किसी तरह मौके से निकलना पड़ा। इस दौरान ईंट लगने से अनिल सिंह का हाथ टूट गया। इस पूरे मामले पर एनडीए समर्थक कह रहे हैं कि घटना के पीछे राजद से जुड़े आपराधिक तत्वों का हाथ है, जो चुनावी माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि लोकतंत्र में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हिंसा किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। हिंसा किसी बात का समाधान नहीं है दूसरी ओर राजद ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह घटना सुनियोजित नहीं थी। उनका कहना है कि टिकारी के दीघोरा इलाके में विकास के कार्यों की कमी को लेकर लोगों में पहले से आक्रोश था। विधायक को यह बात पता थी, फिर भी वे उस गांव में पहुंचे। राजद नेताओं का कहना है कि विकास नहीं तो नाराजगी स्वाभाविक है। लेकिन हिंसा समाधान नहीं।

एसडीपीओ एसके चंचल ने बताया कि अब तक 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

मुख्य प्राथमिक अभियुक्त अभी फरार है, लेकिन पुलिस टीम उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। प्राथमिक अभियुक्त का नाम बताना अभी उचित नहीं है, लेकिन सभी आरोपी जल्द पकड़ लिए जाएंगे। पुलिस लगातार कार्रवाई में जुटी है।

### 55 वर्षीय महिला बैंक से निकलकर लापता



**शिवहर।** के तरियानी प्रखंड स्थित बैद्यनाथपुर गांव से 55 वर्षीय फूल कुमारी देवी लापता हो गई हैं। वह 25 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे बैंक से पैसे निकालने के लिए घर से निकली थीं, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटीं।परिजनों ने पहले रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश की। जब कोई सुराग नहीं मिला, तो उन्होंने स्थानीय थाना में फूल कुमारी देवी की गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी विनय प्रसाद ने बताया कि विभाग द्वारा उनकी खोजबीन जारी है। फूल कुमारी देवी बैद्यनाथपुर गांव निवासी लाल बाबू राय की पत्नी हैं। वह बाल विकास परियोजना केंद्र संख्या 153 में सहायिका के पद पर कार्यरत हैं। शुक्रवार तक फूल कुमारी देवी के घर वापस न लौटने के कारण परिवार के सदस्य चिंतित हैं। परिजन लगातार विभिन्न क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां उनकी तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### शिवहर में बदला मौसम का मिजाज



**शिवहर।** में पिछले दो-तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। लगातार ठंड और बारिश के कारण शुक्रवार को जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शुक्रवार मध्य रात्रि से बूंदाबांदी शुरू हुई, जिसके साथ आसमान में काले बादल छा गए। पुरबा हवा चलने से ठंड में और इजाफा हुआ है। बढ़ती ठंड से बचाव के लिए आम लोग शॉल और चादरों का उपयोग कर रहे हैं। मौसम विभाग की वैज्ञानिक डॉ. अनुराधा रंजन ने बताया कि मोथा साइक्लोन के कारण अगले दो से तीन दिनों तक बारिश होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अगले एक से दो दिनों तक बनी रह सकती है। यह मौसमी बदलाव भारत में चक्रवाती मौसम के कारण है, जिसका असर शिवहर जिले के साथ-साथ पूरे बिहार में देखा जा रहा है।स्थानीय बुजुर्गों का मानना है कि पुरबा हवा तेज चलने पर बारिश होती है। बेमौसम हुई इस बारिश ने लोगों को सोचने पर मजबूर किया है, क्योंकि इस समय बारिश की कोई संभावना नहीं थी।

# बक्सर सदर सीट पर अपनों की नाराजगी भारी



**बक्सर।** सदर विधानसभा सीट पर 6 नवंबर को मतदान होगा। यहां मुकाबला NDA और महागठबंधन के बीच माना जा रहा है, लेकिन दोनों प्रमुख दलों को 'अपनों की नाराजगी' और जातीय गोलबंदी से चुनौती मिल रही है। कुल 15 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिससे चुनावी समीकरण जटिल हो गए हैं। BJP ने इस बार पूर्व IPS अधिकारी आनंद मिश्रा को टिकट दिया है। टिकट मिलने के बाद कई पुराने दावेदारों और कार्यकताओं में असंतोष खुलकर सामने आया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बक्सर पहुंचकर स्थिति संभालने का प्रयास किया, लेकिन संगठन में पूरी एकजुटता अभी भी नहीं दिख रही है। दो बार यह सीट हार चुकी भाजपा इस बार जीत सुनिश्चित करना चाहती है। दो बार के विधायक संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी फिर से मैदान में महागठबंधन की ओर से दो बार के विधायक संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी फिर से मैदान में हैं। शुरूआत में उनके समर्थकों में भी नाराजगी और दूरी देखी गई थी, हालांकि चुनाव नजदीक आने पर माहौल में कुछ बदलाव आया है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि यह नाराजगी पूरी तरह खत्म हुई है या सिर्फ शांत हुई है। जनता तिवारी को तीसरी बार मौका देती है या बदलाव का मन बनाती है, यह भी अहम होगा। आरएलएम एनडीए का हिस्सा इस चुनाव में जातीय समीकरणों की भूमिका निर्णायक मानी जा रही है, जिससे मुकाबला और रोचक हो गया है। जन सुराज के तथागत हर्षवर्धन और बसपा के अभिमन्यु कुशवाहा जैसे उम्मीदवार अपने-अपने सामाजिक आधार को मजबूत करने में जुटे हैं। 2020 के चुनाव में आरएलएसपी के निर्गल कुमार तीसरे स्थान पर रहे थे और उन्होंने अच्छी संख्या में वोट हासिल किए थे। इस बार आरएलएम एनडीए का हिस्सा है, जबकि उसी बिरादरी से बसपा के अभिमन्यु कुशवाहा चुनाव लड़ रहे हैं, जिससे समीकरण और पेचीदा हो सकते हैं। भाजपा के परशुराम चौबे को मात्र 3892 वोटों के अंतर से हराया था पिछले चुनाव में संजय तिवारी ने भाजपा के परशुराम चौबे को मात्र 3892 वोटों के अंतर से हराया था। इस बार जीत का अंतर कितना होगा या परिणाम पलट जाएगा, इसका फैसला 14 नवंबर को मतगणना के बाद होगा।

### बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के तहत कार्यक्रम



**शिवहर।** स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 के तहत सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली गई। इस कार्यक्रम में एलडीएम शिवहर रवि शंकर प्रसाद, आरसेटी निदेशक पवन कुमार, संकाय सदस्य राजेश कुमार झा, निकेत कुमार, कार्यालय सहायक मनीष कुमार सिंह, रवि कुमार, गेस्ट फैकल्टी शिल्पी सिंह, मनोज कुमार, राजकुमार सिंह सहित महिला वस्त्र निर्माण में प्रशिक्षण ले रही 35 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वे नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे और ईमानदारी व सत्यनिष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने यह भी प्रतिज्ञा ली कि वे न तो रिश्वत देंगे और न ही रिश्वत लेंगे। इसके साथ ही, पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता पर आधारित निगमित सुशासन का संकल्प लिया गया। प्रतिभागियों ने यह भी बताया कि वे कार्यों के संचालन में संबंधित कानूनों, नियमावलियों और अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करेंगे। संस्थान अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति-संहिता अपनाएगा, और उन्हें उनके कर्तव्यों के ईमानदार निष्पादन के लिए नियमों व विनियमों के बारे में संवेदनशील बनाएगा। जिला अग्रणी प्रबंधक रविशंकर प्रसाद ने बताया कि सभी कर्मियों ने शपथ ली है कि वे समस्याओं और कपटपूर्ण गतिविधियों की सूचना देने के लिए एक समस्या समाधान पदार्फाश तंत्र (व्हिसल ब्लोअर मैकेनिज्म) का प्रबंधन करेंगे। इसका उद्देश्य संबंधित पक्षों और समाज के अधिकारों व हितों का संरक्षण करना है।

# दुलारचंद की बॉडी लेकर अस्पताल पहुंचे समर्थक, पुलिस से भिड़े




**पटना।** मोकामा में RJD नेता दुलारचंद यादव (76) की बॉडी लेकर लोग अस्पताल पहुंचे हैं। यहां पुलिस के साथ हल्की झड़प हुई है। लोग लाइव पोस्टमॉर्टम और अनंत सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। बाहुबली के खिलाफ नारेबाजी हो रही है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात है। इन सबसे बीच पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया जारी है।सुबह 11 बजे परिवार के लोग ट्रैक्टर ट्रॉली से बॉडी लेकर निकले थे। रास्ते में अनंत सिंह के खिलाफ नारेबाजी होती रही। पंडारक में सभी दुकानें बंद कर दी गईं। सूरजभान सिंह की पत्नी वीणा सिंह भी ट्रैक्टर में सवार होकर पोस्टमॉर्टम के लिए निकलीं। गुरुवार (30 अक्टूबर) दोपहर RJD नेता दुलारचंद यादव (76) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दुलारचंद जनसुराज कैंडिडेट पीयूष प्रियदर्शी के साथ चुनाव प्रचार के काफिले में शामिल थे। इसी दौरान दूसरे पार्टी के लोगों ने उनके काफिले पर हमला कर दिया। घटना बसावन चक के पास हुई। दुलारचंद के पोते के बयान पर भदौर थाने में अनंत सिंह, उनके दो भतीजे रणवीर और कर्मवीर के अलावा छोटन सिंह और कंजय सिंह समेत दर्जनों अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज हुआ है।दुलारचंद ने मर्डर से 2 दिन पहले अनंत सिंह की पत्नी को नाचने वाली बताया था। हत्या से दो दिन पहले दुलारचंद ने एक टीवी चैनल को इंटरव्यू दिया था। इसमें उन्होंने बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी को लेकर कई बातें कहीं थी। दुलारचंद ने कहा था कि, 'लोकसभा में नीलम देवी के बारे में मैंने बताया था। मैंने कहा था कि, वो नीलम देवी नहीं नीलम खातून है। लोकसभा चुनाव जब नीलम देवी लड़ रही थी तो लोग दरी लेकर दौड़ रहे थे और कह रहे थे कि नाचने वाली आई है। नीलम देवी नाचने के लिए गईं थी, अनंत सिंह ने उसे रख लिया। दोनों को कोई शादी हुई थी। नीलम देवी भूमिहार थोड़े ही है।' इधर,अनंत सिंह हत्या के आरोप पर कहा है कि,यह सब सूरजभान का किया धरा है। वहीं, सूरजभान और उनकी पत्नी वीणा देवी ने कहा- हमारा इस घटना से कोई लेना-देना नहीं। सूरजभान की पत्नी मोकामा से राजद की प्रत्याशी हैं। दुलारचंद यादव नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के करीबी रहे हैं। दुलारचंद पर हत्या, रंगदारी, फिरौती के 2 दर्जन मामले दर्ज थे। टाल के इलाके में 80 के दशक में दुलारचंद का काफी दबदबा था। बताया जाता है कि, दुलारचंद का गैंग किडनैपिंग कर तारतर में इलाके में बंधक बनाकर रखते थे। 1990 में जमानत मिलने के बाद दुलारचंद ने राजनीति में एंट्री की। लोकदल से चुनाव लड़ लड़ा, लेकिन अनंत के बड़े भाई दिलीप सिंह से मामूली अंतर से हार गए थे। जनसुराज ने बताया है, दुलार चंद यादव ने कभी जनसुराज की सदस्यता नहीं ली है। वे मोकामा में हमारे कैंडिडेट को सपोर्ट कर रहे थे।' वहीं, दुलारचंद की हत्या के बाद ग्रामीणों और परिजन गुस्से में हैं। ग्रामीणों की मांग है कि इंसाफ नहीं मिलने पर वोट बहिष्कार करेंगे। दुलारचंद के चचेरे पोते रविरंजन कुमार कहना है, कई दिनों से हमलोगों को धमकी मिल रही थी। पहले मेरे की हत्या की, अब दादा की। ये लोग मुझे भी मार देंगे।

बताया जा रहा है कि जन सुराज प्रत्याशी प्रियदर्शी पीयूष के सबसे करीबी समर्थक दुलारचंद यादव का साथ देना अनंत सिंह को खटक रहा था। वह इसलिए कि प्रियदर्शी पीयूष जिस जाति से आते हैं, उसका वोट अनंत को मिलता रहा है। उधर, दुलारचंद यादव अनंत सिंह उर्फ छोटे सरकार को लगातार ललकार रहे थे। कई सार्वजनिक स्थानों पर बयान दिया था कि अनंत सिंह अगर छोटे सरकार हैं तो प्रियदर्शी पीयूष बड़े सरकार हैं।तीन-चार दिन पहले दुलारचंद ने अनंत सिंह की पत्नी पर अभद्र टिप्पणी की थी। बाढ़ का दुलार चंद यादव पटना जिले के टाल क्षेत्र का एक कुख्यात अपराधी माना जाता था। वो जमीन कब्जा, रंगदारी, फायरिंग, मारपीट और अवैध वसूली जैसे कई गंभीर मामलों में आरोपी था। 2019 में तत्कालीन अरढ लिपी सिंह ने इसकी गिरफ्तारी की थी। दुलारचंद पर अलग-अलग थानों में मामले दर्ज हैं।



# नायरा बनर्जी ने बताया एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का सच

एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने द फ्री प्रेस जर्नल के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में फ़िल्म इंडस्ट्री को लेकर कई बातें बताई हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे शुरुआत में उन्हें महिला होने के नाते अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इंटरव्यू में नायरा कहती हैं- मेरा पहला फोटोशूट था और मैं छोटी बच्ची की तरह क्यूट पोज देती थी। लेकिन फोटोग्राफर मुझसे कहते कि तुमने क्या रिया सेन को देखा है? उसकी आंखों को देखो, उसके पोज देने के तरीके को देखो। मैं उस समय मात्र 16 साल की थी। और वो मुझे कहते कि रिया की तरह पोज करो।

नायरा बताती है कि उस दौरान उनकी मां वहां मौजूद थीं और उनका रिएक्शन था कि फोटोग्राफर कह क्या रहे हैं? फोटोग्राफर मेरी मां से कहते कि मैडम वो फिल्म इंडस्ट्री में आ रही है इसलिए उसे ये सब करना होगा। अगर वह ऐसे पोज देगी और हॉट दिखेगी तो उसे जल्दी ही फिल्में मिल जाएंगी। इसी इंटरव्यू में जब उनसे इंडस्ट्री में मिलने वाले कंप्रोमाइज ऑफर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया- 'मुझे भी इस तरह के कॉल आते थे। मुझे कमिटमेंट नाम की एक अजीब चीज के लिए कॉल आते थे। जो डायरेक्टर के साथ एक तरह का समझौता होता था। मैं सोचती थी कि कमिटमेंट क्या होता है? मेरी मां के सामने तो कोई मुझे ये नहीं बताता था, लेकिन जब क्रू मेंबर मुझे स्क्रिप्ट देने आते थे, तो वो कुछ इस तरह का इशारा करते थे। एक बार मुझे अचानक से कॉल आया और मैं गुस्सा गई और बोली कि अपनी मां को भेजो, अपनी बहन को भेजो या फिर खुद जाओ। नायरा के करियर की बात करें तो उन्होंने कम उम्र में ही इंडस्ट्री में एंट्री ले ली थी। अब तक वो हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ इंडस्ट्री में काम कर चुकी हैं। इसके अलावा वो टीवी का भी जाना माना नाम हैं। वो दिव्य दृष्टि, पिशाचिनी जैसे शो के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में वो नीरज पांडे की वेब सीरीज खाकी द बंगाल चैप्टर में नजर आई थीं।



# इमरान हाशमी-यामी गौतम की हक से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी वर्तिका सिंह


बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म हक बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। इस फिल्म से पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया-सुपरमॉडल वर्तिका सिंह बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही है।सुपर्ण वर्मा इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में वर्तिका एक ऐसी महिला की भूमिका निभाएंगी जो भावनात्मक रूप से बहुत मजबूत है। वह 'द फैमिली मैन' और 'राणा नायडू' जैसी वेब सीरीज में अपने संजीदा अभिनय के लिए जानी जाती हैं। फिल्म में अपने रोल के लिए वर्तिका ने काफी ट्रेनिंग ली। उन्होंने कई भाषा के जानकारों से उनके किरदार के लिए बोलने का लहजा सीखा। कई वर्कशॉप भी लीं। वर्तिका सिंह लखनऊ की रहने वाली हैं। इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ में भी हुई है। मेकर्स का कहना है कि इस रोल के लिए वह बिलकुल परफेक्ट थीं। वर्तिका सिंह ने 2019 में मिस यूनिवर्स इंडिया का खिताब अपने नाम किया था। उन्होंने मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के 68वें संस्करण में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले उन्हें 2015 में फेमिना मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल का ताज पहनाया गया। जीक्यू मैगजीन ने उन्हें 2017 में भारत की सबसे खूबसूरत महिलाओं में शुमार किया था।

फिल्म हक की कहानी साल 1985 के प्रसिद्ध शाह बानो बनाम अहमद खान केस से प्रेरित है, जो महिला अधिकारों और सामाजिक न्याय की दिशा में एक मील का पत्थर माना जाता है। फिल्म में यामी गौतम शाह बानो का किरदार निभा रही हैं, जबकि इमरान हाशमी उनके पति मोहम्मद अहमद खान की भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म हक को सुपर्ण एस वर्मा ने डायरेक्ट किया है। इसमें शीबा चड्ढा, दानिश हुसैन और असीम हट्टंगडी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इस फिल्म की कहानी मशहूर जर्नलिस्ट जिग्ना वोरा की बुक बानो-भारत की बेटी पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद जिग्ना वोरा ने कहा था कि फिल्म में सभी कलाकारों ने अपने-किरदार के साथ न्याय किया है। ख   ासकर इमरान हाशमी और यामी गौतम ने बहुत अच्छी एक्टिंग की है। इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स, इंसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

# बिहार की राजनीति पर एक्शन फिल्म लेकर आएंगे सोनू सूद


सोनू सूद का नाम एक बार फिर से सुर्खियों में लौट आया आ है। सोनू अब बिहार की सामाजिक और राजनीतिक स्थिति पर बेस्ड नई फिल्म बनाने जा रहे हैं। उन्होंने खुद इस फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी कर ली है और इसके निर्देशन के साथ ही मुख्य भूमिका भी निभाएंगे। सोनू सूद ने कहा... यह फिल्म एक्शन बेस्ड होगी। बिहार मेरे दिल के बहुत करीब है। मैंने यहां पलते-बढ़ते राज्य की राजनीति और सामाजिक पहलुओं को नजदीक से देखा और समझा है। यह कोई डॉक्यूमेंट्री या राजनीतिक ड्रामा नहीं होगी, बल्कि मनोरंजक और रोमांचक फिल्म होगी। हम पिछले 7-8 महीनों से फिल्म की डिटेलिंग पर काम कर रहे हैं। जल्द ही मैं इसका बड़ा ऐलान करूंगा। सोनू की पिछली निर्देशन फिल्म फतेह थी, जो एक ग्रिट्टी एक्शन फिल्म थी। वे फिल्मों को केवल पैसे कमाने का जरिया नहीं मानते। उन्होंने कहा... मेरे लिए दर्शक सिर्फ ऑडियंस नहीं हैं, वे मेरे लिए एक बड़े परिवार की तरह हैं। उनके साथ बहुत गहरा रिश्ता है। मैं उन्हें केवल मुनाफे के नजरिए से नहीं देखता। बता दें कि कोविड-19 महामारी के दौरान सोनू सूद ने हजारों लोगों की मदद की थी। सोनू की पिछली निर्देशन फतेह थी, जो एक एक्शन फिल्म थी



# कुब्रा सैत को याद आए अपने पुराने दिन

एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक पोस्ट के ज़रिए साल 2009 की अपनी यादों का पिटारा खोलते हुए अपने दर्शकों को बताया कि किस तरह उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर अपने सपनों की तलाश में मुंबई का रुख किया था। मुझे याद है मेरा पोर्टफोलियो दुबई में मिस इंडिया वर्ल्डवाइड में 'मिस पर्सनैलिटी' जीतने के कुछ समय बाद ही एक बेहतर इंसान और फ़ोटोग्राफ़र सुनिथ श्याम ने बनाया था और अपनी उस पहली तस्वीर को मैंने फ्रेम करवाया था। यह ज़िंदगी की वो पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने अभी जिया भी नहीं था। हालांकि सालों बाद, जब मैंने फ्रेम बदलना चाहा, तो कांच तस्वीर से चिपक चुकी थी और तस्वीर निकालते समय उसका एक हिस्सा वहीं रह गया, बिलकुल यादों की तरह। कुछ हिस्से धुंधले हो जाते हैं, कुछ साथ रह जाते हैं, लेकिन उस तस्वीर में शुरू हुई हिम्मत आज भी कायम है। कुब्रा सैत की यह पोस्ट अपनी सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ दर्शकों के दिलों को इस कदर छू गई है कि वे उनके मुरीद बन गए हैं। साथ ही कभी नए सफर की शुरुआत का प्रतीक रही वह पुरानी तस्वीर अब उनकी उपलब्धियों और साहस की गवाह बन चुकी है। सच कहें तो अपनी बोल्ड चॉइसेज़ और असली अंदाज़ के लिए जानी जाने वाली कुब्रा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनमें नरमी भी है, और यही उनकी असली ताकत है। गौरतलब है कि हाल ही में काजोल के साथ द ट्रायल सीज़न 2 में नज़र आई कुब्रा सैत ने अपने पहले रियलिटी शो राइज़ एन्ड फॉल के साथ अपना डेब्यू किया है और वे जल्द ही अपनी अगली फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नज़र आएंगी।





# धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे भुवन बाम

पॉपुलर इन्फ्लूएंसर और कॉमेडियन भुवन बाम जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। वो धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म कुकू की कुंडली में दिखेंगे। हाल ही में भुवन ने धर्मा प्रोडक्शन के साथ फिल्म का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और अपने डेब्यू की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है। भुवन बाम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से कॉन्ट्रैक्ट की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, सपने देखो दोस्तों, पूरे हो जाते हैं। इसके आगे कमेंट पिन कर भुवन ने लिखा, आपके सपोर्ट के बिना ये मुमकिन नहीं होता, हमेशा आपकी दुआएं चाहिए। भुवन की पोस्ट में लगातार सेलेब्स और फैंस की बधाइयां आ रही हैं। एक्टर राजकुमार राव ने पोस्ट पर कमेंट कर लिखा है, बहुत बहुत मुबारक मेरे भाई। अंकल आंटी की दुआओं और तुम्हारी कड़ी मेहनत का फल है।



## वामिका गब्बी के साथ नजर आएंगे

भुवन बाम ने धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म कुकू की कुंडली साइन की है। फिल्म में उनके साथ वामिका गब्बी नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा कर रहे हैं, जो इससे पहले जान्हवी कपूर स्टारर फिल्में मिस्टर एंड मिसेज माही और गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल डायरेक्ट कर चुके हैं। बॉलीवुड डेब्यू से पहले भुवन बाम ने जियो हॉटस्टार की सीरीज ताजा खबर से ओटीटी और एक्टिंग डेब्यू किया था। फिल्म कुकू की कुंडली के अलावा भुवन बाम के बाद अमेजन प्राइम वीडियो की अपकमिंग सीरीज द रिवोल्यूशनरी भी है, जो साल 2026 में रिलीज होने वाली है।

इसमें भुवन के साथ रोहित सराफ, लापता लेडीज फेम एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा, जेसन शाह और गुरफतेह पीरजादा भी अहम किरदारों में होंगे। 22 जनवरी 1994 को जन्में भुवन बाम ने साल 2015 में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया था। वो टीटू मामा, बबलू, बनछोड़दास, अदरक बाबा, मिस्टर होला, पापा मकीचू जैसे किरदार निभाकर काफी पॉपुलर हुए थे। वो छोटे से कमरे में अपने मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्ड करते थे। यूट्यूब में बढ़ती पॉपुलैरिटी के साथ ही उन्होंने साल 2016 में म्यूजिक वीडियो तेरी मेरी कहानी लॉन्च किया, जिसमें उन्होंने खुद आवाज दी थी। आगे उनके संग हूं तेरे, सफर, राहगुजर, बस में, अजनबी और हीर रांझा जैसे गाने बनाए। बढ़ती पॉपुलैरिटी के चलते भुवन को दिव्या दत्ता के साथ शॉर्ट फिल्म प्लस माइनस में कास्ट किया गया था, जिसके लिए उन्होंने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था।



# इंडस्ट्री को पता है कि मैं कहीं नहीं जाने वाला

**मुन्ना भाई एमबीबीएस, जॉली एलएलबी और गोलमाल जैसी फिल्मों में अपने हास्य किरदारों से पहचान बनाने वाले अरशद वारसी अब एक नई राह पर हैं। अपनी नयी फिल्म भागवत- चैप्टर वन राक्षस में वह एक ईमानदार पुलिस अफसर की भूमिका में दिखे।**

## भागवत चैप्टर वन पर बोले अरशद

इस फिल्म पर बात करते हुए अरशद वारसी साफ कहते हैं, 'मुझे थ्रिलर फिल्में बहुत पसंद हैं। यकीन मानिए, ये स्क्रिप्ट मुझे सच में बहुत पसंद आयी। आमतौर पर फिल्मों में एक अच्छा आदमी होता है और एक बुरा, फिर आखिर में वो बुरा पकड़ा जाता है और कहानी खत्म। लेकिन असल जिन्दगी में कहानी यहीं खत्म नहीं होती। असली लड़ाई तो उसके बाद शुरू होती है, जब केस चलता है, सबूत जुटाने पड़ते हैं और सच्चाई साबित करनी होती है। इस फिल्म में मुझे ये बात बहुत दिलचस्प लगी कि मेरा किरदार एक ऐसे अपराधी के पीछे है जो इतना चालाक है कि कोई सुराग नहीं छोड़ता। उसे पकड़ना लगभग नामुमकिन है। जब मैंने कहानी सुनी, तो मुझे लगा कि यह फिल्म वाकई कुछ अलग है।'




## सही कास्टिंग का असर

अरशद मानते हैं कि एक अच्छी फिल्म की आधी जीत उसकी कास्टिंग में होती है। वो कहते हैं, मेरे लिये अच्छी कास्टिंग आधा युद्ध जीतने के बराबर है। अगर सही अभिनेता को सही किरदार मिल जाये, तो फिल्म अपने आप बेहतर हो जाती है। इस फिल्म में जीतेंद्र (पंचायत फेम एक्टर) ने कमाल का काम किया है। इससे बेहतर कोई इसे नहीं निभा सकता था। सच कहूं तो मैं इस मौके के लिये बहुत आभारी हूं।

## कॉमेडियन की छवि और गंभीर किरदार

किरदार पर बात करते हुए अरशद ने कहा, 'कॉमेडी करने वाले अभिनेताओं के साथ यह दिक्कत यह होती है कि जब वो गंभीर किरदार करते हैं, तो लोग उन्हें मजाक में लेते हैं। दर्शकों को गंभीर किरदारों में कॉमेडियन छवि वाला अभिनेता हजम नहीं होता। कई कलाकारों के साथ ऐसा हुआ है, लेकिन खुशकिस्मती से मैंने यह दीवार तोड़ दी। शुरुआत में मैं भी थोड़ा डरा हुआ था कि लोग मुझे स्वीकार करेंगे या नहीं, पर शहर फिल्म के बाद मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया। अब मैं किसी भी तरह के रोल को लेकर सहज हूं।'

## इंडस्ट्री और अनुभव की सच्चाई

अपने 27 साल के अनुभव पर अरशद बेबाकी से कहते हैं, इतने वर्षों में मैंने ये सीखा है कि आप कितना भी अच्छा काम कर लो, अगर फिल्म नहीं चलती तो कोई नहीं पूछता। लेकिन अगर फिल्म चल जाये, चाहे एक्टिंग औसत ही क्यों न हो, तो सब कुछ बदल जाता है। 'जॉली एलएलबी' की सफलता पर वो मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'काफी वर्षों से इस इंडस्ट्री में हूं तो अब इन चीजों का मुझ पर असर नहीं होता। अब सफलता-असफलता से खासा फर्क नहीं पड़ता। इंडस्ट्री को भी पता है कि मैं कहीं जाने वाला नहीं हूं। आज नहीं तो कल एक हिट दे ही दूंगा।'

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 में भारतीय टीम को चार विकेट से हराया

**मेलबर्न (एजेंसी)।** मिशेल मार्श की 46 रन की पारी की सहायता से ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय क्रिकेट टीम को दूसरे टी20 में चार विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम 125 रनों पर ही आउट हो गयी इसके बाद जीत के लिए मिले 126 रनों के लक्ष्य को मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 13.2 ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

126 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। इस जोड़ी को वरुण चक्रवर्ती ने हेड को आउट कर तोड़ा। हेड ने 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन की पारी खेली। वहीं, मार्श अर्धशतक 26 गेंद में दो चौके और चार छक्कों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। जोश इंग्लिस ने 20 रन बनाए। वहीं, टिम डेविड एक रन बना सके। स्टोइनिस ने नाबाद छह रन की पारी खेल ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह , कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती तीनों ने ही दो-दो विकेट लिएस।

वहीं इससे पहले भारतीय टीम की बल्लेबाजी विफल रही और केवल अभिषेक शर्मा 68 रन और हर्षित राणा 35 ही कंगारु गेंदबाजों का सामना कर पाये बाकि खिलाड़ी दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। अभिषेक ने 37 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्के लगाये जबकि राणा ने 33 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्का लगाया। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और शुभमन गिल 5 रन बनाकर ही आउट हो गये। इसके बाद अभिषेक ने 23 गेंदों पर अर्धशतक लगाकर पारी को संभाला और सबसे अधिक 68 रन बनाये। अभिषेक के अलावा हर्षित राणा ने 35 रन बनाये। वहीं बाकि बल्लेबाज असफल रहे। 23 रनों पर भारत को संजू सैमसन 2 रन के रूप में दूसरा, और 32 के स्कोर पर कप्तान सूर्यकुमार यादव 1 रन और तिलक वर्मा 0 के रूप में तीसरा और चौथा झटका लगा। अक्षर पटेल 7 रन आउट होने वाले पांच खिलाड़ी रहे।

105 के स्कोर पर हर्षित राणा के रूप में छठा और 109 के स्कोर पर शिवम दुबे 4 रन के रूप में सातवां विकेट गिरा ! कुलदीप के रूप में आठवां झटका लगा है, वह खाता भी नहीं खोल पाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से 3 विकेट जोश हेजलवुड ने लिए और 2-2 विकेट जैवियर बार्टलेट और नैथन एलिस ने लिए।



# हार से निराश ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हीली लेंगी संन्यास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिस हीली ने भारतीय टीम के खिलाफ महिला विश्वकप सेमीफाइनल में मिली हार पर निराशा जताते हुए संन्यास के संकेत दिये हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम को सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने पांच विकेट से हराय था। हीली ने कहा कि यह उनका इस प्रारुप का अंतिम मैच हो सकता है।

भारतीय टीम ने इस मैच में 339 रनों का कठिन लक्ष्य हासिल किया था। हीली ने मैच के बाद कहा, इस पूरे टूर्नामेंट में सभी ने अच्छी तरह योगदान दिया। यही वजह है कि हारने वाली कप्तान बनकर खड़े रहना निराशाजनक लग रहा है। हमने कई अवसर बनाएं। हमने दबाव बनाया। मगर हम मैच अपने नाम नहीं कर पाये।

भारतीय टीम की जीत में जेमिमा रोड्रिग्ज 127 और हरमनप्रीत कौर 89 रनों की अहम भूमिका रही। हीली ने जेमिमा का कैच तब गिरा दिया था जब वह 82 रन पर थीं। यह कैच ऑस्ट्रेलिया की हार का कारण बना।

इस खिलाड़ी ने कहा कि उगला विश्वकप खेलने की उनकी कोई योजना नहीं है। साथ ही कहा कि अब उनका लक्ष्य अगले साल होने वाला टी20 विश्वकप है।

हीली ने अब तक 123 एकदिवसीय मैच में सात शतक और 18 अर्धशतकों की सहायता से 3563 रन बनाए। उनकी औसत 35.98 और स्ट्राइक रेट 100 के करीब रहा।

# महिला विश्वकप क्रिकेट : भारतीय टीम रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी

### -विश्व क्रिकेट को मिलेगी नई चैम्पियन टीम



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली बड़ी जीत के साथ ही विश्वकप फाइनल में जगह बनायी है। अब खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम रविवार दो नवंबर को दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला करेगी। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 339 रनों का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्वकप में हासिल कर एक नया रिकार्ड भी बनाया है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने साल 2005 और 2017 के बाद तीसरी बार फाइनल में जगह बनायी है।

सेमीफाइनल में जेमिमा रोड्रिग्स की नाबाद 127 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर की 89 रन की पारी के बल पर भारतीय टीम फाइनल में पहुंची है। यहां भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले में जो भी टीम जीतेगी रिकार्ड बनेगा ही। भारतीय टीम दो बार उप विजेता रही है जबकि दक्षिण अफ्रीका पहली बार फाइनल में पहुंची है।

महिला विश्व कप फाइनल 2 नवंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने इसी मैदान पर सेमीफाइनल जीता है जिससे उसकी यहां जीत की संभावनाएं कई गुना बढ़ गयी हैं। टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह पूरे उत्साह से उतरेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम ने लीग स्तर पर भारतीय टीम को हराया था जिससे वह प्रेरित रहेगी।

इस प्रकार महिला एकदिवसीय विश्व कप में 25 साल बाद विश्क क्रिकेट को नया विश्व चैंपियन मिलेगा। इससे पहले वर्ल्ड कप 2000 में ऐसा हुआ था, जब न्यूजीलैंड ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीता था। इसके अलावा हमेश ही ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमों ने खिताब जीते थे। इस बार विश्व कप फाइनल के साथ ही विश्व क्रिकेट को चौथी चैंपियन टीम मिलेगी।

भारतीय टीम के ग्रुप स्तर तक का सफर मिलाजुला रहा है उसने 7 मैच खेले जिसमें से उसे 3 में हार मिली जबकि एक मुकाबले में उसे अंक बांटने पड़े। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने भी शुरुआती हार से उबरकर फाइनल में जगह बनायी है। उसने ग्रुप स्टेज पर 7 में से 5 मैच जीते जबकि दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

# खत्म हो सकता है इंतजार, एक-दो दिन में भारत पहुंच सकती है एशिया कप ट्रॉफी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) को उम्मीद है कि एशिया कप विजेता ट्रॉफी 'एक या दो दिन में' मुंबई स्थित उसके मुख्यालय पहुंच जाएगी लेकिन अगर हालात में कोई प्रगति नहीं होती है तो भारतीय बोर्ड चार नवंबर को इस मामले को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के समक्ष उठाएगा।

भारत ने दुबई में हुए फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एशिया कप जीता लेकिन पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। वह एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अध्यक्ष भी हैं। यह तब हुआ जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दोनों देशों के बीच विवाद के कारण अपने पाकिस्तानी समकक्ष से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया।

नकवी पहले ही बता चुके हैं कि ट्रॉफी भारत को सौंपी जा सकती है लेकिन इसे वह स्वयं प्रदान करेंगे। एशिया कप जीत के एक महीने से ज्यादा समय बाद भी BCCI अब भी आधिकारिक तौर पर ट्रॉफी सौंपे जाने का इंतजार कर रहा है। BCCI के संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया ने विशेष बातचीत में कहा, 'जिस तरह से एक महीने बाद भी हमें ट्रॉफी नहीं दी गई है, उससे हम थोड़े नाखुश हैं। हम इस मामले को आगे बढ़ा रहे हैं। लगभग 10 दिन पहले भी हमने ACC के अध्यक्ष को एक पत्र लिखा था लेकिन उनके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है।'




उन्होंने कहा, 'अब भी ट्रॉफी उनके पास है, लेकिन हमें उम्मीद है कि एक-दो दिन में यह ट्रॉफी मुंबई स्थित BCCI कार्यालय में हमारे पास पहुंच जाएगी।' सैकिया ने कहा कि अगर ट्रॉफी जल्द ही नहीं सौंपी गई तो बीसीसीआई चार नवंबर से दुबई में होने वाली ICC की तिमाही बैठक में इस मुद्दे को उठाएगा। BCCI ने आधिकारिक तौर पर ट्रॉफी वापस करने का अनुरोध किया है लेकिन नकवी कथित तौर पर अपने रुख पर अड़े हुए हैं और सुझाव दे रहे हैं कि भारतीय खिलाड़ी भविष्य में किसी कार्यक्रम में इसे व्यक्तिगत रूप से ले लें क्योंकि अभी तक कोई औपचारिक समाधान नहीं हुआ है।

सैकिया ने कहा, 'BCCI की ओर से हम इस मामले से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और मैं भारत के लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि ट्रॉफी भारत वापस आएगी, बस समय सीमा तय नहीं है। पर एक दिन यह आएगी।' टेस्ट क्रिकेट में पहली बार भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अगले महीने गुवाहाटी में होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में पारंपरिक सत्रों के क्रम में बदलाव देखने को मिल सकता है जिसमें लंच से पहले चाय परोसी जा सकती है। सैकिया ने पुष्टि की कि गुवाहाटी में सूर्योदय और सूर्यास्त जल्दी होने के कारण खेल के समय में संभावित बदलाव के बारे में चर्चा चल रही है।

# श्रेयस बोले, हर दिन बेहतर हो रहा, समर्थन के लिए प्रशंसकों का आभार जताया



सिडनी ।भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वह अब पहले से ठीक हैं और अच्छा महसूस कर रहे हैं।श्रेयस को उम्मीद है कि वह शीघ्र ही इस चोट से उबर जाएंगे।वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के दौरान एलेक्स कैरी का एक कैच पकड़ते समय पसली में चोट लगाने के बाद हुए रक्तस्राव के कारण गंभीर रुप से घायल हो गये थे और आईसीयू में भर्ती थे।उन्होंने इसी चोट को लेकर कहा, '' मैं उबर रहा हूं अेर प्रतिदिन पहले से बेहतर हो रहा हूं।

श्रेयस ने कहा '' लोगों की शुभकामनाओं और मिले समर्थन से मैं उत्साहित हूं।मुझे याद रखने के लिये धन्यवाद। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा, ''उसकी हालत अब स्थिर है और वह अब भी निगरानी में है।दोबारा हुई स्कैन जांच में काफी सुधार दिखा और श्रेयस ठीक हो रहा है।बीसीसीआई ने साथ ही कहा कि मेडिकल टी उनकी सेहत पर नजर रखे हुए है।श्रेयस मैच के दौरान फिजियो की सहायता से मैदान से बाहर चले गए थे पर ड्रेसिंग रुम में वह बेहोश हो गये थे, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

# 2027 विश्वकप खेलना चाहते हैं शार्दुल



मुम्बई ।पिछले काफी समय से टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर भी साल 2027 विश्वकप खेलना चाहते हैं।शार्दुल के अनुसार वह तेज गेंदबाजी के साथ-साथ नंबर-8 पर बल्लेबाजी भी कर सकते हैं।इसलिए उन्हें टीम में जगह मिलनी चाहिये।इस ऑलराउंडर ने अक्टूबर 2023 के बाद से ही सीमित ओवरों का कोई मैच नहीं खेला है।जिससे उनकी दावेदारी कमजोर मानी जा रही है।रणजी ट्रॉफी खेल रहे शार्दुल ने कहा, मेरे लिए टीम में वापसी के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहना बहुत जरूरी है।टी20 विश्वकप दक्षिण अफ्रीका में होने वाला है, इसलिए वहां नंबर आठ पर गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर मैं जगब हासिल करना चाहता हूं।. शार्दुल की राह हालांकि आसान नहीं है क्योंकि अभी टीम के पास पहले से ही दो ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा हैं।हर्षित को नंबर-8 पर बल्लेबाजी के लिए उतारा गया था जिससे साफ है कि कि उन्हें इस क्रम पर आजमाया जा रहा है।वहीं नितीश भी एक अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं।वहीं शार्दुल ने कहा कि वह हमेशा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें अवसर मिलेगा वह खेलने के लिए तैयार हैं।साथ ही कहा कि मेरे हाथ में केवल प्रदर्शन करना है। बाकि काम चयनकर्ताओं का है।शार्दुल अंतिम बार एकदिवसीय मैच साल 2023 विश्व कप में खेला था। उसके बाद से ही उन्हें अवसर नहीं मिले है

# भारतीय हॉकी टीम को लगा बड़ा झटका, पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और गोलकीपर मनुएल फेडरिक का हुआ निधन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी जगत से एक दुखद खबर सामने आई है। भारत को 1972 म्यूनिख ओलंपिक में Bronze Medal दिलाने वाले महान खिलाड़ी और गोलकीपर मनुएल फेडरिक का शुक्रवार को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले 10 महीनों से प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। उनके निधन से पूरे भारतीय हॉकी समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है।

### केरल के पहले ओलंपिक पदक विजेता थे खिलाड़ी

मनुएल फेडरिक का जन्म 20 अक्टूबर 1947 को केरल के कन्नूर जिले के बारनासीरी में हुआ था। वह केरल राज्य से भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। उनके बाद गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने टोक्यो 2020 और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इस विरासत को आगे बढ़ाया।

फेडरिक को भारतीय खेल में उनके शानदार योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्हें 2019 में युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित 'ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया था।

### हॉकी इंडिया ने व्यक्त किया गहरा शोक

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने फेडरिक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मनुएल फेडरिक भारत के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर्स में से एक थे। भारतीय हॉकी के सुनहरे दौर में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनके प्रदर्शन ने कई युवाओं को देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित किया। हॉकी इंडिया उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है। हमने एक महान खिलाड़ी खो दिया है, लेकिन उनकी विरासत हमेशा जीवित रहेगी।'

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी श्रद्धांजलि दी और कहा कि फेडरिक का समर्पण खासकर केरल जैसे गैर-पारंपरिक हॉकी राज्य से होने के बावजूद अनगिनत युवाओं के लिए प्रेरणादायक था।



# कोपा डेल रे फुटबॉल : एस्पेनयोल सहित चार क्लब जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंचे

मैड्रिड ।एस्पेनयोल और लेवांटे फुटबॉल सहित चार क्लबों ने कोपा डेल रे फुटबॉल के पहले दौर के मैचों में जीत दर्ज की है।एस्पेनयोल ने एटलेटिक लिडा को 2-1 से हराया जबकि दूसरी तरफ लेवांटे ने ओरिहुएला के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की।सेल्टा विगो ने प्यूर्टो डी वेगा को 2-0 से व रियल बेटिस ने पाल्मा डेल रियो को 7-1 से हराया।एस्पेनयोल की ओर से दोनो ही गोल किके गार्सिया ने किये।किके ने दूसरे मिनट में पेनाल्टी के साथ ही पहला गोल दाग दिया पर एटलेटिक लिडा ने एल्डो वन की बदौलत तीन मिनट बाद ही एक गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया।इसके बाद किके ने हाफटाइम से ठीक पहले एस्पेनयोल को फिर से बढ़त दिला दी।वहीं लेवांटे का ओरिहुएला के खिलाफ मुकाबला कांटे का रहा।इस मैच में उनाई एल्गेजाबल और जोस लुइस मोरालेस के गोल से शुरुआत में ही लेवांटे ने 2-0 की बढ़त हासिल कर ली।वहीं जेवियर सोल्सोना की पेनाल्टी से किये गोल से ओरिहुएला ने वापसी कर ली। वहीं कार्लोस एस्पी ने 48वें मिनट में गोल कर लेवांटे को फिर से 2 गोल की बढ़त दिलाई पर गोंजालो मिरांडे ने तीन मिनट बाद ही गोल कर लेवांटे की बढ़त कम कर दी। हेक्टर अयोडेले ने आखिरी मिनट में गोल दागते हुए स्कोर 3-3 पर कर दिया पर एस्पी ने 92वें मिनट में गोल कर लेवांटे को जीत दिल दी।एक अन्य मैच में एक हराकर दौर में आसानी से प्रवेश कर लिया है।रियल बेटिस को भी पाल्मा डेल रियो के खिलाफ 7-1 से जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई।कोपा का दूसरा दौर 2 से 4 दिसंबर के बीच खेला जाएगा।

# भारतीय टीम की जीत में हरमनप्रीत सहित इन चार खिलाड़ियों की भी रही अहम भूमिका

**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्वकप सेमीफाइनल में भारतीय टीम की जीत में जेमिमा रोड्रिग्ज की शतकीय पारी के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित चार और खिलाड़ियों की भी अहम भूमिका रही है। इस मैच में भारतीय टीम ने 339 रनों के विशाल लक्ष्य को हासिल कर एक नया रिकार्ड बनाया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया के लगातार 15 मैचों की जीत के सिलसिल को भी रोक दिया। अब दो नवंबर को फाइनल में भारतीय टीम का सामना दक्षिण अफ्री से होगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराकर फाइनल में जगह बनायी है।



**हरमनप्रीत कौर:** कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक बार फिर 2017 की ऐतिहासिक पारी के बाद उन्होंने सेमीफाइनल में भी 89 रनों की पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हरमनप्रीत ने मुश्किल हालात में पारी संभाला और हर ओवर के साथ मैच का रुख भारत की ओर मोड़ा।

**दीप्ति शर्मा:** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एक बार फिर साबित किया कि वह कितनी उपयोगी हैं। पहले उन्होंने बीच के ओवरों में स्पिन से ऑस्ट्रेलिया पर अंकुश लगाया फिर बल्लेबाजी में निचले क्रम में रन जोड़े। जब भी टीम को विकेट चाहिए था, दीप्ति ने सफलता दिलाई। वहीं अंत में जब रनों और गेंद के बीच का अंतर बढ़ रहा था तब दीप्ति ने 17 गेंदों पर 24 रनों की पारी खेली।.

**रीचा घोष:** विकेटकीपर बल्लेबाज रीचा घोष भारतीय महिला क्रिकेट टीम की एक भरोसेमंद फिनिशर हैं। सेमीफाइनल में जब रन रेट बढ़ा हुआ था तब रीचा ने निडर होकर 16 गेंदों में तेजी से 26 रन बनाये।

**स्मृति मंधाना:** भरोसेमंद अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 24 गेंदों पर 24 रनों की छोटी लेकिन अहम पारी खेली. शेफाली वर्मा के शुरुआत में आउट होने के बाद स्मृति ने पारी को संभाल।

# सिंधु अब अगले सत्र में ही नजर आयेंगी



नई दिल्ली । महिला बैडमिंटन स्टार पी. वी. सिंधु अब इस सत्र में नजर नहीं आयेंगी। सिंधु अब साल 2026 सत्र से ही वापसी करेंगी।सिंधु ने फिट नहीं होने के कारण बीडब्ल्यूएफ टूर के शेष सभी मुकाबलों से अपना नाम वापस ले लिया है।सिंधु ने कहा कि उन्होंने यह फैसला सहयोगी स्टाफ और खेल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारडीवाला से बात करने के बाद लिया है। सिंधु ने कहा, 'अपनी टीम और डॉ. पारडीवाला की सलाह के बाद उसने साल 2025 सत्र के बाकी टूर्नामेंट से हटना ही सबसे बेहतर समझा है।इसका कारण है कि उनकी पैर की चोट अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुई है।इस खिलाड़ी के अनुनार नाम वापस लेना फैसला नहीं था पर इसके अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था। साथ ही कहा कि चोटें हर खिलाड़ी के खेल सफर का हिस्सा होती हैं।ये हमारे धैर्य और जज्बे की भी परीक्षा लेती हैं।' उन्होंने कहा कि वह अभी डॉक्टारें की टीम के सहायोग से रिकवरी और अभ्यास पर ध्यान दे रही हैं सिंधु ने कहा, 'मेरी टीम का मुझपरा काफी भारोसा है जिससे भी मेरा उत्साह हर दिन और बढ़ता है।मैं उनकी आभारी हूं और पहले से कहीं ज्यादा प्रेरित और बेहतर महसूस कर रही हूं।' सिंधु ने अपने प्रशंसकों और समर्थकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह जनवरी 2026 में कोर्ट पर वापसी करेंगी।उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा, 'आप सबके प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद। यह सफर यहीं समाप्तनहीं होता,जल्द ही एक नई शुरुआत होगी।' गौरतलब है कि पिछले साल पेरिस ओलंपिक में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद से ही सिंधु के लिए इस साल का सत्र अच्छा नहीं रहा है रहा। वह चाइना मास्टर्स सुपर 750, इंडिया ओपन सुपर 750 और विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल के बाहर हो गयीं थीं।

# हरमनप्रीत के आउट होने के बाद कैसी थी मानसिकता, जेमिमा ने सेमीफाइनल जीतकर खोला राज

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** अपने नाबाद शतक से भारत को वनडे विश्व कप फाइनल में ले जाने के बाद भावनाओं पर काबू पाने की कोशिश करते हुए जेमिमा रौड्रिग्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर के आउट होने के बाद उन्हें फिर से फोकस करने में मदद मिली। दबाव में बेहतरीन पारी खेलते हुए जेमिमा ने 134 गेंद में नाबाद 127 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने रिकॉर्ड 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया को हराया। अब फाइनल में सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

जेमिमा ने कहा, 'मैं हैरी दी से कह रही थी कि हम दोनों को जीत तक ले जाना है। जब वह आउट हुई तो मुझे फिर से फोकस करने में मदद मिली क्योंकि थकान के कारण मेरी एकाग्रता टूट रही थी। हरमन के आउट होने के बाद मुझे लगा कि अतिरिक्त जिम्मेदारी से खेलना होगा। मैंने खुद से कहा कि वह आउट हो गई है तो उसके लिए मैं ही रन बनाऊंगी, मुझे टिककर खेलना है।' जेमिमा ने कहा, 'इससे मेरा फोकस फिर बना और मैं समझदारी से खेलने लगी।'



प्रेस कांफ्रेंस में बार बार रो पड़ी जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'मैं प्रार्थना कर रही थी। मैं खुद से बात कर रही थी क्योंकि काफी ऊर्जा खत्म हो चुकी थी। मैं थक गई थी और इसकी वजह से कुछ पेचीदा शॉट खेले। मैं सोच रही थी कि कैसे खेलूं। आक्रामक रहूं या अंत तक टिकी रहूं और मैंने सीखा कि अंत तक डटकर खेलना जरूरी था।' उन्होंने कहा, 'मैं खुदा से बात कर रही थी क्योंकि मेरा मानना है कि मेरा उनसे निजी रिश्ता है और जब मैं खुद नहीं कर पाती तो वह मेरे लिए कर देते हैं।'

इस पारी से पहले जेमिमा कठिन दौर से गुजर रही थी और टीम से बाहर भी हुई लेकिन उसके साथी खिलाड़ी उसके साथ डटे रहे। उन्होंने कहा, 'कोई अपनी कमजोरियों के बारे में बात नहीं करना चाहता। टूर्नामेंट की शुरूआत में काफी बैचेनी से गुजर रही थी। अपनी मां को फोन करके पूरा समय रोती रहती थी क्योंकि जब आप इन हालात से गुजर रहे होते हैं तो कुछ सूझ नहीं पड़ता।'

उन्होंने कहा, 'समझ में नहीं आता कि क्या करें। ऐसे समय में मेरे माता पिता ने मेरा खूब साथ दिया। अरूंधति रेड्डी से मैं रोज बात करती थी और उसके सामने रोती थी। स्मृति (मंधाना) ने मेरी काफी मदद की। उसे पता था कि मैं क्या महसूस कर रही हूं। कुछ नेट सत्रों में वह खड़ी रही, कुछ कहा नहीं लेकिन उसे पता था कि उसकी मौजूदगी मेरे लिए अहम है। राधा यादव ने मेरा बहुत ख्याल रखा।' जेमिमा ने मैच के बारे में कहा, 'डी वाई पाटिल स्टेडियम पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मैं यही सोच रही थी कि टिके रहना है तो रन खुद ब खुद मिलेंगे।'

## जयपुर में एक फार्मा कंपनी की जुकाम-एलर्जी की दवाई अमानक मिली

जयपुर (एजेंसी)। जयपुर में एक फार्मा कंपनी की जुकाम-एलर्जी की दवाई अमानक मिली। इस पर इस मेडिसिन को बेचने पर रोक लगा दी गई है। ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को रिपोर्ट जारी कर वाईएल फार्मा कंपनी की जुकाम-एलर्जी में दी जाने वाली दवाई को अमानक माना है। डिपार्टमेंट ने इस फार्मा कंपनी की दूसरी दवाईयों के भी सैंपल लेकर उसकी जांच के आदेश दिए हैं। ड्रग कंट्रोलर फर्स्ट से जारी आदेशों के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित कंपनी की दवाई विन्सेट एल नाम से राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के अन्य शहरों में दवाईयां सप्लाई होती हैं। पिछले दिनों इस कंपनी के बैच नं. एलटी25023 सहित अन्य दो बैच के सैंपल लिए गए थे। इन सैंपल की जब जांच की गई, तब दवाई अमानक निकली। यानी जिन सॉल्ट को इस दवाईयों में होना बताया, वह पर्याप्त मात्रा में इसमें नहीं मिले। कंपनी इस दवाई में लेवोसेट्रीजीन और डाइहाइड्रोक्लोराइड सॉल्ट होने का क्लेम करती है। आदेशों में अब ड्रग कंट्रोलर ने इस कंपनी की आने वाली दूसरी दवाईयों के भी सैंपल लेने और उनकी जांच करवाने के आदेश दिए हैं।

## भारत पाकिस्तान सीमा से एक संदिग्ध को पकड़ा- पुलिस जांच में जुटी

जैसलमेर (एजेंसी)। राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास घूमते एक संदिग्ध दिखने वाले व्यक्ति को बीएसएफ ने पकड़ा है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। सूत्रों के अनुसार, बिहार के अररिया जिले का निवासी मोहम्मद इकबाल (लगभग 40) नामक व्यक्ति को मुरार सीमा क्षेत्र में बीएसएफ जवानों ने नियमित गश्त के दौरान पकड़ा। कथित तौर पर वह प्रतिबंधित सीमा क्षेत्र के पास संदिग्ध तरीके से घूम रहा था। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने यह पता लगाने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी है कि वह बिना किसी रोक-टोक के अत्यधिक प्रतिबंधित क्षेत्र में कैसे पहुंच गया। एक पुलिस सूत्र ने इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यधिक संवेदनशील बताते हुए कहा कि उसकी पृष्ठभूमि, यात्रा मार्ग और संभावित उद्देश्यों की पूरी तरह से जांच की जा रही है। इकबाल के संभावित संपर्कों और संचार नेटवर्क का पता लगाने के लिए खुफिया एजेंसियां जांच में जुट गई हैं। बीएसएफ की एक टीम ने तुरंत इकबाल को हिरासत में ले लिया और घटनास्थल पर ही उससे प्रारंभिक पूछताछ की। एक सूत्र ने कहा कि वह व्यक्ति कोई वैध पहचान पत्र या संवेदनशील क्षेत्र में जाने की अनुमति दिखाने में विफल रहा। उन्होंने आगे कहा कि उसके जवाबों से और भी संदेह पैदा हुआ। प्रारंभिक पूछताछ के बाद बीएसएफ ने इकबाल को आगे की जांच के लिए शाहगढ़ पुलिस को सौंप दिया। संदिग्ध के मोबाइल फोन, कॉल रिकॉर्ड और डिजिटल उपकरणों की जांच संभावित संपर्कों या संदिग्ध संचार के लिए की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के इतने करीब इकबाल की मौजूदगी ने संभावित सीमा पार संबंधों या टोही गतिविधि को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं एक सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान सीमा से निकटता को देखते हुए, ऐसी घटनाओं को बहुत गंभीरता से लिया जाता है। अधिकारियों ने आसपास के गांवों में सुरक्षा कड़ी कर दी है और आगे घुसपैठ रोकने के लिए सीमा क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

## मराठी अभिनेत्री का खुलासा... रोहित आर्य ने उन्हें भी एक फिल्म प्रोजेक्ट के सिलसिले में बुलाया

मुंबई (एजेंसी)। मराठी अभिनेत्री रुचिता जाधव ने खुलासा किया है कि मुंबई में होस्टेज कांड के आरोपी रोहित आर्य ने उन्हें भी एक फिल्म प्रोजेक्ट के सिलसिले में बुलाया था। दरअसल मुंबई में 31 अक्टूबर को होस्टेज कांड, में रोहित आर्य ने 17 बच्चों, दो महिलाओं और एक बुजुर्ग को बंधक बना लिया था और बाद में पुलिस की कार्रवाई में मारा गया। मराठी फिल्मों की अभिनेत्री रुचिता जाधव ने अपने पोस्ट में बताया कि यही रोहित आर्य कुछ हफ्ते पहले उन्हें एक फिल्म प्रोजेक्ट के लिए बुला रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, 4 अक्टूबर को रोहित ने खुद को फिल्ममेकर बताकर रुचिता को मैसेज किया था। रोहित ने बताया कि वह होस्टेज सिचुएशन पर आधारित फिल्म बना रहा है। 23 अक्टूबर को रोहित ने रुचिता से 27, 28 या 29 अक्टूबर को मिलने के लिए पूछा। उन्होंने 28 अक्टूबर को मुलाकात तय की थी। 27 अक्टूबर को रोहित ने उन्हें पवई स्थित एक स्टूडियो की लोकेशन भेजी और अगली सुबह (28 अक्टूबर) आने को कहा। लेकिन रुचिता जाधव ने पारिवारिक कारणों से वह मीटिंग रद्द कर दी थी। इसके बाद 31 अक्टूबर को टीवी पर खबर देखकर कि वही रोहित आर्य पवई में होस्टेज कांड में शामिल था और मारा गया, रुचिता स्तब्ध रह गईं। उन्होंने कहा कि उस दिन को सोचकर वह कांप जाती हैं कि अगर वह चली जातीं, तब क्या होता। उन्होंने भगवान और परिवार का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने उन्हें बाहर जाने से रोक लिया। रुचिता ने अपनी पोस्ट के अंत में लोगों को यह घटना याद दिलाकर कहा कि काम के सिलसिले में किसी नए व्यक्ति से मिलने से पहले बेहद सावधान रहना चाहिए और हमेशा अपने परिवार या दोस्तों को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

## आसमान में चक्कर लगाती रही फ्लाइट्स... यात्रियों को हुआ खौफनाक लम्हों का एहसास

जयपुर (एजेंसी)। जयपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले यात्रियों के लिए सफर किसी डरावने अनुभव से कम नहीं था। एक नहीं बल्कि दो इंडिगो फ्लाइट्स के पैसेंजर्स को हवा में उस वक्त खौफनाक लम्हों का सामना करना पड़ा। जब दोनों एयरक्राफ्ट दिल्ली एयरपोर्ट के ऊपर लंबे समय तक होल्ड पर रखे गए। दरअसल, दिल्ली एयरपोर्ट पर देर रात एयर ट्रैफिक कंजेशन बढ़ने के कारण कई फ्लाइट्स को समय पर लैंडिंग क्लियरेंस नहीं मिली। इसी वजह से जयपुर से दिल्ली के लिए रवाना हुई दोनों इंडिगो फ्लाइट्स को आसमान में गोल चक्कर (होल्डिंग पैटर्न) में घूमना पड़ा। पहली फ्लाइट रात 10 बजकर 26 मिनट पर जयपुर से रवाना हुई थी। दूसरी फ्लाइट रात 12 बजकर 6 मिनट पर दिल्ली के लिए उड़ी। दोनों ही फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर लैंड नहीं हुई। इसके बाद दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल की अनुमति मिलने तक करीब 20 से 30 मिनट तक दोनों एयरक्राफ्ट आसमान में लैंडिंग का इंतजार करते रहे। इसके बाद फ्लाइट रात 11 बजकर 50 मिनट पर जबकि दूसरी फ्लाइट रात एक बजकर 16 मिनट पर दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इस दौरान फ्लाइट के निर्धारित वक्त पर पहुंच जाने के बावजूद बार-बार आसमान में घूमने से पैसेंजर्स में घबराहट फैल गई। कुछ पैसेंजर्स ने बताया कि फ्लाइट बार- बार गोल चक्कर काट रही थी। खिड़की से नीचे देखकर ऐसा लग रहा था मानो हम एक ही जगह पर फंसे हुए हैं।

# तेलंगाना कैबिनेट में पहले मुसलमान मंत्री बने कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन

### राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन ने शुक्रवार को तेलंगाना कैबिनेट में मंत्री के तौर पर शपथ ली। उन्हें राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने राजभवन में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान अजहरुद्दीन ने अल्लाह के नाम पर शपथ ली और आखिर में जय तेलंगाना और जय हिंद के नारे लगाए। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, अन्य मंत्री, स्पीकर, विधान परिषद के चेयरमैन, टीपीसीसी अध्यक्ष और उनके बेटे मोहम्मद असदुद्दीन (हाल ही में टीपीसीसी महासचिव नियुक्त) मौजूद थे। राज्य कैबिनेट ने अगस्त में अजहरुद्दीन को राज्यपाल के कोटे से विधान परिषद सदस्य के तौर पर नॉमिनेट करने का फैसला किया था। उन्हें अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मिलने की संभावना है। वह फिलहाल तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष और इसकी पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के सदस्य हैं। 62 वर्षीय अजहरुद्दीन को 11 नवंबर को होने वाले जुबली




हिल्स विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव से पहले कैबिनेट में शामिल किया गया है।

चुनावी पृष्ठभूमिः वह 2023 में अपने गृह क्षेत्र से चुनाव हार गए थे। वह फिर से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस ने नवीन यादव को मैदान में उतारा और अजहरुद्दीन को कैबिनेट में जगह देने का वादा किया। उनके शपथ ग्रहण के साथ राज्य कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। (अधिकतम सीमा मुख्यमंत्री सहित 18 है)। वह रेवंत रेड्डी की कैबिनेट में पहले मुस्लिम मंत्री बने है। सत्ताधारी पार्टी को पहले मुस्लिम मंत्री न होने के कारण आलोचना झेलनी पड़ रही थी। 2023 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के सभी प्रमुख मुस्लिम उम्मीदवार हार गए थे। यह कदम मुसलमानों तक पहुंचने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है, जो जुबली हिल्स में मतदाताओं का लगभग 30 प्रतिशत हैं।

वहीं भाजपा ने चुनाव आयोग से कैबिनेट विस्तार की इजाजत न देने की अपील की थी, क्योंकि उनका मानना है कि अजहरुद्दीन को उपचुनाव में वोटर्स के एक खास ग्रुप को खुश करने के लिए मंत्री बनाया जा रहा है, जो मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन है।

कैबिनेट गठन की प्रक्रियाः गठन 7 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और 11 मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ हुआ था। 8 जून को तीन मंत्रियों को शामिल करके विस्तार किया गया था, लेकिन तीन पद खाली रखे गए थे।

अजहरुद्दीन का राजनीतिक इतिहासः 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए और उसी साल उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए। 2014 में राजस्थान के टोंक-सवाई माधोपुर से चुनाव लड़े, पर हार गए। 2018 में तेलंगाना कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## बेमौसम बारिश से यूपी के 20 शहरों में फसलें बर्बाद... योगी सरकार ने सर्वे करने के दिए आदेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी, बलिया, मऊ सहित लगभग 20 शहरों में तूफान मोन्था के कारण बेमौसम बारिश हो रही है। इसकारण इन जिलों में खेतों में पानी भर गया है, जिससे कटी पड़ी धान की फसलें बर्बाद हो रही हैं। बलिया और मऊ जैसे जिलों में किसान भीगी फसलों को ऊंची जगहों पर ले जाने को मजबूर हैं। मऊ में एक किसान ने बताया कि उसकी लगभग 70 प्रतिशत फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसानों के अनुसार, इतना ही नहीं पशुओं का दाना-चारा सब खराब हो गया है। मोन्था के कारण आई तेज हवाओं से खड़ी धान की फसलें गिर गई हैं, और भीगी फसल में दाने खराब होने और फफूंद लगने की आशंका है। वहीं उत्तरप्रदेश के वाराणसी में बीते 30 घंटों से रिमझिम बारिश हो रही है और लुढ़कते पारे ने 8 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिससे वाराणसी में अक्टूबर सबसे ठंडा महिना साबित हुआ है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में लगातार तीसरे दिन सूरज के दर्शन नहीं हुए। बनारस के अलावा प्रयागराज, गोंडा, अयोध्या, जौनपुर, गाजीपुर और आजमगढ़ में भी बारिश हो रही है। जिससे आमजन को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को अपनी खराब होती धान की फसलों को लेकर चिंता सता रही है। किसानों को डर हैं कि ये बारिश का दौर यदि कुछ दिन और चल गया तब बची हुई फसल भी बेकार हो सकती है। वहीं किसानों की फसल को हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सर्वेक्षण कराकर आपदा से प्रभावित किसानों को मुआवज़ा देने का निर्देश दिया है। यह बारिश गेहूं, चना, मसूर, मटर और सरसों की बुआई के लिए अच्छी है, क्योंकि मिट्टी में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे बुआई आसान होगी और अंकुरण अच्छा होगा। लेकिन ये बारिश धान के लिए काल बन गई है।




## मेरा दाऊद इब्राहिम से दूर-दूर तक लेना देना नहीं, पर वह आतंकवादी नहीं था

**-अभिनेत्री से साध्वी बनी ममता के बयान से सोशल मीडिया पर मची हलचल**

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेत्री से साध्वी बनी ममता कुलकर्णी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। ग्लैरस भरी जिंदगी छोड़ अध्यात्मिक राह पर चली ममता अपने बयानों को लेकर चर्चा बटोरती हैं। हाल ही में वह डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर दिए बयान को लेकर खबरों में हैं। हाल ही में जब उनसे गोरखपुर में डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मेरा दाऊद से दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं था। किसी एक का नाम जरूर था, लेकिन आप देखोगे उसने कोई बम ब्लास्ट या एंटी नेशनल चीज नहीं की थी। देश के अंदर, मैं उनके साथ तो नहीं हूं...वह आतंकी नहीं था, जिनके साथ आप मेरा नाम लेते हो, उन्होंने मुंबई में बम ब्लास्ट नहीं किया। दाऊद को मैं अपने जीवन में कभी नहीं मिली। इस बयान के बाद ममता कुलकर्णी सुर्खियों में हैं।

दरअसल, ममता कुलकर्णी का नाम विक्की गोस्वामी के साथ जुड़ा रहा है, माना जा रहा है कि डॉन दाऊद के सवाल पर विक्की गोस्वामी का नाम लिए बिना कहा कि वो आतंकवादी नहीं थे। ऐसे में



दाऊद इब्राहिम के समर्थन में ममता के चौकाने वाले बयान ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है।

अपने ही बयान पर ममता कुलकर्णी ने सफाई देते हुए कहा कि बयान को ठीक तरीके से सुने और साधु-संत विवेक का इस्तेमाल करें। उनका नाम कभी दाऊद से नहीं जुड़ा... कुछ समय के लिए विक्की गोस्वामी से जुड़ा था, लेकिन उसका नाम कभी देश विरोधी गतिविधियों में नहीं आया। बता दें ममता महामंडलेश्वर यमाई किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी किन्नर के साथ गोरखपुर में एक कार्यक्रम का हिस्सा बनी। 90 के दशक में अपनी खूबसूरती और एक्टिंग से सबका दिल जीतने वाली ममता कुलकर्णी अब संन्यास ले चुकी हैं और अब महामंडलेश्वर यमाई ममता नंदगिरी बन गई हैं।

# सरदार पटेल ने एकजुट करके आधुनिक भारत का स्वरूप प्रदान किया: कुमार विश्वास

**नोएडा (एजेंसी)।** सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर कवि कुमार विश्वास ने आधुनिक भारत के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के नक्शे को निर्माण करने की दिशा में सरदार वल्लभ पटेल ने उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन नीति नियंताओं की वजह से इस देश को विभाजित करना पड़ा था। ऐसी स्थिति में भारत को एकजुट करने की दिशा में सरदार पटेल के योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कुमार विश्वास ने कहा कि भारत की आजादी के बाद जिस तरह से सभी रियासतों को सरकार पटेल ने एकजुट करके आधुनिक भारत का स्वरूप प्रदान किया, उसे देश कभी नहीं भूल सकता है। आज हम उन्हीं की स्मृति में दौड़ रहे हैं। हम



यह कामना करते हैं कि जिस गति के साथ हमारा देश मौजूदा समय में प्रगति कर रहा है, आगे भी उसी गति के साथ प्रगति करता रहे। देश की प्रगति के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत पर भी कुमार विश्वास ने खुशी जताते हुए कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। बेटियां हमेशा से ही भारत का नाम ऊंचा करती आई हैं। बेटियों ने देश के लोगों को गौरवान्वित किया है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

मिस यूनिवर्स शेरी सिंह ने भी सरदार पटेल की जयंती पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हमारे देश में विवधिता के बावजूद भी एकता बनी रहे। यह हमारी ताकत है। मैं यही चाहूंगी कि हमारे घर की बेटियां खुले आसमान में आगे बढ़े। उन्हें बंधनमुक्त समाज मिले। उन्हें भी आगे बढ़ने की संभावना मिले। यूट्यूबर अमित भड़ाना ने सरकार पटेल की जयंती पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि इस खास मौके पर नोएडा में इतने बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को भी जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी महिला क्रिकेट टीम ने शानदार जीत हासिल की है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मैच दिलचस्प रहा। भारतीय महिला टीम की जीत उनके सशक्तिकरण का प्रतीक है। सभी महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। गायक गिरिक अमन ने सरदार पटेल की जयंती पर नोएडा पुलिस की तरफ से आयोजित किए गए रन फॉर यूनिटी की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन में शामिल हुए सभी युवाओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है, जो कि हम सभी लोगों के लिए अच्छी बात है। मैं तो चाहता हूं कि इसी तरह का आयोजन आगे भी होते रहे। हमारी ख्वाहिश है कि हमारा भारत सोने की चिड़िया बने।

## बुजुर्ग ने रोकी राबड़ी की कार, कहा- आप राघोपुर को सौतेला मानते हैं, आपदा में भी नहीं आए

पटना (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है। यहां अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी घर घर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कोशिश के चलते पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी राजद की परंपरागत सीट राघोपुर पहुंची और राजद के लिए वोट मांगे। इसी दौरान एक बुजुर्ग ने उनकी कार रोकी और कहा कि अब चुनाव आ गए है तो वोट मांगने आप लोग आ गए। उस वक्त कहां थे जब हम लोग बाढ की आपदा से जूझ रहे थे। आप लोग राघोपुर को सौतेला बेटा मानते हैं क्या? इस राबड़ी देवी हाथ जोड़ती नजर आईं और जनता के गुस्से के देखते हुए बिना कुछ बोले आगे बढ़ गईं। वायरल वीडियो ने सबका ध्यान खींच लिया है! राबड़ी देवी, जो अपने बेटे तेजस्वी यादव के लिए प्रचार करने राघोपुर पहुंची थीं, उन्हें जनता के तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। राघोपुर सीट लालू परिवार का परंपरागत गढ़ मानी जाती है। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी यहां से कई बार विधायक रह चुके हैं, और तेजस्वी यादव भी 2015 से इसी सीट से चुनाव जीतते आए हैं। लेकिन इस बार हालात कुछ बदले-बदले नज़र आ रहे हैं। राबड़ी देवी ने समझाने की कोशिश करते हुए कहा, राघोपुर बिहार का सबसे प्यारा विधानसभा क्षेत्र है। लेकिन बुजुर्ग का गुस्सा शांत नहीं हुआ, उन्होंने जवाब दिया - तेजस्वी बाढ़ में नहीं, सिर्फ चुनाव में घूमते हैं! स्थिति को भांपते हुए राबड़ी देवी ने शांत भाव से बुजुर्ग की बातें सुनीं और हाथ जोड़कर आगे बढ़ गईं।

# राज ठाकरे ने शिंदे को दी चुनौती कहा- अगर नमो सेंटर बनाए गए तो हम तोड़ देंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** कभी हिंदी के नाम पर तो कभी बाहरी के नाम पर आए दिन मारपीट और थप्पड़बाजी के लिए पहचान बना चुकी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना यानी मनसे ने अब एक नया मसला प्रकट किया है। मसला ये है कि खुद मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा है कि अगर ऐतिहासिक किलों पर नमो पर्यटन केंद्र बनाए गए, तो उन्हें तोड़ देंगे। खबरें थी कि राज्य सरकार ने ऐसे केंद्रों के लिए 20 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसके अलावा ठाकरे ने चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल पर भी सवाल उठाए हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में ठाकरे ने मनसे कार्यकर्ताओं से कहा, कुछ अखबारों में खबरें छपी हैं कि राज्य सरकार हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों पर नमो टूरिज्म सेंटर्स बनाने की योजना बना रही है। यह शहरी विकास विभाग के तहत हो रहा है, जो एकनाथ शिंदे की अगुवाई है। उन्हें एक नमो केंद्र बनाने दो, हम उसे तबाह कर देंगे। ये आम स्थल नहीं हैं। ये स्थल महाराष्ट्र के लिए



पवित्र हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिंदे को लेकर उन्होंने कहा, सिर्फ उपमुख्यमंत्री बने रहने के लिए कितनी चापलूसी की जरूरत है? शायद प्रधानमंत्री को भी अंदाजा नहीं है कि यहां कितनी चटुकारिता हो रही है।

**ईवीएम के मुद्दे पर उद्धव के साथ खड़े है राज**

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और मनसे अध्यक्ष राज सहित महाविकास अघाडी के शीर्ष नेता मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं के खिलाफ मुंबई में एक नवंबर को होने वाले विपक्ष के विरोध मार्च का नेतृत्व करेंगे। गुरुवार को उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे और पवार ने यहां एक बैठक की, जिसमें संयुक्त रैली की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। इस बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता नसीम खान, शेतकरी कामगार पक्ष के जयंत पाटिल और वामपंथी दलों के नेता भी मौजूद थे।

**विरोध मार्च का समर्थन करेगी कांग्रेस**

पूर्वी महाराष्ट्र में गृहनगर बुलढाणा में पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि उनकी पार्टी विरोध मार्च का पूरी तरह से समर्थन करती है। हालांकि, खुद मार्च में भाग लेने के सवालों को वह टाल गए। सपकाल ने कहा, कोई एक नेता महत्वपूर्ण नहीं हैं। जो भी जाएगा, वह पार्टी का प्रतिनिधित्व करेगा। महत्वपूर्ण बात मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित करने और उन्हें अपडेट करने की मांग है। यह मुद्दा (मतदाता सूचियों में अनियमितताओं का) सबसे पहले कांग्रेस ने उठाया था।

# साल 2025 में अब तक 2,790 भारतीयों को अमेरिका से भारत भेजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को ट्रंप प्रशासन ने वापस भारत भेज दिया है। साल 2025 में अब तक 2,790 भारतीयों को अमेरिका से वापस भेजा गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ये व्यक्ति मानदंडों को पूरा नहीं करते थे और वहां अवैध रूप से रह रहे थे। उन्होंने कहा, इस साल जनवरी से अब तक हमारे पास ऐसे लगभग 2,790 से अधिक भारतीय नागरिक हैं जो मानदंडों को पूरा नहीं करते थे। वे वहां अवैध रूप से रह रहे थे। हमने उनकी साख और राष्ट्रीयता की जांच की। वे लौट आए हैं।

प्रवक्ता जायसवाल ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मामले की जांच की गई ताकि व्यक्ति की भारतीय राष्ट्रीयता की पुष्टि हो सके, उसके बाद ही प्रत्यावर्तन किया गया। उन्होंने कहा, हमने उनकी साख और राष्ट्रीयता की जांच की, उसके बाद



वे लौटे। उन्होंने जोर दिया कि निर्वासन भारत और अमेरिकी अधिकारियों के बीच स्थापित कानूनी और कूटनीतिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए किए गए।

अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करने वाले भारतीय नागरिकों की संख्या में तेज गिरावट आई है, जो चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा की ओर से यह जानकारी दी गई। अक्टूबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच अमेरिकी अधिकारियों ने बिना अनुमति के देश में प्रवेश करने की कोशिश करने वाले 34,146 भारतीयों को हिरासत में लिया, जो पिछले वित्तीय वर्ष में दर्ज 90,415 हिरासतों से 62 प्रतिशत की गिरावट है। 28 अक्टूबर को जारी रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने इसे ऐसी घटनाओं में तेज और निरंतर गिरावट बताया है।एमईए प्रवक्ता ने यूनाइटेड किंगडम से निर्वासन के सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस साल सत्यापन के बाद लगभग 100 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा गया है। उन्होंने कहा, यूके की ओर से इस साल हमारे पास लगभग 100 भारतीय नागरिक हैं जिन्हें उनकी राष्ट्रीयता की हमारी ओर से उचित जांच के बाद निर्वासित किया गया है। भारत और उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के बीच अवैध प्रवेश और वीजा ओवरस्टे का मुद्दा गरमाया हुआ है। ये आंकड़े अवैध प्रवासन को अधिक प्रभावी ढंग से रोकने के चल रहे प्रयासों को उजागर करते हैं।

# अब राफेल होगा और अधिक शक्तिशाली, वायूसेना को मिलेंगी मेटेओर मिसाइल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर में मिली बड़ी कामयाबी के बाद भारतीय वायुसेना में और जेश भर गया है। इसके बाद से सेना के अपडेट होने की गति भी बढ़ी है। इसी कड़ी में अब भारतीय वायुसेना अब अपनी मारक क्षमता को और मजबूत करने जा रही है। जल्द ही बड़ी संख्या में 'मेटेओर एयर-टू-एयर मिसाइलें खरीदने की योजना बना रही है। ये मिसाइलें भारत की बियॉन्ड-विजुअल-रेंज (बीवीआर) क्षमता को नई ऊंचाई देंगी। इन यूरोपीय निर्मित मिसाइलों में रैमजेट प्रणोदन प्रणाली है, जो इन्हें उच्च गति, लंबी मारक दूरी और 'पहला वार, पहली जीत में दक्षता प्रदान करती है।बता दे कि पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना पाकिस्तान को नाक से चने बीनने को मजबूर कर दिया था।

एमबीडीए कंपनी से इन मिसाइलों की खरीद का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय में विचाराधीन बताया जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, जल्द ही उच्चस्तरीय बैठक में इसे मंजूरी मिलने की संभावना है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास 2016 में फ्रांस से खरीदे गए 36 राफेल लड़ाकू विमानों पर पहले से ही मेटेओर मिसाइलें तैनात हैं। आने वाले वर्षों में भारतीय नौसेना के लिए आदेशित 26 राफेल मरीन जेट्स में भी इन मिसाइलों को शामिल किया जाएगा। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, मेटेओर मिसाइलों की नई खेप मिलने के बाद भारत की हवाई सीमा सुरक्षा और दुश्मन पर दूर से प्रहार करने की क्षमता में गुणात्मक वृद्धि होगी।

भारत ने विदेशी मिसाइलों के साथ-साथ अपनी स्वदेशी मिसाइल प्रणाली को भी सशक्त करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। डीआरडीओ वर्तमान में 700 से अधिक 'अस्त्र मार्क-2' मिसाइलें विकसित कर रहा है, जिनकी मारक क्षमता 200 किलोमीटर से अधिक होगी। इन्हें सुखोई-30 और तेजस विमानों पर लगाया जाएगा। वहीं, राफेल बेड़े को मेटेओर मिसाइलों के साथ-साथ भविष्य में स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइलें देने की भी योजना है। बता दें कि मई में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों और आतंकी अड्डों को सटीक हमलों में नष्ट कर दिया था। भारतीय लड़ाकू विमानों ने लंबी दूरी से दुश्मन ठिकानों को निशाना बनाया, जिसके बाद पाकिस्तानी वायुसेना ने चीनी पीएल-15 मिसाइलों से जवाबी हमला किया, लेकिन कोई उल्लेखनीय नुकसान नहीं पहुंचा सकी। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान ने बड़ी संख्या में चीनी पीएल-15 मिसाइलें दागीं मगर वे भारतीय विमानों को हिट करने में नाकाम रहीं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**